RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 34 ■ अंक 60 ■ मुंबई, शुक्रवार 26 सितंबर 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह



उत्तर प्रदेश भारत का विकास इंजन

पेज-4



अखिलेश यादव बोले- जाति हमारा इमोशनल कनेक्ट है

पेज-6



वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा

पेज-9

शारदीय नवरात्रि पांचवां दिन

मां स्कंदमाता



पूजा मंत्र :

*सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।*
*शुभदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी॥*

पेज-8

## Short News एक नजर

### टैक्सपेयर्स के लिए बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** CBDT ने पहले करदाताओं को रिपोर्ट फाइल करने की समय सीमा निर्धारित की थी, लेकिन बढ़ते काम के दबाव और प्रशासनिक कारणों से इसे आगे बढ़ाया गया, टैक्सपेयर्स के लिए राहत भरी खबर है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने टैक्स ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। अब करदाताओं को अपनी ऑडिट रिपोर्ट जमा करने की नई समय सीमा 31 अक्टूबर 2025 तक दी गई है।

### भारत-अमेरिका के बीच बातचीत अंतिम चरण में: शाह

**मुंबई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऐसे वक्त में जब कई



विकसित देश मंदी का सामना कर रहे हैं, भारत में एफडीआई में 14% की बढ़ोतरी हुई है। भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में शाह ने कहा, "भारत-अमेरिका के बीच बातचीत अंतिम चरण में है। भारत सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि अर्थव्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे। एक हफ्ते के अंदर, चीजें स्पष्ट हो जाएंगी।" शाह ने कहा कि भारत के युवा विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### पाकिस्तान ने भारत से संघर्ष को स्कूल सिलेबस में जोड़ा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अपनी स्कूल बुक्स में मई में भारत के साथ हुए चार दिन के संघर्ष पर नया सिलेबस शामिल किया है, जिसमें तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। इन किताबों में दावा किया गया है कि भारत ने बिना किसी कारण के 7 मई 2025 को पाकिस्तान पर हमला किया और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का झूठा आरोप लगाया। पाकिस्तानी किताबों में दावा किया गया है कि भारत ने युद्ध शुरू किया, पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई में भारत के 4 राफेल फाइटर जेट्स और कई हवाई ठिकानों को तबाह कर दिया। अभी यह साफ नहीं है कि ये किताबें किस क्लास की हैं।

### फल्गु नदी में डूबने से 5 छात्रों की मौत



**बेलागंज (गयाजी)।** बिहार के गयाजी जिले में गुरुवार को एक दुखद हादसे में 5 स्कूली छात्रों की जान चली गई। बेलागंज और खिजरसराय की सीमा पर स्थित पनारी पुल पर फल्गु नदी में डूबने से इनकी मौत हो गई। ये सभी बेलागंज के वाजितपुर गांव के रहने वाले थे। परीक्षा देने के बाद वे गुरुवार दोपहर को फल्गु नदी में नहाने गए थे।

---

सोनम वांगचुक पर केंद्र का बड़ा एक्शन


# विदेश से फंडिंग लेने वाला लाइसेंस रद्द

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

सरकार ने लद्दाख कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गैर-लाभकारी संस्था का एफसीआरए पंजीकरण रद्द कर दिया है। आरोप है कि एनजीओ के लिए विदेशी फंडिंग से संबंधित कानून का 'बार-बार' उल्लंघन किया गया। यह रद्दीकरण वांगचुक के नेतृत्व में केंद्र शासित प्रदेश में राज्य के दर्जे की मांग को लेकर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के 24 घंटे बाद हुआ है।

इससे पहले सीबीआई ने वांगचुक के स्थापित संस्थानों से जुड़े विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम (एफसीआरए) के कथित उल्लंघन की जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने कहा, 'सोनम वांगचुक की ओर से एफसीआरए उल्लंघन की जांच प्रारंभिक जांच के तौर पर कुछ समय से चल रही है, लेकिन



इस मामले में अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।'

लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने एक बयान में कहा कि उपद्रवियों ने युवाओं को भड़काकर हिंसा भड़काई। गुप्ता ने कहा कि जब भीड़ ने सीआरपीएफ के एक वाहन में आग लगा दी और वाहन के अंदर मौजूद जवानों को जिंदा जलाने का इरादा किया, तो सुरक्षा बलों को आत्मरक्षा में गोली चलानी पड़ी।

### गृह मंत्रालय ने क्या लगाया आरोप?

गृह मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान जारी कर सोनम वांगचुक पर युवाओं को हिंसा के लिए भड़काने का आरोप लगाया, जबकि उन्होंने खुद 24 सितंबर को अपना अनशन तोड़ने का फैसला किया था।

### वांगचुक ने क्या कहा?

लगभग 10 दिन पहले, सीबीआई की एक टीम लेह पहुंची थी और उन्हें बताया था कि हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स लद्दाख (HIAL) में संभावित FCRA उल्लंघनों के संबंध में गृह मंत्रालय से एक शिकायत मिली है। सीबीआई टीम ने उन्हें बताया कि उन्होंने विदेशी धन प्राप्त करने के लिए FCRA के तहत मंजूरी नहीं ली है। वांगचुक ने कहा, 'मुझे बलि का बकरा बनाया जा रहा है। इससे हालात सुधरेंगे नहीं, बल्कि और बिगड़ेंगे।'

---

# PM मोदी ने CM योगी को सराहा

## पिछले कुछ सालों से यूपी की विकास पथ पर तेज रफ्तार

**महानगर नेटवर्क**

**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2025 का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी सरकार की जमकर सराहना की। उन्होंने इस भव्य आयोजन को प्रदेश के विकास की नई दिशा बताते हुए निवेशकों, व्यापारियों और उद्यमियों से यूपी में निवेश करने का आह्वान किया।

पीएम मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी तेजी के साथ प्रगति कर रहा है। यूपी न केवल कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर में अग्रणी है, बल्कि विनिर्माण, पर्यटन और रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर भारत का मजबूत स्तंभ बन चुका है। इस ट्रेड शो में 150 देशों के भागीदारों की मौजूदगी का जिक्र करते हुए पीएम मोदी



ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री योगी और उनकी सरकार के सभी साथियों को और सभी स्टेकहोल्डर को इस आयोजन के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

### यूपी में कनेक्टिविटी की क्रांति हुई

ट्रेड शो के उद्घाटन समारोह में पीएम मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर अंत्योदय के सिद्धांत को याद करते हुए यूपी के विकास मॉडल को इसका जीवंत उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि अंत्योदय का अर्थ है गरीब से गरीब तक विकास पहुंचाना और यूपी सरकार का प्रयास इसी दिशा में है। बीते कुछ वर्षों में यूपी में कनेक्टिविटी की जो क्रांति हुई है, उसने लॉजिस्टिक कॉस्ट को बहुत कम कर दिया।

### आम जनता को मिलेगी टैक्स से राहत

अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से जीएसटी में हाल में किए गए सुधारों को महत्वपूर्ण बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता को भरोसा दिलाया है कि अर्थव्यवस्था और मजबूत होगी, जिससे करों का बोझ घटेगा और लोगों की बचत में बढ़ोतरी होगी।

उन्होंने वैश्विक चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया में अनिश्चितता व भटकाव के बावजूद भारत की ग्रोथ आकर्षक है। भटकाव में भी हम नई दिशा खोजते हैं। भारत आने वाले दशकों की नींव मजबूत कर रहा है और 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। इसका मंत्र आत्मनिर्भर भारत है। जो देश दूसरों पर निर्भर रहेंगे, उन्हें अपनी तरक्की से समझौता करना पड़ेगा। दूसरे देशों पर निर्भरता से बड़ी विवशता नहीं हो सकती। हमें निर्भरता मंजूर नहीं है, भारत को आत्मनिर्भर बनना ही होगा। चिप से शिप तक देश में बनाना होगा। जो भारत में बन सकता है, उसे यहीं बनाना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, सरकार ने नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफार्म लागू किए हैं, जिससे ढाई लाख करोड़ रुपये बचेगा, इसलिए देश बचत उत्सव मना रहा है। जीएसटी में बदलाव भारत को तरक्की देने वाले पंख हैं। उन्होंने कहा कि हम आगे भी आर्थिक मजबूती लाएंगे, जैसे-जैसे आर्थिक मजबूती आती जाएगी, टैक्स का बोझ कम होता जाएगा और लोगों की बचत बढ़ती जाएगी।

---

# वोटों की गिनती का नया सिस्टम

> जब तक सभी पोस्टल बैलेट नहीं गिने जाएंगे, तब तक EVM के आखिरी राउंड की काउंटिंग नहीं होगी



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने वोटों की गिनती के नियमों में बदलाव किया है। अब पोस्टल बैलट की गिनती में अगर देरी होती है तो EVM काउंटिंग रोक दी जाएगी। साथ ही बैलट ज्यादा होने पर काउंटिंग टेबल भी बढ़ाई जाएंगी।

दरअसल काउंटिंग के दिन बैलट की गिनती सुबह 8:00 बजे शुरू होती है, जबकि EVM काउंटिंग 8:30 बजे की जाती है। अभी तक यह होता था कि कई सेंटर पर मशीन से काउंटिंग जल्दी पूरी हो जाती थी, जबकि बैलट में समय लगता था। अब चुनाव आयोग के नए नियम के अनुसार, बैलट की गिनती बाकी होने पर EVM के सेकेंड लास्ट राउंड की काउंटिंग को रोक दिया जाएगा। तब तक बैलट की काउंटिंग को पूरा करना होगा। इलेक्शन कमीशन ने गुरुवार को प्रेस नोट जारी करके इसकी जानकारी दी। नए नियम की शुरुआत बिहार विधानसभा चुनाव से होगी।

**आसान भाषा में समझिए....**

मान लीजिए किसी बूथ पर ईवीएम मशीनों में 10 हजार वोट डाले गए हैं। इन्हें 5 राउंड में पूरा गिना जा सकता है। लेकिन बैलट वोट 1 हजार हैं और उनकी काउंटिंग में समय लग रहा है। तो ईवीएम काउंटिंग को चौथे राउंड पर रोक दिया जाएगा। जब तक कि बैलट के वोटों की गिनती पूरी न हो जाए।

---

# शाहरुख के खिलाफ मानहानि का केस

## समीर वानखेड़े ने लगाया छवि खराब करने का आरोप

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

शाहरुख खान और उनकी पत्नी गौरी खान कानूनी पचड़े में फंस गए हैं। आईआरएस समीर वानखेड़े ने उनके खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में मानहानि का केस दर्ज कराया है। वानखेड़े का आरोप है कि नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में उनकी व्यक्तिगत और पेशेवर छवि को नुकसान पहुंचाया गया है।

पूर्व नारकोटिक्स अधिकारी समीर वानखेड़े ने आर्यन खान द्वारा निर्देशित नेटफ्लिक्स सीरीज, 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में अपने किरदार को लेकर, नेटफ्लिक्स और शाहरुख खान के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

वानखेड़े ने शाहरुख खान और उनकी



कंपनी और 'The Ba***s of Bollywood' के निर्माता रेड चिलीज एंटरटेनमेंट से 2 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगा है, जिसे वो कैंसर रोगियों के इलाज के लिए टाटा मेमोरियल कैंसर अस्पताल को दान करने का दावा करते हैं।

### समीर वानखेड़े का बयान

समीर वानखेड़े द्वारा जारी बयान में बताया गया है कि वानखेड़े ने अभिनेता शाहरुख खान और गौरी खान की कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स और अन्य के खिलाफ स्थायी और जरूरी रोक, घोषणा और मुआवजा की मांग की है। वे रेड चिलीज द्वारा बनाई गई और नेटफ्लिक्स पर टीवी सीरीज "द बैड्स ऑफ बॉलीवुड" के हिस्से के रूप में दिखाए गए एक झूठे, बुरी नीयत से बनाए गए और मानहानिकारक वीडियो से आहत हैं।" बयान में आगे ये भी बताया गया है कि यह सीरीज नशे के खिलाफ काम करने वाली एजेंसियों को गलत और बुरा दिखाती है, जिससे लोगों का कानून लागू करने वाली संस्थाओं पर भरोसा खत्म हो जाता है। इसके साथ ही उनका कहना है कि इस सीरीज में एक किरदार को 'सत्यमेव जयते' नारा लगाने के बाद अश्लील इशारा करते हुए दिखाया गया है, जो राष्ट्रीय प्रतीक का अपमान है।

---

# मालेगांव ब्लास्ट केस में बरी ले. कर्नल पुरोहित का प्रमोशन

**नई दिल्ली।** 2008 मालेगांव ब्लास्ट में बरी किए जाने के बाद लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद श्रीकांत पुरोहित को कर्नल के पद पर प्रमोशन मिल गया है। ये प्रमोशन उन्हें 17 साल के लंबे इंतजार के बाद मिला।



31 जुलाई 2025 को मुंबई की स्पेशल कोर्ट ने कर्नल पुरोहित समेत मामले के सभी आरोपियों को बरी कर दिया था। इस ब्लास्ट में 6 लोगों की मौत हो गई थी तो वहीं 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। कुछ दिन पहले ही मालेगांव ब्लास्ट केस में कोर्ट के फैसले के बाद ऐसी जानकारियां आई थीं कि सेना ने लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित के कैरियर पर पिछले 16 साल से लगा डिसिप्लिन एंड विजिलेंस (DV) बैन हटा दिया है। इससे उनके प्रमोशन और बाकी सर्विस बहाल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। केस में आरोपी बनने के बाद जब उन्हें गिरफ्तार किया गया तो उन पर DV बैन लगा दिया गया था।

---

# भाजपा ने 3 राज्यों के लिए चुनाव प्रभारी नियुक्त किए

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भाजपा ने गुरुवार को बिहार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए हैं। बिहार के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को चुनाव प्रभारी, उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को सह-प्रभारी बनाया है।

वहीं, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव का प्रभारी और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब को सह प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा तमिलनाडु में



भाजपा सांसद बैजयंत पांडा को प्रभारी और मुरलीधर मोहोल को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

बिहार में अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं, यहां फिलहाल नीतीश कुमार की JDU और भाजपा गठबंधन की सरकार है। वहीं, 2026 में मार्च से मई के बीच पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में चुनाव होंगे। बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी TMC और तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) सत्ता में है।

---

# ट्रेन से अग्नि-प्राइम मिसाइल का टेस्ट

## स्पेशल ट्रेन बनाई; रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया के बाद भारत चौथा देश बना

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारत ने बुधवार की देर रात रेल पर बने मोबाइल लॉन्चर सिस्टम के जरिए अग्नि-प्राइम मिसाइल की टेस्टिंग की। यह कैनिस्टराइज्ड लॉन्चिंग सिस्टम से लॉन्च की गई। इसके लिए ट्रेन को विशेष रूप से डिजाइन किया गया। यह ट्रेन देश के हर उस कोने तक जा सकती है, जहां रेल लाइन मौजूद है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने इसकी जानकारी दी। टेस्ट ओडिशा के चांदीपुर इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से किया गया। इस टेस्ट ने भारत को उन चुनिंदा देशों के ग्रुप में शामिल कर दिया है जिनके पास रेल नेटवर्क से मिसाइल लॉन्च करने वाला कैनिस्टराइज्ड लॉन्चिंग सिस्टम है। भारत से पहले रूस, चीन और नॉर्थ



कोरिया मोबाइल रेल लॉन्चर का टेस्ट कर चुके हैं। लिस्ट में अमेरिका का नाम भी शामिल है, लेकिन उसने पुष्टि कभी नहीं की। अग्नि प्राइम मिसाइल 2000 किलोमीटर तक की मारक क्षमता के लिए डिजाइन की गई है। जो एडवांस्ड फीचर से लैस है।

### यह मिसाइल टेस्ट भारत के लिए महत्वपूर्ण क्यों...

यह मिसाइल टेस्ट भारत के लिए बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि किसी भी युद्ध के दौरान सेना को लॉन्चिंग पॉइंट तक जाने वाली रेल लाइन की जरूरत होती है। कुछ मिसाइलों को उनके वजन के चलते मूव करना आसान नहीं होता था। अब यह परिदृश्य बदल जाएगा।

---

# 'सर्जिकल स्ट्राइक करेंगे...', आदित्य ठाकरे

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**



महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने वोटर लिस्ट में कथित तौर पर गड़बड़ी के मुद्दे को उठाने के संकेत दिए हैं। ठाकरे ने उनके द्वारा किए जाने वाले खुलासों की तुलना भारतीय सेना के द्वारा पाकिस्तान में की गई सर्जिकल स्ट्राइक से की है। ठाकरे ने 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के दौरान वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों का आरोप लगाया है। आदित्य ने कहा कि उनकी पार्टी को कई खामियां मिली हैं, जिन्हें जल्द ही सामने लाया जाएगा। आदित्य ठाकरे ने कहा कि वह वोटर लिस्ट में मिली गड़बड़ियों के बारे में बताने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तरह ही प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। ठाकरे ने कहा, "हम अभी जिस डेटा पर काम कर रहे हैं, उसके साथ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। हम इसे एक साथ मिला रहे हैं।" जब उनसे पूछा गया कि क्या वह राहुल गांधी जैसी पत्रकार वार्ता करेंगे, तो उन्होंने कहा, "बिल्कुल।" जब उनसे पूछा गया कि क्या इस साल के अंत में होने वाले नगर निकाय चुनावों से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी, तो ठाकरे ने कहा, "मुझे यह जानकारी लीक नहीं करनी चाहिए। हम 'सर्जिकल स्ट्राइक' का समय नहीं बता सकते।"

---

# छात्राओं को 'I Love You' मैसेज भेजा

## रात में कमरे में बुलाया; आरोपी चैतन्यानंद फरार

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

दिल्ली के वसंत कुंज स्थित श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च में खुद को गॉडमैन बताने वाले स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थसारथी पर कई छात्राओं के यौन उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगा है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी छात्राओं को धमकाकर, अश्लील मैसेज भेजकर और विदेश यात्रा का लालच देकर अपने जाल में फंसाता था। उसने कई बार स्टूडेंट को देर रात कमरे में बुलाया और कम ग्रेड देने की धमकी दी। जांच के दौरान बरामद वॉट्सएप मैसेज में सामने आया कि चैतन्यानंद छात्राओं को 'बेबी', 'आई



लव यू', 'आई अडोर यू' जैसे मैसेज भेजता था। इसके साथ ही उनके बालों और कपड़ों की भी तारीफ करता था।

पुलिस की जांच में सामने आया है कि तीन महिला वार्डन और फैकल्टी भी आरोपी की मदद करती थीं। वे छात्राओं पर दबाव डालकर चैट्स डिलीट करवातीं और उन्हें चुप रहने के लिए कहती थीं। आरोपी अभी फरार है और उसकी आखिरी लोकेशन आगरा में मिली थी। दिल्ली पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।

---

# HAL को 97 तेजस फाइटर जेट का ऑर्डर

## केंद्र ने 62 हजार करोड़ की डील साइन की

**महानगर नेटवर्क**

**हैदराबाद**

केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) को भारतीय वायुसेना के लिए 97 मार्क-1A लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (तेजस फाइटर जेट) बनाने का कॉन्ट्रैक्ट दिया। केंद्र ने HAL के साथ 62,370 करोड़ की डील की है।

HAL को तेजस फाइटर जेट के लिए दूसरी बार ऑर्डर मिला है। इससे पहले, केंद्र ने फरवरी 2021 में 46,898 करोड़ की डील के तहत HAL को 83 मार्क-1A का ऑर्डर



दिया था। इसकी डिलीवरी के लिए कंपनी के पास 2028 तक का समय है। मार्क-1A एयरक्राफ्ट वायुसेना के मिग-21 के बेड़े को रिप्लेस करेगा। इसे पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात करने की योजना है। मिग-21 26 सितंबर को रिटायर हो जाएगा। इसने 62 साल की सर्विस के दौरान 1971 युद्ध, कारगिल और कई बड़े मिशन में अहम भूमिका निभाई थी।

---

# सोनिया गांधी बोलीं- फिलिस्तीन मुद्दा हल करने को भारत आगे बढ़े

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गुरुवार को इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध को लेकर मोदी सरकार की विदेश नीति की आलोचना की। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीन मुद्दे को हल करने के लिए भारत को नेतृत्व करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष पर भारत का रुख बहुत निराशाजनक रहा है। सरकार की गहरी चुप्पी मानवता और नैतिकता के साथ विश्वासघात है। यह भारत की पुरानी विदेश नीति से



भी अलग है।

गांधी ने आरोप लगाया कि इस मुद्दे पर भारत का रुख पीएम नरेंद्र मोदी और इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की निजी दोस्ती से प्रभावित दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि विदेश नीति व्यक्तिगत रिश्तों से तय नहीं होनी चाहिए।

### भारत इजराइल के साथ निवेश कर रहा

गांधी ने बताया कि फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, पुर्तगाल और ऑस्ट्रेलिया समेत दुनिया के 193 में से 150 से ज्यादा देश फिलिस्तीन को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता दे रहे हैं। यह कदम उन फिलिस्तीनी लोगों की सपनों और उम्मीदों को मान्यता देने की ऐतिहासिक शुरुआत है, जो लंबे समय से पीड़ा झेल रहे हैं। दुनिया जब फिलिस्तीन को समर्थन दे रही है, तब भारत ने हाल ही में इजराइल के साथ निवेश समझौता किया।

# पॉड टैक्सी एक मॉडल योजना : एकनाथ शिंदे

## योजना को गति देने के निर्देश



महानगर संवाददाता

**मुंबई**

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि बांद्रा से कुर्ला के बीच प्रस्तावित पॉड टैक्सी देश की एकमात्र योजना है और इसे मॉडल योजना के रूप में लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने योजना को गति देने के निर्देश भी दिए। उपमुख्यमंत्री के निवास पर पॉड टैक्सी संबंधी प्रस्तुतीकरण किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव असीम गुप्ता, प्रधान सचिव नवीन सोना, मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के आयुक्त संजय मुखर्जी, अतिरिक्त आयुक्त अश्विन मुदगल, पुलिस महानिरीक्षक अनिल कुंभारे आदि अधिकारी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि परिवहन सेवा का अगला कदम पॉड टैक्सी है। बांद्रा से कुर्ला के बीच बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) क्षेत्र में यह सेवा महत्वपूर्ण साबित होगी। इस क्षेत्र में भीड़भाड़ बढ़ने वाली है और नागरिकों को यातायात जाम से राहत देने के लिए पॉड टैक्सी एक अच्छा विकल्प होगा। उन्होंने कहा कि यह देश की यह एकमात्र परियोजना होगी, इसे मॉडल प्रकल्प के रूप में लागू किया जाए और इसके काम को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पॉड टैक्सी के लिए बांद्रा से कुर्ला तक 8 किलोमीटर दूरी में 33 स्टेशन होंगे। परियोजना शुरू होने के बाद निजी वाहन धारकों की संख्या में कमी होगी और इसके चलते ट्रैफिक की समस्या कम होगी।

### क्या है पॉड टैक्सी

पॉड टैक्सियों को परिवहन के सबसे आधुनिक साधनों में से एक माना जाता है। पॉड टैक्सी स्वचालित कारें हैं और इन्हें इस तरह से डिजाइन किया जाता है कि वे निश्चित संख्या में यात्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाती हैं। पॉड टैक्सी चलाने के लिए ट्रैक की आवश्यकता होती हैं और ये बैटरी से चलने वाली छोटी कार जैसी टैक्सी है। सड़क पर ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए पॉड टैक्सियों के लिए ट्रैक आमतौर पर अलग से बनाए जाते हैं। ये ट्रैक जमीन पर या एलिवेटेड भी हो सकते हैं।

## सफाई कर्मचारियों की वजह से ही मुंबई वासियों का स्वास्थ्य अच्छा : शिंदे

### अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता अभियान जरूरी

### स्वच्छता कर्मचारी ही असली 'हीरो'

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुरुवार को मुंबई में स्वच्छता अभियान चलाते हुए 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' का नारा देकर स्वच्छता के लिए सामूहिक श्रमदान की शुरुआत की। इस मौके पर शिंदे ने कहा कि मुंबईकरों के स्वस्थ जीवन और स्वच्छ-सुंदर शहर के लिए गहन स्वच्छता अभियान लगातार जारी रहेगा। स्वच्छता कर्मचारी ही असली 'हीरो' हैं और उनकी मेहनत से ही मुंबई स्वच्छ, सुंदर और हरी-भरी दिखाई देती है। शिंदे ने कहा कि स्वच्छता के साथ-साथ मुंबई महानगरपालिका पर्यावरण संरक्षण के लिए भी विभिन्न उपाय लागू कर रही है, जिसे राज्य के अन्य नगर निगमों को इसका अनुसरण करने की सलाह दी।

### हर नागरिक स्वच्छता के लिए पहल करे

सफाई अभियान के दौरान उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि आज पूरे देश के साथ-साथ राज्य में भी 'स्वच्छता के लिए एक घंटा' अभियान शुरू किया जा रहा है। यह अभियान पूरे वर्ष, यानी 365 दिन निरंतर जारी रहना चाहिए। महात्मा गांधी ने कहा था कि स्वच्छता ही स्वतंत्रता है। हम कहते हैं कि स्वच्छता ही सेवा है। इसके लिए सबसे पहले अपने घर, आस-पास और शहर को स्वच्छ रखना जरूरी है। अगर हर नागरिक स्वच्छता के लिए पहल करे, तो देश में क्रांति आ जाएगी। स्वच्छ भारत अभियान के अवसर पर देश में करोड़ों शौचालय बनाए गए। करोड़ों लोगों के घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचा है। स्वच्छता का महत्व समझाने वाला महाराष्ट्र देश का पहला राज्य है। नगरीय विकास विभाग ने लगभग 19 हजार 940 ऐसे स्थानों की पहचान की है, जहां ठोस कचरा डाला जाता है। इनके स्वच्छता लक्ष्य तय किए गए हैं। राज्य भर में स्वच्छता पर 6 हजार 317 जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वच्छता मित्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इसके साथ ही स्वच्छ हरियाली उत्सव भी मनाया जाएगा। इसके साथ ही, 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत प्रभात फेरी, स्वच्छता कर्मी सम्मान, बुनियादी सुविधाओं का समर्पण, श्रेष्ठ कार्यरत स्थानीय स्वशासन निकायों का सम्मान, श्रेष्ठ नागरिक स्वयंसेवकों का सम्मान जैसी विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की जाएगी।



### इनकी रही मौजूदगी

'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' का नारा देकर महात्मा गांधी मार्ग क्षेत्र में सामूहिक श्रमदान किया गया। इस अवसर पर कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, मनपा आयुक्त भूषण गगराणी, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### महालक्ष्मी रेसकोर्स पर बनेगा मुंबई सेंट्रल पार्क'

महालक्ष्मी रेसकोर्स और मुंबई कोस्टल रोड के हिस्से को जोड़कर लगभग 300 एकड़ जमीन पर 'मुंबई सेंट्रल पार्क' विकसित किया जाएगा। आने वाले दो वर्षों में पूरे मुंबई के सड़कों का कंक्रीटीकरण पूरा कर 'गड्ढामुक्त मुंबई' का लक्ष्य हासिल किया जाएगा। विश्वस्तरीय सेंट्रल पार्क की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार हो गई है जल्द ही काम शुरू होने की जानकारी दी। इसी तरह मुंबई की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए सड़कों का कांक्रीटीकरण किया जा रहा है। अगले डेढ़ से दो वर्षों में मुंबई की सभी सड़कों का कांक्रीटीकरण पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि हम इस परियोजना को इस उद्देश्य से लागू कर रहे हैं कि मुंबईकरों को सड़क पर एक भी गड्ढा नहीं मिलेगा।

## मुंबई महानगरपालिका में महायुति सत्ता में आएगी और मुंबई की तस्वीर बदलेगी : मिलिंद देवड़ा



**मुंबई।** पिछले 30 सालों से मुंबई महानगरपालिका सिर्फ अमीर ठेकेदारों के लिए काम कर रही है, ऐसा गंभीर आरोप शिवसेना (शिंदे गुट) के सांसद मिलिंद देवड़ा ने लगाया। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में मुंबई महानगरपालिका चुनाव के बाद तस्वीर बदलेगी। महायुति सत्ता में आएगी और मनपा प्रशासन बेहतर काम करेगा, ऐसा विश्वास देवड़ा ने जताया।

दक्षिण मुंबई की नागरिक समस्याओं को लेकर सांसद मिलिंद देवड़ा ने गुरुवार को मुंबई महानगरपालिका आयुक्त भूषण गगराणी से पालिका मुख्यालय में मुलाकात की और विस्तृत चर्चा की। इस दौरान वर्ली से कोलाबा तक के शिवसेना के प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे। आयुक्तों ने दक्षिण मुंबई की समस्याओं को सुलझाने का आश्वासन दिया। मुंबई महानगरपालिका का चुनाव निकट है। कुछ दिन पहले शिवसेना सांसद रविंद्र वायकर ने भी अपने मतदारसंघ की समस्याओं को लेकर आयुक्त भूषण गगराणी से मुलाकात की थी और उन्हें भी सकारात्मक आश्वासन मिला था।बैठक के दौरान सांसद देवरा ने कहा कि दक्षिण मुंबई के नागरिकों को सड़क, पानी, शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस बैठक में पालिका स्कूलों के पुनर्निर्माण, कोस्टल रोड, महालक्ष्मी रेसकोर्स के सौंदर्यीकरण और हिंदुहृदयसम्राट बाळासाहेब ठाकरे आपला दवाखाना परियोजना पर भी चर्चा हुई।

## एसटी मोबाइल ऐप को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद : सरनाईक

**मुंबई।** राज्य परिवहन महामंडळ (एसटी) से यात्रा करने वाले यात्रियों को सुविधाजनक के लिए मोबाइल ऐप शुरू किया है। इस मोबाइल ऐप का यात्रियों के बीच तेजी से लोकप्रियता बढ़ रही है। अब तक दस लाख के करीब लोग इस ऐप का इस्तेमाल कर रहे हैं। गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने यह जानकारी दी। सरनाईक ने बताया कि एसटी महामंडल ने यात्रियों के सुविधा



को देखते हुए कुछ महीने पहले मोबाइल ऐप में संशोधन कर नया नया ऐप लॉन्च किया था। मोबाइल ऐप शुरू करने का मुख्य उद्देश्य एसटी बस से यात्रा करने वाले यात्रियों को टिकट आरक्षण की सुविधा अच्छी तरह मिल सके। बस डिपो पर जाने की बजाय यात्री अब मोबाइल ऐप से सीधे टिकट खरीद सकें। परिवहन मंत्री ने कहा कि एक अप्रैल से इस नए मोबाइल ऐप को शुरू किया गया था। इस पांच महीने में ही इस ऐप का यात्रियों से भारी प्रतिसाद मिल रहा है। मार्च-2025 में 3 लाख 94 हज़ार यात्री पुराने मोबाइल ऐप का उपयोग कर रहे थे। संशोधित ऐप आने के बाद, मई-2025 में लगभग 6 लाख 72 हज़ार यात्रियों ने नए मोबाइल ऐप का उपयोग किया है, जबकि मौजूदा समय में 10 लाख यात्री ऐप का इस्तेमाल कर रहे है।

## डॉ. काशीनाथ थिएटर का होगा जीर्णोद्धार

**ठाणे।** हीरानंदानी मीडोज क्षेत्र में स्थित डॉ. काशीनाथ घाणेकर थिएटर को अब बड़े पैमाने पर जीर्णोद्धार के लिए बंद किया जाएगा। 15 साल बाद इस थिएटर की मरम्मत का समय आया है और राज्य सरकार ने इसके लिए 5 करोड़ रुपये की निधि मंजूर की है। यह थिएटर लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया था और 2012 में चुनावों से पहले जनता के लिए खोला गया था। मुख्य थिएटर की बैठने की क्षमता 1,095 है, जबकि छोटे थिएटर की क्षमता 182 है।

## त्योहारों के चलते कल से 12 अक्टूबर तक व्यापक निषेधाज्ञा लागू

ठाणे। नवरात्रि, कोजागिरी पूर्णिमा और अन्य सार्वजनिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए ठाणे ग्रामीण जिले में 27 सितंबर 2025 को दोपहर 12 बजे से 12 अक्टूबर 2025 दोपहर 12 बजे तक व्यापक निषेधाज्ञा लागू की गई है। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. श्रीकृष्ण पांचाल ने यह आदेश महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम, 1951 की धारा 37(1)(3) के तहत जारी किया है। आदेश के अनुसार, जिले में राजनीतिक दलों और संगठनों द्वारा मार्च, रैली, धरना, भूख हड़ताल और अन्य विरोध प्रदर्शन किए जाने की संभावना है। इसके अलावा, ऊर्जा मार्ग लिमिटेड कंपनी द्वारा बिजली के तार बिछाने के कार्य को लेकर प्रभावित किसान और स्थानीय लोग विरोध कर सकते हैं। ऐसे में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। निषेधाज्ञा के तहत हथियार, तलवार, भाले, बंदूक, लाठी, चाकू या किसी भी प्रकार का शारीरिक नुकसान पहुंचाने वाला उपकरण ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। इसके अलावा, विस्फोटक सामग्री, पत्थर या मिसाइल रखने, किसी की लाश या आकृति प्रदर्शित करने, सार्वजनिक घोषणाएँ, गीत-संगीत वाद्ययंत्र बजाने, सार्वजनिक भाषण या प्रचार सामग्री फैलाने, और पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक भी शामिल है।

ठाणे ग्रामीण जिले में इस समय नवरात्रि उत्सव 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। जिले में कुल 661 सार्वजनिक मूर्तियाँ और 1728 निजी मूर्तियाँ स्थापित की जाएँगी, जिनका विसर्जन 2 से 4 अक्टूबर तक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, कोजागिरी पूर्णिमा 6 अक्टूबर को मनाई जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी पुलिस स्टेशनों को आदेश का पालन सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्क रहने का निर्देश दिया है। यह आदेश गृह मंत्रालय, संभागीय आयुक्त, पुलिस अधीक्षक ठाणे (ग्रामीण), सहायक आयुक्त, उपविभागीय मजिस्ट्रेट और संबंधित तहसीलदारों को भी सूचित किया गया है।

## हिन्दी केवल संवाद नहीं, भारतीय संस्कृति की आत्मा है : डॉ. दुबे

**मुंबई।** हिन्दी सप्ताह के अवसर पर श्रीमती मणिबेन एम. पी. शाह विमेन्स कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स (स्वायत्त), माटुंगा में हिन्दी दिवस विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रख्यात शिक्षाविद् एवं श्रीमती पी. एन. दोशी विमेन्स कॉलेज, घाटकोपर के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. वेदप्रकाश दुबे ने "हिन्दी भाषा का विकास : संभावनाएँ और चुनौतियाँ" विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. दुबे ने कहा कि हिन्दी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रीय पहचान और भारतीय संस्कृति की आत्मा है। उन्होंने डिजिटल युग में हिन्दी के बढ़ते प्रभाव, उसकी वैश्विक स्वीकार्यता और रोजगार के नए अवसरों पर प्रकाश डालते हुए यह संदेश दिया कि भाषा तभी प्रगतिशील बनती है जब युवा वर्ग उसकी जड़ों से जुड़े रहते हुए आधुनिकता का आलिंगन करे। कार्यक्रम स्वागत वक्तव्य उपप्राचार्य डॉ. अवनीश भट्ट ने की। उन्होंने हिन्दी को राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक गौरव का संवाहक बताते हुए विद्यार्थियों को मातृभाषा के प्रति गर्व की भावना रखने की प्रेरणा दी। आयोजन का सफल संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रशांत देशपांडे ने किया तथा आभार व्यक्त डॉ. संदेशा भावसार ने किया। छात्राओं की उत्साही सहभागिता और संकाय सदस्यों डॉ. वृषाली चौगुले, डॉ. भारती यादव की सक्रिय उपस्थिति से कार्यक्रम अत्यंत गरिमामय और सफल सिद्ध हुआ।

## बोरीवली पश्चिम में धंसी सड़क, टला बड़ा हादसा

**मुंबई।** बोरीवली पश्चिम में गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। सुमन नगर पुल के नीचे स्थित कल्पना चावला चौक पर सड़क का एक हिस्सा अचानक धंस गया। यह घटना सुबह लगभग 6:45 बजे हुई। चौक के बीचों बीच एक बड़ा गड्ढा बन गया। मनपा अधिकारियों को जानकारी स्थानीय लोगों ने दी। जानकारी मिलते ही मनपा ने घटना स्थल को चारो ओर से बैरिकेट किया। सड़क धंसने की घटना चौक के नीचे होने से ट्रैफिक को बड़ी समस्या नहीं हुई। इस तरह की जानकारी सहायक आयुक्त संध्या नांदेडकर ने दी। उन्होंने बताया कि धंसी सड़क का मरम्मत कार्य रात में किया जाएगा।

कल्पना चावला चौक इस इलाके का सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण जंक्शन है। खासकर पीक ऑवर में यहां से बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं। अचानक सड़क धंस जाने से वाहनों और पैदल यात्रियों के लिए खतरा पैदा हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत इलाके को बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया। ट्रैफिक को डायवर्ट कर वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से भेजा जा रहा है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि मरम्मत पूरा होने तक इस मार्ग से बचें।

## अवैध ड्रेनेज और पानी की चोरी करने वालों पर एफआईआर दर्ज

**भिवंडी।** भिवंडी-निजामपुर शहर महानगरपालिका के पानी पुरवठा विभाग ने गुरुवार को अवैध रूप से ड्रेनेज लाइन और पानी के कनेक्शन लेने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। तीन अलग-अलग जगहों पर हुई कार्रवाई में लाखों रुपये के नुकसान की भरपाई के लिए जिम्मेदारों के खिलाफ भोईवाडा पुलिस स्टेशन में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कराया गया है। शहर के धोबी तलाव स्टेडियम के पीछे रोशन बाग इलाके में आसिफ शेख नामक व्यक्ति ने मनपा की पूर्व अनुमति लिए बिना नगर पालिका की सड़क खोदकर इमारत के लिए ड्रेनेज लाइन डालने का काम किया। इस कारण सड़क को करीब 98 हजार रुपये का नुकसान हुआ।

## मौत के टैंकरों पर कब कसेगी नकेल?

**विरार।** वसई विरार शहर में टैंकर चालकों की बेलगाम रफ्तार और लापरवाही ने सड़कों को जानलेवा बना दिया है। आए दिन हो रहे हादसों ने यहां के निवासियों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। ये घटनाएं सिर्फ यातायात की समस्या नहीं, बल्कि एक मानवीय त्रासदी का रूप लेती जा रही हैं। हाल ही में नवरात्रि के पहले दिन विरार में हुई एक दुर्घटना ने इस गंभीर मुद्दे को फिर से सुर्खियों में ला दिया, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई।

पिछले कुछ समय से वसई-विरार में टैंकरों से होने वाले हादसों में लगातार बढ़ोतरी हुई है। 22 सितंबर, 2025 को विरार के चंदनसर इलाके में एक तेज रफ्तार टैंकर ने 55 वर्षीय प्रताप नाइक को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पिछले दो सालों के आंकड़े बताते हैं कि ऐसे कई हादसे हो चुके हैं जिनमें लोगों ने अपनी जान गंवाई है-22 सितंबर 2025ः विरार टैंकर दुर्घटना में प्रताप नाइक (55) की मौत। 31 जुलाई 2025ः नालासोपारा में तेज रफ्तार टैंकर से टक्कर के बाद संदीप खांबे (44) की मौत। 23 फरवरी 2024ः नालासोपारा में बाइक सवार अनिल मनोरथ की मौत। 19 अप्रैल 2024ः विरार के ग्लोबल सिटी में दादी और पोते की मौत।

**खुलेआम तोड़े जा रहे नियम**

प्रशासन ने पुराने, जर्जर और बिना रजिस्ट्रेशन वाले टैंकरों पर प्रतिबंध लगा रखा है। बावजूद इसके ये अवैध टैंकर धड़ल्ले से सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इन टैंकरों में अक्सर पानी का रिसाव होता रहता है, जिससे सड़कें गीली और फिसलन भरी होती हैं। इस कारण खासकर दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने और गिरने की घटनाएं आम हो गई हैं।


**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION**
**Ralpur (C.G.)**

**(First Call)**

**NIT NO: 26/SE/PWD/RMC/25-26** | **RAIPUR DATED: 25.09.2025**

Online bids are invited for the following works of works up to **25/10/25. at 17:30 hours.**

| Name of work/Description of work |
| --- |
| **Redevelopment of old Municipal building complex in Jaistambh chowk Raipur on PPP Mode** |

**Date-Time Detail(s)**

| S No. | Nagar Nigam Stage | Contractor Stage | Start Date | Start Time |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | Bid Start Date | | 25.09.2025 | 17:30 |
| 2 | | Bid Due Date | 25.10.2025 | 17:30 |
| 3 | | Physical Doc Submission End Dates | 27.10.2025 | 17:30 |
| 4 | Bid Open Date (Scheduled) | | 28.10.2025 | 11:30 |
| 5. | Pre Bid Meeting | | 07.10.2025 | 16:00 |

NOTE: - 1. For More Details please download NIT details https://www.nagarnigamraipur.in
2. Office Address Room No 404 Raipur Municipal Corporation Office, Near Gandhi Maidan, Mahatma Gandhi Sadan, (Chhattisgarh)

SD/-
EXECUTIVE ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

*Clean City, Green City, Dream City*



**वसई - विरार शहर महानगरपालिका**

मुख्य कार्यालय, विरार
विरार (पश्चिम)
ता. वसई, जि. पालघर, पिन ४०१ ३०३.

दुरध्वनी : ०२५०-२५२५१०५/०६/२५२९८८८/ २५२९८९०
फॅक्स : ०२५० - २५२५१०७
ई-मेल : vasaivirarcorporation@yahoo.com
जावक क्र. : वविशम/जाहि/४४८/२५-२६
दिनांक : २५/०९/२०२५

**जाहिरात विभाग मुख्यालय, विरार (पश्चिम)**
**जाहीर ई- लिलाव सुचना**

वसई विरार शहर महानगरपालिका क्षेत्रातील महानगरपालिकेच्या जागेवर प्रभाग समिती 'ए' 'बी' 'सी' 'डी' विद्युत 'ई' 'एफ' 'जी' 'एच' 'आय' अंतर्गत येणा या ठिकाणी महानगरपालिकेच्या जागेवरील उभारलेल्या खांबांवर जाहिरात प्रसिध्द करणेचा हक्क ०५ वर्षाच्या कालावधीसाठी (सन २०२५ ते २०३०) जाहिरात क्षेत्रातील इच्छुक अनुभवी व्यक्ती/ संस्था/कंपनी किंवा मालकी / भागीदारी संस्था, नोंदणीकृत सहकारी संस्था यांच्या कडून जाहिर ई- लिलाव मागवित आहे.

या कामाचे कोरे निविदा फॉर्म https://mahatenders.gov.in या अधिकृत संकेत स्थळावर दि. २६/०९/२०२५ रोजी पासुन उपलब्ध होणार आहेत. ई- टेंडरींग बाबत अधिक माहितीसाठी ई- निविदा कक्ष, वसई विरार शहर महानगरपालिका, मुख्यालय येथे संपर्क साधावा.

सही/-
(दिपक सावंत)
अति. आयुक्त (उत्तर)
वसई विरार शहर महानगरपालिका


## प्री-नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य हेतु विशेष यातायात और पावर डे ब्लॉक

मुंबई। कर्जत यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के संबंध में, मध्य रेल, कर्जत स्टेशन पर प्री-नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य हेतु विशेष यातायात और पावर डे ब्लॉक परिचालित करेगा। दिनांक 27.09.2025 (शनिवार) से दिनांक 30.09.2025 (मंगलवार) तक ब्लॉक के परिणामस्वरूप ट्रेनों के परिचालन पर पड़ने वाले प्रभावों का विवरण इस प्रकार हैः ब्लॉक की तिथिः दिनांक 27.09.2025 (शनिवार), 28.09.2025 (रविवार), 29.09.2025 (सोमवार) और 30.09.2025 (मंगलवार), ब्लॉक की अवधिः अप और डाउन पनवेल लाइन पर सुबह 11:20 बजे से शाम 16:20 बजे तक, ट्रैफिक ब्लॉक सेक्शनः नागनाथ केबिन और कर्जत प्लेटफार्म 2 और 3 के बीच, कर्जत प्लेटफार्म -3 - चोक स्टेशन, ब्लॉक अवधि के दौरान उपनगरीय ट्रेनों का परिचालन, ब्लॉक अवधि के दौरान कर्जत और खोपोली के बीच अप और डाउन उपनगरीय सेवाएं उपलब्ध नहीं रहेंगी। दिनांक 27.09.2025 (शनिवार), 28.09.2025 (रविवार) और 29.09.2025 (सोमवार) को चलने वाली ट्रेनों पर प्रभाव डाउन उपनगरीय ट्रेनों का रद्दीकरण, कर्जत से 12.00 बजे, 13.15 बजे और 15.39 बजे प्रस्थान करने वाली कर्जत-खोपोली लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी। अप उपनगरीय ट्रेनों का रद्दीकरण, खोपोली से 11.20 बजे, 12.40 बजे और 14.55 बजे प्रस्थान करने वाली खोपोली-कर्जत लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी। ये रखरखाव मेगा ब्लॉक बुनियादी ढाँचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं।

## लाल बहादुर सिंह पंचतत्व में विलीन

**मुंबई।** मुंबई शहर के प्रमुख उत्तर भारतीय नेता, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी महाराष्ट्र प्रदेश (शरद पवार) के महासचिव, उत्तर भारत कल्याण परिषद के संस्थापक, श्री लालबहादुर शास्त्री मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित स्कूल, कॉलेज के अध्यक्ष एवं कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक लाल बहादुर सिंह (एल. बी. सिंह) का देहांत पवई मुंबई स्थित हॉस्पिटल में 24 सितंबर 2025 को हुआ, वे 62 वर्ष के थे। वह अपने पीछे पुत्र विवेक कुमार सिंह समेत पांच बच्चों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार टैगोर नगर, हिन्दू शमशान में किया गया। इस अवसर पर मुंबई शहर के प्रतिष्ठित राजनेता, उद्योगपति, समाजसेवक सहित भारी संख्या में लोगों ने उपस्थित रहकर



श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिसमें प्रमुख रूप से ईशान्य मुंबई के लोकसभा सांसद संजय पाटील, पूर्व मंत्री नवाब मलिक, विधायक राजहंस सिंह, बीजेपी नेता अखिलेश सिंह, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी उत्तर मध्य मुंबई जिला अध्यक्ष अरशद अमीर, एनसीपी जिलाध्यक्ष धनंजय पिसाल, पूर्व नगरसेवक चंदन शर्मा, नवभारत हिंदी के संपादक ब्रज मोहन पांडे, बीजेपी नेता अमरजीत सिंह, एड. विजय सिंह, आर. डी. यादव (अध्यक्ष स्लम सेल मुंबई), संतोष ठाकुर (भाजपा प्रवक्ता मुंबई), संतोष सिंह (उपाध्यक्ष उत्तर भारतीय मोर्चा महाराष्ट्र), डॉ. राजेंद्र सिंह ट्रस्टी झुनझुनवाला कॉलेज, जे. पी. सिंह उद्योगपती थाना, एड. शशी प्रताप सिंह थाना, एड. राजेश सिंह, एड. कुंवर सिंह, उद्योगपती संजय सिंह, उद्योगपती जयप्रकाश सिंह (बब्बन सिंह), उद्योगपती प्रशांत शर्मा, एड. सुभाष पाल, अशोक सिंह, वीरबहादुर सिंह (गुड्डू सिंह), अजय सिंह, विशाल सिंह, विक्रम सिंह, पारसनाथ यादव, आरजू करखी, हाकिम सिंह, रमेश सिंह, रत्नेश सिंह और समाज के अन्य गणमान्य लोगों ने एल बी सिंह के सुपुत्र विवेक सिंह से मिलकर दुख प्रकट किया एवं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## मरे पर स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 के अंतर्गत श्रमदान की पहल

**मुंबई।** मध्य रेल, महाप्रबंधक, धर्म वीर मीना और रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य (यातायात) देवेंद्र कुमार ने गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा अभियान-2025 के अंतर्गत श्रमदान पहल- एक दिन, एक घंटा, एक साथ का शुभारंभ किया, इस दिन पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती भी मनाई जाती है। मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्म वीर मीना और रेलवे बोर्ड के अतिरिक्त सदस्य (यातायात) देवेंद्र कुमार ने मध्य रेल के अपर महाप्रबंधक, प्रतीक गोस्वामी एवं प्रधान विभागाध्यक्षकों के साथ मिलकर मध्य रेल के नए प्रशासनिक भवन, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई के फुटपाथ की सफाई में श्रमदान किया और

### एक दिन, एक घंटा, एक साथ का शुभारंभ



इस व्यापक स्वच्छता अभियान की प्रतीकात्मक शुरुआत की। मुंबई मंडल के मंडल रेल प्रबंधक हिरेश मीना, मुंबई मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी श्रमदान किया।

रेलवे कर्मचारियों द्वारा जनता में जागरुकता पैदा करने के लिए स्वच्छ रेल, स्वच्छ भारत के नारे के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का समापन महाप्रबंधक द्वारा सभी से रेलवे गतिविधियों के हर पहलू में स्वच्छता को बनाए रखने और बढ़ावा देने की अपील के साथ हुआ। इस अवसर पर, कारखाना कर्मचारियों द्वारा मोटरमैन लॉबी के बाहर उपनगरीय खंड में बनाई गई एक सुंदर रंगोली स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान के तहत अन्य गतिविधियों के साथ-साथ इस विशेष पहल को प्रदर्शित करने के लिए पर्याप्त आकर्षण थी। "स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025" की थीम "स्वच्छोत्सव" है और इसे भारतीय रेल पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक मनाया जा रहा है। यह एक समन्वित 1 घंटे का श्रमदान कार्यक्रम है।

## ट्रेन संख्या 19045/19046

## सूरत-छपरा ताप्ती गंगा एक्सप्रेस का थावे स्टेशन तक विस्तार

मुंबई। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से ट्रेन संख्या 19045/19046 सूरत-छपरा ताप्ती गंगा एक्सप्रेस को थावे स्टेशन तक विस्तारित किया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 19045 सूरत-छपरा ताप्ती गंगा एक्सप्रेस अब थावे स्टेशन तक चलेगी, जबकि ट्रेन संख्या 19046 थावे स्टेशन से ओरिजिनेट होगी। 29 सितंबर, 2025 से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 19045 सूरत से 10:10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 20:55 बजे थावे स्टेशन पहुँचेगी। अब इस ट्रेन का मसरख और गोपालगंज स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव होगा। मसरख स्टेशन पर इस ट्रेन का आगमन/प्रस्थान समय 19:03/19:05 बजे और गोपालगंज पर 20:20/20:22 बजे होगा। इसी प्रकार, 30 सितंबर, 2025 से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 19046 थावे स्टेशन से 05:40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16:05 बजे सूरत पहुँचेगी। अब इस ट्रेन का गोपालगंज और मसरख स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव होगा। गोपालगंज स्टेशन पर इस ट्रेन का आगमन/प्रस्थान समय 05:49/05:51 बजे और मसरख स्टेशन पर 06:53/06:55 बजे होगा।




गुरुवार को एकदिवसीय दौरे पर मुंबई आए केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने फाइनेंशियल एक्सप्रेस इंडियाज बेस्ट बैंक पुरस्कार में भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उपस्थित थे।

# PM मोदी ने किया राज्य की 454 सौर परियोजनाओं का लोकार्पण



## जीरो बजट प्राकृतिक खेती आज की आवश्यकता

महानगर संवाददाता

मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राज्य की 2458 मेगावाट क्षमता की 454 सौर ऊर्जा परियोजनाओं का ऑनलाइन लोकार्पण किया। इस मौके पर बांद्रा में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मुख्य रूप से उपस्थित थे। पीएम मोदी ने कहा कि सौर ऊर्जा परियोजनाओं के कारण किसानों को दिन के समय बिजली उपलब्ध हो रही है और उनके आय में दोगुनी वृद्धि हो रही है। किसानों को अब रासायनिक खादों पर निर्भर न रहकर प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना चाहिए। कम लागत में अधिक आय देने वाली जीरो बजट प्राकृतिक खेती आज की आवश्यकता है, जिससे मिट्टी का स्वास्थ्य सुधरेगा और उत्पादन क्षमता बढ़ेगी। सौर ऊर्जा परियोजनाओं के कारण बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन हो रहा है।

**खाद्य तेल बीजों की खेती बढ़ानी जरूरी :** मोदी ने कहा कि भारत को हर साल लगभग 1 लाख करोड़ का खाद्य तेल आयात करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए किसानों को खाद्य तेल बीजों की खेती बढ़ानी आवश्यक है। इसी प्रकार, बाजरा, ज्वार जैसे अनाजों (मिलेट्स) की वैश्विक मांग को ध्यान में रखते हुए यदि उनके उत्पादन में वृद्धि की जाए, तो किसानों की आय और बढ़ेगी और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने आग्रह किया कि प्राकृतिक खेती के मार्गदर्शन करने वाले राज्यपाल आचार्य देवव्रत का व्याख्यान किसानों को अवश्य सुनना चाहिए।

### किसानों को दिन में मिल रही बिजली

कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लाभार्थी किसानों से परिचित कराया और उनका आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने संवाद के दौरान उनकी सफलता की कहानियां जानी। नाशिक, अकोला, जालना, पुणे, धुले और सातारा के किसानों ने बताया कि सौर परियोजनाओं और सौर पंपों के कारण उत्पादन बढ़ा, आय दोगुनी हुई और रोजगार सृजन हुआ है। कुछ स्थानों पर फसलों की विविधता बढ़ी, तो कुछ स्थानों पर ग्राम पंचायतों को भी राजस्व मिलने लगा। पीएम कुसुम सी– मुख्यमंत्री सौर कृषि वाहिनी योजना 2.0 के अंतर्गत राज्य के 6 लाख किसानों को दिन के समय बिजली मिल रही है और 32.08 लाख एकड़ भूमि सिंचाई के अंतर्गत आ गई है।

## राज्य में 26 से 28 सितंबर तक बारिश का अलर्ट

**मुंबई।** बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से राज्य के विभिन्न हिस्सों में 26 से 28 सितंबर के बीच बादल छाए रहने और बारिश बढ़ने की संभावना है। राज्य में कम से कम 5 अक्टूबर तक मानसून के समाप्त होने की संभावना नहीं है। मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में 28 सितंबर को बारिश का अनुमान लगाया गया है। 26 सितंबर की तुलना में 27 और 28 सितंबर को राज्य में बारिश की मात्रा और क्षेत्र में वृद्धि होने का अनुमान है। 27 सितंबर को दक्षिण मराठवाड़ा में मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। इसमें नांदेड, लातूर, धाराशिव, बीड, परभणी और हिंगोली जिले शामिल हैं। शेष मराठवाड़ा में भी बारिश बढ़ सकती है, जिससे इन क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। साथ ही दक्षिण विदर्भ के यवतमाल जिले के कुछ हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश की संभावना है।

# एससी आरक्षण में होगा बदलाव ?

### मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिया संकेत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मराठा और ओबीसी आरक्षण का मुद्दा गरम है इस बीच अब अनुसूचित जाति (एससी) आरक्षण में बदलाव किया जाएगा। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ऐसा संकेत दिया है। एक टीवी चैनल को दिए गए साक्षात्कार में फडणवीस ने आरक्षण मुद्दे पर बोलते हुए कहा कि ओबीसी समाज में क्रीमी लेयर व्यवस्था है, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज में आर्थिक रूप से मजबूत लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलता। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में ओबीसी समाज का लाभ उन लोगों को देने के लिए कहा है जो आर्थिक रूप से कमजोर नान क्रीमी लेयर वर्ग में आते हैं। फडणवीस ने आगे कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक आदेश में यह कहा है कि पूरे देश में क्रीमी लेयर का फार्मूला अनुसूचित जातियों पर भी लागू होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रत्येक राज्य में एक जाति का दबदबा है और उन्हें आरक्षण का लाभ मिल रहा है, लेकिन कई ऐसी जातियां हैं जिन्हें अभी तक आरक्षण का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है, इसलिए कोर्ट ने अनुसूचित जातियों के आरक्षण का वर्गीकरण करने की भी अपील की है। यह वर्गीकरण अगले एक-दो महीनों में अनुसूचित जातियों के आरक्षण पर भी लागू हो जाएगा।

# चैटबॉट पर मिलेगी मनपा अस्पतालों की जानकारी



**मुंबई।** मनपा प्रशासन ने अस्पतालों की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने के लिए चैटबॉट का सहारा लेने का निर्णय लिया है। मनपा उपायुक्त शरद उघडे ने जानकारी दी, कि मुंबई में रहने वाले नागरिकों को मनपा के प्रमुख अस्पताल ही नहीं उपनगरीय अस्पताल और दवाखाना आदि की जानकारी चैटबॉट के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे नागरिक इलाज के लिए निकलते समय यह जान सकें कि उनके आस-पास कौन सा अस्पताल है और कितना बेड खाली है।

मनपा उपायुक्त उघडे ने बताया कि चैटबॉट के माध्यम से अस्पतालों में कितना बिस्तर उपलब्ध हैं, ओपीडी कब तक खुला रहेगा, क्या एम्बुलेंस उपलब्ध हैं, और यदि नहीं, तो उपलब्ध होने में कितना समय लगेगा, आने वाले दिनों में नगर पालिका के पोर्टल और चैटबॉट के माध्यम से उपलब्ध होगी। मनपा द्वारा यह प्रयोग सबसे पहले कूपर अस्पताल में किया जाएगा। इसके सफल होने के बाद, अन्य अस्पतालों में भी यह सेवा उपलब्ध होगी। नायर अस्पताल के डीन संजय मोहिते द्वारा कूपर अस्पताल, बालासाहेब ठाकरे ट्रॉमा केयर में मरीजों पर चूहों के काटने के मामले और अन्य अस्पतालों में सेवा सुविधाओं, कर्मचारियों की उपलब्धता आदि जैसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए इस चर्चा का आयोजन किया गया था।

### केईएम अस्पताल एचएमआईएस प्रणाली शुरू

केईएम अस्पताल में भी पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर एचएमआईएस प्रणाली शुरू की जाएगी। एचएमआईएस प्रणाली के माध्यम से मरीजों का रिकॉर्ड रखा जा सकेगा और उनकी चिकित्सा जानकारी को अपडेट किया जा सकेगा। तकनीक की मदद से इसे अद्यतन रखा जा सकेगा। अगर मरीज का केस पेपर खो भी जाए, तो भी डॉक्टर द्वारा दर्ज की गई जानकारी एचएमआईएस प्रणाली में बनी रहती है। अगले चरण में, एचएमआईएस-2 प्रणाली को प्रसूति अस्पतालों, उपनगरीय अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में भी लागू किया जाएगा।

### कीमोथेरेपी केंद्र

कूपर अस्पताल में अगले तीन महीनों में एक कीमोथेरेपी केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक अनुमति मिल गई है। नायर कैंसर अस्पताल की दस मंजिला इमारत की छह मंजिलों तक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। निर्माण कार्य अक्टूबर 2026 तक पूरा हो जाएगा।

### व्हीलचेयर हो रहे चोरी

नगर निगम के अस्पतालों में मरीजों के लिए फोल्डिंग व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई हैं। चौंकाने वाली जानकारी यह है कि सभी अस्पतालों से हर महीने 10 से 15 व्हीलचेयर चोरी हो जाती हैं। अस्पताल से छुट्टी मिलते समय कुछ मरीज़ कहते हैं कि वे टैक्सी लेकर व्हीलचेयर में बैठेंगे और उसे अपने साथ ले जाएँगे। कुछ लोग तो व्हीलचेयर को सड़क पर ही छोड़ देते हैं, ऐसा एक अनुभव भी साझा किया गया।

# कोस्टल रोड के टनल में गुरुवार सुबह लगी आग

## घंटों ट्रैफिक रहा जाम, एम्बुलेंस भी फंसी

**मुंबई।** गुरुवार सुबह करीब 9 बजे मुंबई कोस्टल रोड की दक्षिण दिशा वाली सुरंग के अंदर लगभग 100-150 मीटर की दूरी पर एक स्विफ्ट डिजायर कार में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। पूरी सुरंग में घना धुआं भर जाने के कारण कार चालक जहां तहां रुक गए। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग को बुझाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कार राख में तब्दील हो गई। आग के कारण मुंबई ट्रैफिक विभाग ने दोनों तरफ के यातायात को बंद कर ट्रैफिक हाजी अली से डायवर्ट कर दिया, जिससे भारी जाम लग गया। मुंबई फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया, लेकिन टनल बंद होने से कोस्टल रोड के सभी इंटरचेंज पर भारी ट्रैफिक जाम लग गया। बांद्रा पश्चिम से मरीन ड्राइव जा रहे बॉम्बे हाईकोर्ट के एक वकील ने बताया कि हाजी अली पहुँचने पर उनकी कार को कोस्टल रोड से बाहर मोड़ दिया गया था। उन्होंने कहा, "हमें बताया गया कि आग लगने की वजह से कोस्टल रोड बंद कर दिया गया है। हाजी अली जूस सेंटरः वाहन चालकों को यहां से बाहर निकलने और वैकल्पिक मार्ग लेने के लिए कहा गया। ब्रीच कैंडी से भूलाभाई देसाई रोड परः कुछ वाहन चालकों को यहां उतरने और भूलाभाई देसाई रोड का उपयोग करने के लिए कहा गया।

घटना का पता टनल में लगे लीनियर हीट डिटेक्शन केबल्स से चला। धुएं का स्तर बढ़ते ही यह संदेश अपने आप कोस्टल रोड कंट्रोल रूम तक पहुंचा। तुरंत दो क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल्स मौके पर भेजे गए और उसके बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी पहुंचीं। टनल के एग्जॉस्ट फैन को पूरी क्षमता से चलाया गया।

# बाढ़ प्रभावित मराठवाड़ा के दौरे पर पहुंचे विपक्षी नेता

## उद्धव ठाकरे और हर्षवर्धन सपकाल ने मांगी 50 हजार प्रति हेक्टेयर की मदद



**मुंबई।** महाराष्ट्र के अतिवृष्टि और बाढ़ प्रभावित इलाकों में मुख्यमंत्री और दोनों मुख्यमंत्रियों के दौरे के एक दिन बाद विपक्ष दलों के नेताओं ने प्रभावित इलाकों का दौरा किया। पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना उबाठा प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मराठवाडा का दौरा किया, वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने छत्रपति संभाजी नगर और जालना जिले का दौरा कर प्रभावित किसानों से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने प्रभावित किसानों को 50 हजार प्रति हेक्टेयर का मुआवजा देने की मांग की। मराठवाडा के दौरे पर पहुंचे उद्धव ठाकरे ने बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लिया। स्थिति का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को पीएम केयर फंड से मदद देते हुए किसानों का कर्ज माफ करना चाहिए। ठाकरे ने कहा कि किसानों को दिवाली से पहले राहत मिलनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सरकार किसानों को कर्ज मुक्त नहीं करती है, तो शिवसेना किसानों के साथ खड़ी होकर कर्जमाफी के लिए आंदोलन करेगी।

उद्धव ठाकरे ने कहा कि इस तरह का संकट कई वर्षों बाद आया है। सरकार ने जो मदद दी है, वह बहुत कम है। प्रति एकड़ साढ़े तीन से चार हज़ार रुपये मिल रहे हैं। जबकि नुकसान की सफाई में ही उससे दोगुना खर्च लग जाएगा। यानी सरकार किसानों का मजाक उड़ा रही है। पंजाब सरकार ने किसानों को प्रति हेक्टेयर 50 हजार रुपए की मदद की है। अगर पंजाब सरकार दे सकती है तो महाराष्ट्र सरकार क्यों नहीं दे सकती?

वहीं महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने गुरुवार को छत्रपति संभाजी नगर और जालना जिले के विभिन्न गांवों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि और बाढ़ के कारण राज्य की स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। खरीफ का सीजन पूरी तरह बर्बाद हो गया है। किसानों का बड़ा नुकसान हुआ है। सरकार को प्रभावित किसानों के खाते में प्रति हेक्टेयर 50 हजार रुपए की नुकसान भरपाई जमा करनी चाहिए।

**दूसरे दिन भी अजित मैदान में**

इधर राज्य के DCM अजित पवार लगातार दूसरे दिन अतिवृष्टि और बाढ़ प्रभावित इलाकों के दौरे पर रहे। पवार ने गुरुवार को बीड जिले का दौरा किया। वे बीड जिले के पालक मंत्री भी हैं। उन्होंने पिंपलघाट व हिंगणा खुर्द सहित कई गांवों का निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री ने किसानों को आश्वासन दिया कि कोई भी मदद से वंचित नहीं रहेगा।

## महाराष्ट्र में सभी चुनावों में लड़ेगी सनय छत्रपति शासन पार्टी

**मुंबई।** सनय छत्रपति शासन पार्टी ने गुरुवार को घोषणा की कि पार्टी महाराष्ट्र में होने वाले सभी आगामी चुनाव लड़ेगी। नागरिकों को जनकेन्द्रित, लोकतांत्रिक और संविधान का पालन करने वाला विकल्प उपलब्ध कराना पार्टी की प्राथमिकता होगी। पार्टी ने स्पष्ट किया कि उसकी प्रेरणा राजमाता जिजाऊ और छत्रपति शिवाजी महाराज के शाश्वत मूल्यों से मिलती है, जिनका नेतृत्व न्याय, समावेशिता और आम जनता के कल्याण पर आधारित था। प्रेस क्लब, मुंबई में आयोजित पत्रकार वार्ता में प्रो. नामदेवराव जाधव, राष्ट्रीय अध्यक्ष, ने कहा कि "महाराष्ट्र को सत्ता से अधिक जनता को प्राथमिकता देने वाले नेताओं की आवश्यकता है।


**पश्चिम रेलवे**

**आरपीएफ बैरक प्रशिक्षण केंद्र और परेड ग्राउंड में सुधार कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008 द्वारा **ई-निविदा सूचना संख्याः बीसीटी/25-26/234, दिनांक 22.09.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य और स्थानः** विरार – जोरवासन अनुभाग – एडीईएन (एन) वलसाड के अधिकार क्षेत्र में वलसाड में आरपीएफ बैरक, प्रशिक्षण केंद्र और परेड ग्राउंड में सुधार कार्य. **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 73,36,230.09. **ईएमडीः** ₹ 1,46,700/-. **जमा करने की तिथि और समय** : 17.10.2025, 15:00 बजे तक. **खुलने की तिथि एवं समय** : 17.10.2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं. 0634

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**विद्युत ऊर्जा कार्य**

वरि. डीईई/पी/ बीसीटी, पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **निविदा सूचना क्र. : ईएल-81-908-डब्ल्यूए-10 (आर-2) दि. 22.09.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान** : नरदाना यार्ड रिमॉडलिंग – धुले-नरदाना नई लाइन परियोजना के संबंध में विद्युत (ऊर्जा) कार्य. (50.060 किमी.). **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹ 83,58,895/-. **ईएमडी** : ₹ 1,67,200/-, **जमा करने की तिथि एवं समय** : 16.10.2025 को 15.00 बजे तक, **खुलने की तिथि एवं समय** : 16.10.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0629

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly


# साइबर सुरक्षा में देश का आदर्श राज्य महाराष्ट्र : शेलार

### रिंग द बेल फॉर सिक्योरिटी अभियान की शुरुआत
### गोल्डन डेटा प्रोजेक्ट के जरिए नागरिकों का डेटा सुरक्षित

**मुंबई।** डिजिटल इंडिया और डिजिटल लेन-देन के दौर में महाराष्ट्र दुनिया के लिए एक आदर्श राज्य बनकर उभरा है। साइबर सुरक्षा नियंत्रण प्रणाली स्थापित करने में महाराष्ट्र ने अग्रणी भूमिका निभाई है। यह मत सूचना प्रौद्योगिकी एवं सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशीष शेलार ने व्यक्त किया।

गुरुवार को डिजिटल सुरक्षा को प्रोत्साहन देने और सभी के लिए सुरक्षित साइबर लेन-देन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 'रिंग द बेल फॉर सिक्योरिटी' अभियान का शुभारंभ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में शेलार के हाथों हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 2016 में प्रारंभ किए गए महाराष्ट्र साइबर विभाग की पहल के साथ-साथ राज्य सरकार ने गोल्डन डेटा प्रोजेक्ट भी शुरू किया है। इस परियोजना में 12 करोड़ प्रमाणित नागरिकों का डेटा दर्ज किया गया है। इससे नागरिकों को हर लेनदेन के लिए अलग-अलग पासवर्ड या प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं होगी। यह परियोजना साइबर सुरक्षा के लिए एक बड़ी ताकत सिद्ध होगी।

शेलार ने कहा कि साइबर सुरक्षा केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों तक भी इसका प्रसार होना जरूरी है। इसके लिए उद्योग जगत, शैक्षणिक संस्थान और शासन को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आज के समय में डिजिटल लेनदेन, ई-गवर्नेंस और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में साइबर सुरक्षा उतनी ही महत्वपूर्ण हो गई है, जितनी सीमा सुरक्षा। वर्तमान में भारत में 70 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता और 120 करोड़ मोबाइल उपभोक्ता हैं। पिछले पांच वर्षों में साइबर अपराधों में 400 प्रतिशत वृद्धि हुई है। देश में औसतन प्रति मिनट 702 साइबर खतरे दर्ज किए जाते हैं और हर सेकंड 12 नए साइबर हमलों का खतरा सामने आता है, इसलिए नागरिकों की सुरक्षा के लिए मजबूत और टिकाऊ साइबर सुरक्षा व्यवस्था खड़ी करना समय की आवश्यकता है। सूचना एवं जनसंपर्क महासंचालनालय के प्रधान सचिव तथा महासंचालक ब्रिजेश सिंह ने कहा कि साइबर सुरक्षा केवल संस्थाओं की नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। साइबर कोविड से बचाव के लिए हर नागरिक को साइबर स्वच्छता अपनानी चाहिए।


**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)

सादर सेवा

**निविदा अधिसूचना**

वरिष्ठ क्षेत्रीय विद्युत अभियंता, कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, शिरवाड, कारवार की ओर से, अनुभवी ठेकेदारों से सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जो थिवीम स्टेशन पर प्लेटफॉर्म क्र. 1 और 2 के लिए यात्री लिफ्ट तथा उदुपी स्टेशन पर 3 यात्री लिफ्ट की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और चालू करने के कार्य हेतु है। **ई-निविदा संख्या केआर-केडब्ल्यू-इएल-टी-12-2025-आरटी, दिनांक 26/09/2025, कार्य की लागत :** ₹ 150.88 लाख (जीएसटी को छोड़कर)। **बोलियाँ जमा करने की अंतिम तिथि और समयः** 17/10/2025, को 15:00 बजे। अधिक जानकारी के लिए, कृपया : www.ireps.gov.in यह वेबसाइट देखें।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**जल अभियंता का विभाग**

सं. एईओसी/3474/टीएम दिनांक : 24.09.2025

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त द्वारा पात्र बोलीकर्ताओं से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं. बोली आरंभिक तिथि एवं समय महाटेंडर पोर्टल पर तथा बीएमसी की वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना में निर्दिष्ट है.

**बोली क्र. :** 2025_एमसीजीएम_1221510_1

**कार्य का नाम :** एईओसी (टीएम) डिविजन अंतर्गत मरोशी टनल शाफ्ट और बांद्रा में विविध एमएस स्पेशल्स और सहायक कार्यों का फैब्रिकेशन और अधिष्ठापन का कार्य.

इच्छुक निविदाकर्ता निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए https://portal.mcgm.gov.in तथा https://mahatenders.gov.in पर महाटेंडर पोर्टल वेबसाइट का अवलोकन करें.

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता
(हेड वर्क्स) वॉटर वर्क्स

पीआरओ/1712/विज्ञा./2025-26

खिडकियों के लिये जालियां और मच्छरदानी का करें इस्तेमाल

**पश्चिम रेलवे**

**सिग्नलिंग कार्य**

वरि. डीएसटीई/उत्तर/मुंबई सेंट्रल, मुंबई सेंट्रल, 2री मंजिल, मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा **निविदा सूचना क्र. : एसजी_216_2_130_डब्ल्यूए दिनांक 22.09.2025** आमंत्रित की जाती है. कार्य एवं स्थान : मुंबई मंडल, पश्चिम रेलवे के विरार-जोरावासन अनुभाग के सफाले, केलवे रोड, पालघर, बोईसर, वनगांव, दहाणू रोड, गोलवड, उंबरगाम में यार्ड के सुधार और अपग्रेडेशन के संबंध में सिग्नलिंग कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹ 1,88,58,322.34. **ईएमडी** : ₹ 2,44,300/-, **जमा करने की तिथि एवं समय** : 27.10.2025, 15.00 बजे तक, **खुलने की तिथि एवं समय** : 27.10.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. 0633

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**सार्वजनिक सूचना**

जैसा कि **श्री पंकज जेठाभाई शाह** ने 88वें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, मझगांव के समक्ष **1) श्री अभिषेक नरेंद्र कुमार, 2) श्री योगेश काणे, 3) शशिबाला नरेंद्र कुमार मलिक,** 4) महाराष्ट्र राज्य **भांडुप पुलिस स्टेशन के विरुद्ध आपराधिक पुनरीक्षण आवेदन 198/2024** दायर किया था.

एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है कि माननीय न्यायालय ने प्रतिवादी को बुलाने के लिए 03/05/2024 को नोटिस जारी किया था, लेकिन कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई. इसके बाद पुलिस के माध्यम से नोटिस पुनः जारी किया गया और यह पता चला कि प्रतिवादी और आरोपी का पता नहीं चल पा रहा है. तत्पश्चात माननीय न्यायालय ने प्रतिवादी को **18/10/2025** को या उससे पहले बुलाने के लिए सार्वजनिक नोटिस जारी करने के आवेदन को स्वीकार कर लिया था, अतः यह सार्वजनिक नोटिस प्रकाशित की जाती है.

हस्ता./-
**श्री पंकज जेठाभाई शाह,**
आपराधिक पुनरीक्षण संख्या
198/2024 में आवेदक

**पश्चिम रेलवे की ओर से पांच जोड़ी विशेष गाड़ियों के विस्तारित फेरों का संचालन**

| गाड़ी क्र. | से | तक | संचालन दिवस | तक विस्तारित |
|---|---|---|---|---|
| 09061 | बांद्रा टर्मिनस | बरौनी | सोमवार | 24.11.2025 |
| 09062 | बरौनी | बांद्रा टर्मिनस | गुरुवार | 27.11.2025 |
| 09033 | उधना | बरौनी | मंगलवार और शनिवार | 25.11.2025 |
| 09034 | बरौनी | उधना | गुरुवार और सोमवार | 27.11.2025 |
| 09041 | उधना | बलिया | गुरुवार | 27.11.2025 |
| 09042 | बलिया | उधना | शुक्रवार | 28.11.2025 |
| 09067 | उधना | जयनगर | रविवार | 23.11.2025 |
| 09068 | जयनगर | उधना | सोमवार | 24.11.2025 |
| 09069 | उधना | समस्तीपुर | रविवार | 23.11.2025 |
| 09070 | समस्तीपुर | उधना | मंगलवार | 25.11.2025 |

संशोधित संयोजन और ठहरावों की समय-सारिणी के बारे में विस्तृत जानकारी के लिये यात्रीगण कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in का अवलोकन करें.

आईआरसीटीसी वेबसाइट और पीआरएस काउंटर्स पर **गाड़ी क्र. 09061, 09033, 09041, 09067 और 09069** के विस्तारित फेरों के लिये बुकिंग **26.09.2025** से शुरु होगी. उपरोक्त गाड़ियों को विशेष किराए पर विशेष गाड़ियों के तौर पर संचालित किया जाएगा.

**WESTERN RAILWAY**
wr.indianrailways.gov.in
Like us on: facebook.com/WesternRly
Follow us on: X.com/WesternRly
Follow us on: Instagram/WesternRly

सभी आरक्षित टिकटों के लिए वैध पहचान पत्र साथ रखें.

**पश्चिम रेलवे के लिए सोशल मीडिया प्रबंधन और मीडिया विश्लेषण सेवाओं हेतु एजेंसी का चयन**

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पश्चिम रेलवे, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से, खुले बाजार से इच्छुक एजेंसियों से निर्धारित आवेदन पत्र पर आवेदन आमंत्रित करते हैं.

| | |
|---|---|
| आवेदन पत्र क्र. एवं तिथि | डब्ल्यूआर-एचक्यूओपीआर(पीआरएसएम/2/2025, दिनांक 26.09.2025 |
| सेवा/कार्य का पूरा नाम | पश्चिम रेलवे के लिए सोशल मीडिया प्रबंधन और मीडिया विश्लेषण सेवाओं हेतु एजेंसी का चयन (दो वर्षों के लिए) |
| सेवा/कार्य की अनुमानित कुल लागत | **प्रति वर्ष लागत ₹ 4,08,51,600/-** (रुपये चार करोड़ आठ लाख इक्यावन हजार छह सौ मात्र) (लागू जीएसटी सहित) **दो वर्षों के लिए लागत – ₹ 8,17,03,200/-** (रुपये आठ करोड़ सत्रह लाख तीन हजार दो सौ मात्र) (लागू जीएसटी सहित) |
| बयाना राशि | ₹ 5,58,520/- (रुपये पांच लाख अट्ठावन हजार पांच सौ बीस मात्र) |
| आवेदन पत्र की लागत (अप्रतिदेय) | ₹ 11,800/- (**लागू जीएसटी सहित**) (रुपये ग्यारह हजार आठ सौ मात्र) रेलवे काउंटर से नकद या यदि वेबसाइट से डाउनलोड किया गया हो - **प्रधान वित्तीय सलाहकार, पश्चिम रेलवे, चर्चगेट, मुंबई के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर** *(यदि आवेदन पत्र डाक द्वारा आवश्यक हो तो रु. 500/- अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा)* |
| पश्चिम रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड करने/पीआर कार्यालय से खरीदने की अंतिम तिथि | 17.10.2025 को 13:00 बजे तक |
| आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि/समय | 17.10.2025 को 14.00 बजे तक |
| आवेदन खुलने की तिथि और समय | 17.10.2025 को 14.30 बजे से |
| आवेदन जमा करने और आवेदन खोलने का स्थान | सीपीआरओ कार्यालय, तृतीय तल, चर्चगेट स्टेशन भवन, पश्चिम रेलवे मुख्यालय, मुंबई-400020 |
| वेबसाइट का विवरण जहां से आवेदन पत्र, चयन प्रक्रिया और नियम व शर्तें आदि डाउनलोड किए जा सकते हैं | **wr.indianrailways.gov.in** |

**पश्चिम रेलवे**
wr.indianrailways.gov.in

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

# आयात के बैरियर को रोकने का विकल्प

हाल के वर्षों में अमेरिका ने वैश्विक व्यापार और प्रवासन नीतियों में कड़ा रुख अपनाया है। दरअसल, अमेरिकी प्रशासन ने अपने "अमेरिका फर्स्ट" एजेंडे के तहत बाहरी दुनिया से आने वाले सामान और टैलेंट पर कई तरह की बाधाएं लगाई हैं। एक ओर अमेरिका ने अपने इनलैंड में आयातित सामानों को महंगा करने के लिए टैरिफ बढ़ाए हैं जिससे विदेशी वस्तुएं महंगी हो जाएं और अमेरिकी उपभोक्ता अधिकतर घरेलू उत्पादों की ओर आकर्षित हों। दूसरी ओर, H1B वीज़ा और अन्य कार्य वीज़ाओं की लागत बढ़ाकर अमेरिका बाहर से आने वाले उच्चकुशल टैलेंट के लिए भी बाधाएं खड़ी कर रहा है। इस प्रकार अमेरिका अपने दरवाजे तो बंद कर रहा है, अपने चारों तरफ बैरियर को मजबूत कर रहा है लेकिन इस प्रक्रिया में सवाल यह है कि क्या अपने आपको अलग-थलग करने की इस प्रक्रिया में क्या अमेरिका के पास खुद का अपना इतना टैलेंट है? खुद का इतना उत्पादन या अन्य देशों से आयात का विकल्प यदि है तो ठीक है अन्यथा कुछ वर्षों में यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था के एकाधिकार को ख़त्म कर देगा। विश्व इकॉनमी में पुनर्चिन्तन को जागृत कर अमेरिका ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारी है, यह उपरोक्त सवालों के हाँ या ना के जवाब पर निर्भर करेगा. ऐसा कैसे हो सकता है, इसका विश्लेषण करते हैं। अमेरिका ने प्रमुख देशों से आयातित सामानों पर टैरिफ बढ़ाकर अपने बाजार को विदेशी प्रतिस्पर्धा से बचाने का प्रयास किया है। यह कदम अमेरिका के औद्योगिक और विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने की दृष्टि से समझा जा सकता है लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या यह रणनीति दीर्घकाल में अमेरिका के लिए लाभकारी रहेगी? टैरिफ के कारण अमेरिका में आयात महंगा हो गया है, इससे अमेरिकी कंपनियों के लिए भी कच्चा माल और मशीनरी की लागत बढ़ी है। इसके परिणामस्वरूप उनके उत्पादन की लागत बढ़ी है। इससे केवल अमेरिका में ही नहीं, वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अमेरिकी उत्पाद अन्य देशों के मुकाबले महंगे हो सकते हैं। परिणामस्वरूप अमेरिका में घरेलू महंगाई के साथ उसका निर्यात भी महंगा हो सकता है। अगर अमेरिका के पास इस आयात के बैरियर को रोकने के बाद भी सस्ते आयात या उत्पादन का विकल्प है तो ठीक है अन्यथा यह निर्णय इसके खिलाफ ही जाने वाला है। H1B वीज़ा महंगा करने से अमेरिका के इनोवेशन और शोध में बाधा आनी ही आनी है। आज अमेरिका का दुनिया में एकाधिकार है। उसके मूल में उसका रिसर्च और इनोवेशन पर निवेश है लेकिन इस क्षेत्र में वह तकनीक और उच्चकुशलता के लिए विदेशी टैलेंट पर निर्भर है। Silicon Valley और अन्य टेक हब में विदेशियों की बड़ी संख्या काम कर रही है। H1B वीज़ा महंगा और कठिन करने का मतलब यह हुआ कि अब कंपनियों को बाहरी टैलेंट ढूंढना मुश्किल होगा। अगर अमेरिका के पास खुद पर्याप्त उच्चकुशल कर्मचारियों का भंडार नहीं है तो यह कदम अमेरिकी नवाचार और तकनीकी विकास को धीमा कर सकता है और उसे तकनीक की सिरमौर स्थिति से नीचे गिरा सकता है। यह नीति अमेरिका की आत्मनिर्भरता बनाम एकाधिकार की स्थिति में उसके अगुवा की स्थिति में संकट ला सकती है. यह अमेरिका को "आत्मनिर्भर" बनाने की दिशा में एक प्रयास हो सकती है लेकिन इसके साथ ही यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था के वैश्विक एकाधिकार को खतरे में डाल सकती है। यदि अमेरिका को अपने घरेलू संसाधनों और टैलेंट पर भरोसा करना संभव हो तो यह रणनीति सफल हो सकती है लेकिन अगर उत्पादन और कुशल मानव संसाधनों की कमी रही तो कुछ वर्षों में अमेरिकी अर्थव्यवस्था अपनी वैश्विक प्रभुता खो सकती है। उसके पास पहले से चल रहे अपने मेगा इनोवेटिव प्रोजेक्ट पर नए टैलेंट के आने की स्पीड धीमी हो सकती है। अमेरिकी शोध कंपनिया बुरी तरह से प्रभावित होंगी. इससे आउटसोर्स पुनः बढ़ेगा। अमेरिका की इन नीतियों ने वैश्विक आर्थिक सोच को पुनः जागृत किया है। अन्य देशों को यह स्पष्ट संदेश गया है कि अमेरिका अब अपने हितों को प्राथमिकता देने की ओर बढ़ रहा है। इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं, निवेश प्रवाह और अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों में बदलाव की संभावनाएं बढ़ गई हैं। कई देशों ने अब अमेरिका पर निर्भरता कम करने और अपनी उत्पादन और तकनीकी क्षमताओं को सुदृढ़ करने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा और विकल्प के नए आयाम बनने शुरू हो गए हैं। यदि अमेरिका के पास पर्याप्त घरेलू उत्पादन और उच्चकुशल मानव संसाधन उपलब्ध हैं तो यह नीति दीर्घकाल में सफल हो सकती है लेकिन यदि विकल्प सीमित हैं और वैश्विक सहयोग और आयात आवश्यक है तो अमेरिका ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारी है। वैश्विक अर्थव्यवस्था अब अमेरिका के संरक्षणवाद और स्वायत्तता की रणनीति को लेकर सतर्क है। संक्षेप में कहा जाए तो अमेरिका का संरक्षणवाद, टैरिफ और H1B में बाधाएं इस बात पर निर्भर करेगी कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था के पास खुद का पर्याप्त उत्पादन और टैलेंट है या नहीं। यदि है, तो यह कदम अमेरिका को और अधिक आत्मनिर्भर और प्रतिस्पर्धी बना सकता है। यदि नहीं, तो यह अमेरिकी वैश्विक प्रभुता और नवाचार की स्थिति को कमजोर कर सकता है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में पुनर्विचार को प्रेरित करने के साथ-साथ यह नीति अमेरिका के लिए दीर्घकालीन चुनौती भी बन सकती है। अमेरिका के इस कदम से यह सवाल अनिवार्य रूप से उठता है: क्या एक देश अपने दरवाजे बंद कर, बाहरी सहयोग और संसाधनों पर निर्भरता कम करके दीर्घकालिक रूप से स्थिर रह सकता है या यह उसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में कमजोर कर देगा? जवाब हाँ या नहीं में सीमित नहीं है बल्कि यह उस क्षमता और संसाधनों पर निर्भर करेगा जो अमेरिका के पास वास्तव में हैं।

**कटाक्ष** | सुरेश मिश्र

*गाजा में बाजा बजे, सिसकी भरे हमास*
*ईरानी भी सन्न हैं, करके सत्यानाश*
*करके सत्यानाश, चाटते सबकी जूती*
*गायब अब्दुल्लाह, कतर में भागे हूती*
*कह सुरेश नेतन्याहू-सा चाहे राजा*
*लश्क-जैश-मुनीर, बना दे सबको गाजा*

# उत्तर प्रदेश भारत का विकास इंजन

> कभी बीमारू राज्य की श्रेणी में गिना जाने वाला उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यूपी सरकार ने 2030 तक इसे एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य तय किया है। वहीं यूपी की योगी सरकार 2047 तक विकसित उत्तर प्रदेश के विजन पर काम कर रही है।



जब भी बीमारू राज्यों की बात की जाती थी तो जिन दो राज्यों का नाम सबसे पहले जहन में आता था, उसमें पहला नाम बिहार और दूसरा यूपी का होता था। इसके अलावा मध्यप्रदेश और उड़ीसा भी बीमारू राज्य थे। जहां तक बिहार की बात है, वो भी विकास कर रहा है लेकिन अभी भी बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर नहीं आ पाया है। योगी आदित्यनाथ के राज में उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर निकल चुका है। आज यूपी देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और अब यूपी सरकार ने 2030 तक इसे एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य तय किया है। देखा जाए तो यह काम आसान होने वाला नहीं है लेकिन योगी के रिपोर्ट कार्ड को देखते हुए असंभव भी नहीं लगता है। मुख्यमंत्री योगी ने बयान दिया है कि 2017 में यूपी की जीडीपी 12.36 लाख करोड़ रुपये थी, इसे वर्ष के अंत तक सरकार 36 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचाने जा रही है। उनका कहना है कि इस तरह यूपी की जीडीपी नौ वर्षों में तीन गुने की वृद्धि दर्ज करवाने जा रही है। उन्होंने कहा है कि इसी तरह राज्य की प्रति व्यक्ति आय भी नौ वर्षों में 45000 से बढ़कर 120000 रुपये पर पहुंच रही है। उनका कहना है कि आज प्रदेश हर सेक्टर में विकास कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया है, उसी प्रकार उनकी सरकार 2047 तक विकसित उत्तर प्रदेश के विजन पर काम कर रही है। देखा जाए तो यह जरूरी भी है, अगर भारत को 2047 तक विकसित देश बनना है तो यूपी को भी विकसित राज्य बनाना होगा। 25 करोड़ की जनसंख्या वाला देश पिछड़ जाता है तो भारत कैसे विकास कर सकता है। नीति आयोग के सीईओ सुब्रमण्यम ने कहा है कि विकसित भारत बनाना है, तो यूपी को विकसित बनाना ही पड़ेगा। उनका कहना है कि अगर यूपी एक देश होता तो पांचवा सबसे बड़ा देश होता। जहां योगी उत्तर प्रदेश को आगे बढ़ाने की बात कर रहे हैं तो दूसरी तरफ विपक्ष के नेताओं का कहना है कि यूपी पहले से ज्यादा बर्बाद हो गया है। यूपी के बारे में सरकार हवा-हवाई प्रचार कर रही है। यूपी के विकास का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि योगी के 6 साल के शासन में यूपी की जीडीपी दो गुना हो गई थी। वर्ष 2016-17 में यूपी की जीडीपी 12.47 लाख करोड़ रुपये थी, जो कि वर्ष 2023-24 में बढ़कर 24.39 करोड़ रुपये हो गई । हमें याद रखना चाहिए कि जहां यूपी ने अपनी जीडीपी सिर्फ 6 साल में दुगुनी कर ली, वहीं दूसरी तरफ भारत की जीडीपी को दोगुना होने में दस वर्ष का समय लगा है। देखा जाए तो यूपी की अर्थव्यवस्था देश की अर्थव्यवस्था से कहीं ज्यादा तेजी से आगे बढ़ रही है। अगर यूपी अपनी इस रफ्तार को बनाए रखता है तो वो भारत का ग्रोथ इंजन बनने जा रहा है। यह सब एक संत के शासन में हो रहा है जिनका कुछ बड़े नेताओं ने मजाक बनाते हुए कहा था कि तुम बाबा हो, यहां क्या कर रहे हो, मठ में जाओ, घंटी बजाओ। जब उत्तर प्रदेश में राम मंदिर का निर्माण हुआ तो उसके विरोध में कहा गया कि यह जनता के पैसों का दुरुपयोग है, इससे कई दूसरे लोक कल्याण के काम हो सकते थे हालांकि राम मंदिर निर्माण में सरकार ने पैसा नहीं लगाया है। यह काम भक्तों के दान से हुआ है। राम मंदिर में हर महीने एक करोड़ भक्त दर्शन करने आ रहे हैं जबकि पहले इतने भक्त एक साल में आते थे। ऐसे ही काशी विश्वनाथ मंदिर में भी भक्तों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। इसके कारण यूपी के पर्यटन उद्योग को पंख लग गए हैं। इसे लोग मंदिर इकोनॉमी का नाम दे रहे हैं जिसमें भक्तों के कारण यूपी की अर्थव्यवस्था को बड़ी मदद मिल रही है। अयोध्या के बारे में इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले ही अयोध्या में बीस हजार लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिल चुका था। यूपी सरकार की मदद से अयोध्या में हजारों लोगों ने होम स्टे खोल दिए हैं जिनमें भक्त आकर रुकते हैं। इसके अलावा अयोध्या में बड़ी-बड़ी कंपनियों के होटल खुल रहे हैं। सरकार द्वारा बनाई गई टेंट सिटी भी फुल रहती है। लोग हजारों रुपये खर्च करके अयोध्या में भगवान राम के दर्शन करने आ रहे हैं। इसके कारण स्थानीय लोगों के कारोबार में जबरदस्त इजाफा हुआ है और अयोध्या के आसपास के जिलों में भी इसका बड़ा असर हुआ है। वाराणसी में भी कुछ ऐसे ही हालात हैं। योगी जी अन्य मंदिरों में सुविधायें बनवा रहे हैं ताकि वहां भी भक्तों की भीड़ बढ़ जाए ताकि यूपी के पर्यटन का बढ़ावा दिया जा सके। एक अनुमान के अनुसार राम मंदिर के कारण अयोध्या में एक लाख करोड़ का व्यापार बढ़ने वाला है। इसके कारण अयोध्या में हजारों करोड़ का निवेश आ रहा है। देखा जाए तो यूपी की अर्थव्यवस्था में मंदिर की अर्थव्यवस्था बड़ी भूमिका निभाने जा रही है। हमें याद रखना चाहिए कि पर्यटन के लिए कानून-व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए क्योंकि जब पर्यटक कहीं घूमने जाता है तो वो पहले वहां की कानून-व्यवस्था के बारे में जरूर सोचता है। अगर किसी प्रदेश की कानून-व्यवस्था अच्छी न हो तो वहां पर्यटन बढ़ ही नहीं सकता। बुलडोजर बाबा के नाम से मशहूर मुख्यमंत्री योगी कानून-व्यवस्था के मामले में नो टॉलरेंस की नीति पर चलते हैं। उनकी इस नीति के कारण यूपी में अपराधियों के बीच भय का माहौल है। योगी ने यूपी से संगठित अपराधों का लगभग सफाया कर दिया है। यूपी की कानून-व्यवस्था के बारे में अब पूरा देश जान गया है, इसलिए पर्यटन बढ़ रहा है और निवेशकों ने यूपी में आना शुरू कर दिया है। 2023 में यूपी सरकार ने लगभग 30 लाख करोड़ के निवेश समझौते किए हैं । केन्द्र सरकार की बड़ी योजनाएं भी प्रदेश में आ रही हैं। विकास और पर्यटन के लिए जरूरी है कि राज्य में आवाजाही आसान हो। योगी के आने से पहले 70 सालों में यूपी में सिर्फ एक एक्सप्रेसवे था, आज यूपी में 13 एक्सप्रेसवे हैं जिनमें से कुछ पूरे हो गए हैं और कुछ पूरे होने वाले हैं। इनके जरिये सरकार पूरे प्रदेश को जोड़ने में लगी है और यूपी को पूरे देश से जोड़ रही है। यूपी सरकार चाहती है कि प्रदेश का कोई भी जिला पिछड़ा न रह जाए, इसके लिए जरूरी है कि वो अन्य जिलों से जुड़ा रहे। इसके अलावा केंद्र और राज्य सरकार ने मिलकर विश्वस्तरीय हवाई अड्डों का निर्माण किया है। आज उत्तर प्रदेश भारत का एकमात्र राज्य है, जहां 13 एक्सप्रेसवे और 20 एयरपोर्ट हैं । इसके कारण यूपी का निर्यात भी लगातार बढ़ रहा है। इसके अलावा यूपी को डेडिकेटिड फ्रेट कॉरिडोर से भी जोड़ा जा रहा है ताकि यूपी के उत्पादों को बंदरगाहों तक जल्दी और किफायती तरीके से पहुंचाया जा सके। यूपी बंदरगाहों से बहुत दूर है, इसलिए प्रदेश में ड्राई पोर्ट बनाए गए हैं।

**- राजेश कुमार पासी**

# प्रवासियों के खिलाफ पंजाब में गुस्सा



9 सितंबर को होशियारपुर के एक गांव में एक प्रवासी मजदूर द्वारा अपहरण के बाद दुष्कर्म कर पांच वर्ष के बच्चे की निर्मम हत्या की पंजाब में बहुत तीखी प्रतिक्रिया हुई है। लोग इस कुकृत्य से भारी आक्रोष में हैं। उत्तर प्रदेश और बिहार से आए प्रवासियों के खिलाफ एक प्रकार से बैकलैश शुरू हो गया है। कई लोग मांग कर रहे हैं कि इन्हें वापस भेज दिया जाए। ग़ुस्सा ऐसा है कि कुछ प्रवासी अपनी सुरक्षा के बारे चिन्तित हैं और वापस जाने के बारे सोच रहे हैं। होशियारपुर की वीभत्स घटना के बाद पंजाब के कई हिस्सों में प्रवासियों के खिलाफ स्पष्ट ग़ुस्सा नज़र आ रहा है। होशियारपुर और उसके आसपास की 20 पंचायतों ने प्रवासियों के खिलाफ प्रस्ताव पास किया है। और भी कई पंचायतों ने प्रस्ताव पास किया है कि वह प्रवासियों के वोट रद्द करवाएंगे और नए आधार कार्ड नहीं बनने देंगे। उनकी तम्बाकू-गुटका खाने की आदत का भी विरोध किया जा रहा है। कई तो अब इनको गांवों से निकलने की धमकी दे रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि गांवों में इन्हें मकान और ज़मीन नहीं खरीदने देंगे। पंजाब में मुस्लिम प्रवासियों की बढ़ती संख्या से भी कुछ लोग चिन्तित हैं। यह शिकायत भी है कि प्रवासियों की बढ़ती संख्या से पंजाब की डैमोग्रैफी (जनसंख्या का अनुपात) बिगड़ रहा है। पंजाब में 1966 में सिख 61% थे जो 2011 में घटकर 57.7% रह गए हैं, पर इसका कारण प्रवासियों का आगमन ही नहीं। बड़ी संख्या में पंजाबी यूथ अपनी धरती छोड़ विदेश भाग रहे हैं। यह स्वाभाविक भी है। मानव सभ्यता में प्रवासन सदियों से चलता आ रहा है। लोग उस तरफ भागते हैं जिस तरफ उन्हें बेहतर सम्भावना और मौके दिखाई देते हैं। पंजाब से गए सिखों ने तराई के क्षेत्र को अपनी मेहनत से बसा दिया था। 2011 की जनसंख्या के अनुसार पंजाब की जनसंख्या 2.7 करोड़ थी। कुछ परिवर्तन आया होगा, पर 18 लाख प्रवासी डेमोग्रैफी को कोई बड़ा खतरा नहीं है। लुधियाना में सबसे अधिक 8 लाख प्रवासी रहते हैं जिनके बल पर वहां के कारख़ाने चलते हैं। बहुत प्रवासी मौसमी हैं जो फसल के अनुसार आते-जाते हैं। अधिकतर के पास रिहायश नहीं है, पर बहुत हैं जो पीढ़ियों से यहां बस चुके हैं। जायदाद है और उनके बच्चे पंजाबी बन चुके हैं। जो शिकायतें हम पश्चिम के देशों में अपने लोगों के बारे सुनते हैं कि वह स्थानीय लोगों का रोज़गार छीन रहे हैं, वह पंजाब में प्रवासियों के बारे भी सुनने को मिल रही है। इस कारण कुछ ईर्ष्या भी है, पर यह नियंत्रण में रहती है, क्योंकि पंजाब को इनकी जरूरत है। यह कारख़ानों, खेतों, दुकानों और घरों में काम करते है। पंजाब का अपना नौजवान यह काम करने को तैयार नहीं। उसकी नज़रें विदेश पर लगी रहती हैं, जहां अब एक के बाद एक दरवाज़े बंद हो रहे हैं। कुछ दशक पहले तक हिमाचल प्रदेश से बहुत लोग रोज़गार के लिए यहां आते थे। अब यह बंद हो गए हैं, क्योंकि वहां रोजगार मिलना शुरू हो गया है। इन लोगों के बारे ऐसी घटिया शिकायतें भी सुनने को नहीं मिलतीं थी, क्योंकि पहाड़ के लोग मैदानी से अधिक शरीफ समझे जाते हैं, पर अब कुछ हवा लग रही है। अब तो नेपाल से बहुत प्रवासी पंजाब आ रहे हैं। जालंधर से ही नेपाल बार्डर तक नियमित बस सेवा है। लुधियाना से और अधिक बसें चलती हैं। पर मैं प्रवासियों के बहिष्कार के अभियान की बात कर रहा था। इस अभियान से सरकार, किसान और कारख़ानेदार सब चिन्तित हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि, "देश में कोई भी कहीं काम कर सकता है," उनकी बात सही है। पंजाबी खुद प्रगतिशील होने का कारण देश-विदेश में बसे हुए हैं। कई प्रदेशों में पंजाबी जनप्रतिनिधि बन चुके हैं। वहां उनके आधार कार्ड भी हैं और वोट पहचान पत्र भी, अगर यहां बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रवासियों के खिलाफ अभियान चलेगा तो इसकी प्रतिक्रिया दूसरे प्रदेशों में भी हो सकती है। किसी को भी देश में कहीं भी बसने और काम करने का संवैधानिक अधिकार है। केवल अपराध करने का अधिकार नहीं है। कुछ साल पहले ऐसा ही अभियान दिल्ली में उत्तर-पूर्व से आए लोगों के खिलाफ चला था। लौटने के लिए उन्होंने तो दिल्ली के स्टेशन भर दिए थे। यह घटना फरवरी 2014 की है जब दिल्ली के मुनीरका में उत्तर-पूर्व की एक महिला से बदसलूकी के बाद दो गुटों में टकराव हो गया था। इससे पुराने पूर्वाग्रह सतह पर आ गए। स्थानीय लोग पूर्व के लोगों को 'चिनकी' कहने लगे और उनके रहन-सहन और खानपान पर आपत्ति शुरू हो गई थी। मकान मालिकों ने इन्हें मकान ख़ाली करने को कह दिया था। सोशल मीडिया पर इनके खिलाफ अभियान चलाया गया जैसे आज पंजाब में प्रवासियों के विरुद्ध चलाया जा रहा है। आख़िर में सरकार को दखल देना पड़ा और समझ आ गई कि उत्तर-पूर्व के लोगों के बिना काम नहीं चलता। ऐसा ही आभास अब पंजाब में भी हो रहा है। खन्ना मंडी के कमिशन एजेंट हरबंस सिंह रोशा का कहना है कि, "इन्हां तो बिना पंजाब दी गड्डी नहीं चलदी"। वहां हज़ारों काम करते हैं। उद्योगपति अपनी जगह चिन्तित हैं। उद्योगपति बादिश जिंदल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर प्रवासियों के खिलाफ प्रचार को रोकने की मांग की है। उनका कहना था कि "प्रदेश की अर्थव्यवस्था इनके कारण तरक्की कर रही है"। उनकी चिन्ता स्वभाविक है। किसी भी कारख़ाने में 90 प्रतिशत लेबर बाहर से हैं। ज़मींदार अपनी जगह चिन्तित है।

**- चंद्रमोहन**

## आस्था और राजनीति

भारत की विकास की कहानी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरीखे लोग कम ही होंगे, जिन्होंने दीर्घजीविता को चमक के साथ, सत्ता को दृढ़ता के साथ और सहनशीलता को प्रभावी तरीके से जोड़कर रखा हो। वडनगर जैसे एक छोटे शहर से नई दिल्ली में सत्ता के शीर्ष तक उनका सफर वस्तुतः गुमनामी से शिखर महत्व तक की यात्रा है। यह लंबी यात्रा सिर्फ उनके करियर के बारे में नहीं बताती, बल्कि इसमें करिश्मा, इच्छाशक्ति और आत्मनियंत्रण का दुर्लभ संयोग भी है। आरएसएस उनके वैचारिक अभिभावक हैं तथा आध्यात्मिक तौर पर वह भारत माता द्वारा पोषित हैं। हिंदुत्व के वैचारिक सपने को दूसरे किसी नेता ने इतनी स्पष्टता से महसूस नहीं किया। हाल में ही 75 साल के हुए मोदी ने अपने दस साल से अधिक के प्रधानमंत्री काल में जो कुछ हासिल किया है, उनके पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रीगण उसे दशकों में भी हासिल नहीं कर पाये थे। मोदी ने भारत के सांस्कृतिक और संवैधानिक नक्शे को नया रूप दिया है। उन्होंने भव्य राम मंदिर का निर्माण कराया, तीन तलाक को आपराधिक घोषित करने को जहां लैंगिक न्याय की दिशा में बड़ा कदम बताया गया, वहीं यह पर्सनल लॉ में सुधार की उनकी प्रतिबद्धता के बारे में भी बताता है। पाठ्यक्रम सुधार में पुस्तकीय बदलाव को राष्ट्रवादी विमर्श से जोड़ा गया। ऐसे ही, काशी विश्वनाथ और उज्जैन के महाकाल मंदिर के पुनरुद्धार को धर्म और आधुनिकता के सम्मिश्रण के तौर पर देखा जा सकता है। मोदी ने आस्था और राजनीति को अभिन्न बना दिया है। बतौर प्रधानमंत्री, उन्होंने लोगों की पुरानी आकांक्षाओं को अपनी सरकार की नीति बनाया। इस प्रक्रिया में उन्होंने भारतीय राष्ट्र राज्य को नया आकार ही नहीं दिया, बल्कि भारत की सभ्यतागत पहचान को संरक्षित करने का भी काम किया। राजीव गांधी के बाद वह देश के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री हैं और दो दशक से भी अधिक के अपने निर्विघ्न सत्ता काल में- पहले गुजरात के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री, फिर एक दशक से अधिक समय से देश के प्रधानमंत्री पद पर सुशोभित-मोदी जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के बाद सबसे अधिक समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने वाले व्यक्ति हैं। अपने अनेक पूर्ववर्तियों के विपरीत मोदी ने अपनी खास छवि निर्मित की है- यह छवि अनुशासित, दृढ़ इच्छाशक्ति से पूर्ण तथा असाधारण ऊर्जा से लैस नेता की है। राजनेताओं की बदलती छवि के बीच उनका सामान्य रहन-सहन, निरंतर कर्म करने की प्रवृत्ति और संवाद में महारत उन्हें दूसरे राजनेताओं से बहुत अलग करती है। मोदी प्रतीकात्मकता में विश्वास करते हैं। हालांकि वह संख्या, लक्ष्य और नीति को रणनीति में बदलने की क्षमता पर भी भरोसा करते हैं। नरेंद्र मोदी कोई सामान्य प्रशासक नहीं हैं। उनमें सांख्यिकी को प्रतीकों में, अंकों को सपनों में और संख्या को राष्ट्रीय विमर्श में बदल देने का माद्दा है। पीएम उज्ज्वला योजना ने आठ करोड़ परिवारों को गैस कनेक्शन देने का वादा कर ग्रामीण महिलाओं का जीवन बदल दिया। जन-धन योजना के जरिये 50 करोड़ बैंक खाते खोले जाने का वैश्विक रिकॉर्ड बना। उनके नेतृत्व में स्वच्छ भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, खेलो इंडिया जैसी हर पहल नवाचार बन गयी। उन्होंने स्वच्छता को पवित्रता में, उद्यमिता को धर्म प्रचार में और खेल को भावना में बदला है। पौराणिक संदर्भों में कहें, तो मोदी वह कर्त्तव्यपरायण पुत्र हैं, जिन्होंने भारत माता के सिद्धांतों को दूसरी तमाम चीजों से ऊपर रखा है। लोगों को एकजुट करने में नारे उनके सबसे प्रभावी उपकरण हैं।

आज का कार्टून | साभार




# आस्था-विश्वास का प्रतीक कालीघाट मंदिर

पश्चिम बंगाल के कोलकाता का कालीघाट शक्तिपीठ सबसे प्रसिद्ध स्थानों में से एक है। यहां माता के बाएं पैर का अंगूठा गिरा था। देवी यहां कालिका रूप में विराजमान हैं और भैरव को नकुशील कहा जाता है। कालीघाट मंदिर विश्वविख्यात है और लाखों श्रद्धालु प्रतिवर्ष यहां दर्शन के लिए आते हैं। कोलकाता के लोगों के लिए, कालीघाट मंदिर न केवल पूजा का स्थान है बल्कि शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। मंदिर का एक प्राचीन और आकर्षक इतिहास है। माना जाता है कि इसकी स्थापना 12वीं शताब्दी में हुई थी। यह मंदिर अनेक वर्षों से अनगिनत भक्तों के लिए आस्था व भक्ति का स्रोत रहा है। यहां भक्त अपने जीवन के सुख-दुख में देवी काली से आशीर्वाद लेने आते हैं। मंदिर के बाहर लगी दुकानों से प्रसाद की डलिया और मां को चढ़ाने के लिए 'शंखा-पोला' मिलता है। बंगाली संस्कृति में 'शंखा-पोला' पहनना विवाहित स्त्रियों के लिए बहुत शुभ और अनिवार्य माना जाता है। कालीघाट मंदिर, हिंदू देवी काली को समर्पित है और यह भारत के सबसे प्रसिद्ध काली मंदिरों में से एक है। यह आदि गंगा के तट पर स्थित है, जो हुगली नदी से मिलने वाली एक छोटी-सी नहर है। हर दिन हज़ारों काली भक्त मंदिर में आते हैं और पूजा करते हैं। यह एक शक्ति पीठ है। कालीघाट मंदिर से जुड़ी कई कहानियां हैं। बहुचर्चित कहानियों में से एक आत्माराम नामक ब्राह्मण की है, जिसने भागीरथी नदी में एक मानव पैर के आकार की संरचना देखी। लोगों का मानना है कि उसे एक प्रकाश की किरण द्वारा निर्देशित किया गया था जो पानी से आती हुई प्रतीत हो रही थी। उसे सपने में बताया गया कि पैर की अंगुली देवी सती की है। उसे सपनों में मां काली का एक मंदिर स्थापित करने के लिए कहा गया। उसे नकुलेश्वर भैरव के स्वंभू लिंगम् की तलाश करने के लिए भी कहा गया। ब्राह्मण ने शंभु लिंगम् पाया, और लिंगम और पैर के आकार की संरचना की पूजा करना शुरू कर दिया। कालीघाट मंदिर का संदर्भ पंद्रहवीं शताब्दी के मानसर भाषन के संश्लेषण और कवि चंडी में पाया गया है। कालीघाट काली मंदिर का उल्लेख लालमोहन बिद्यानिधि के 'संबंदा निर्णय' में भी किया गया है। वर्तमान मंदिर 200 साल पुराना है और इसे उन्नीसवीं शताब्दी में बनाया गया था। जेस्सोर के राजा राजा बसंत रॉय ने मूल मंदिर का निर्माण कराया था। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, देवी सती ने अपने पिता के घर में अपने पति शिव को मान न देने पर खुद को यज्ञ की अग्नि में जिंदा जला दिया था। जिससे भगवान शिव क्रोधित हो गए और उन्होंने सती के शरीर को अपने कंधे पर रख लिया। उन्होंने तांडव नृत्य करना शुरू कर दिया था। इससे देवता घबरा गए और भयभीत हो गए। उन्होंने भगवान विष्णु से हस्तक्षेप करने के लिए कहा। भगवान विष्णु ने तब सती की पार्थिव देह को खंडित किया तो ऐसा माना जाता है कि कालीघाट वह स्थान है जहां सती के दाहिने पैर की उंगलियां गिरी थीं। यहां प्रतिदिन देवी काली की पूजा हजारों लोग करते हैं जो भारत और दुनिया भर के हिस्सों से आते हैं। यहां देवी काली की मूर्ति, उनकी अन्य मूर्तियों से अलग है। मूर्ति में तीन आंखें, चार हाथ और एक लंबी उभरी हुई जीभ शामिल है। उनकी जीभ प्रतिमा में स्वर्ण से बनी है। मूर्ति को आत्माराम गिरि और ब्रह्मानंद गिरि द्वारा बलुआ पत्थर से बनाया गया है। देवी के एक हाथ में राक्षस शुम्भ का सिर है। दूसरे हाथ में एक तलवार है जो दर्शाती है कि अहंकार का अंत होता है। इस मंदिर में यूं तो सालभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है लेकिन दुर्गा पूजा और काली पूजा के समय विशेष रूप से श्रद्धालु यहां आते हैं। दुर्गापूजा और काली पूजा यानी दिवाली के समय तो यहां की शोभा देखते बनती है। इस मंदिर की स्नान यात्रा भी बहुत प्रसिद्ध है। पुजारी अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर मूर्तियों को स्नान कराते हैं। मंदिर में लोगों की भीड़ हो जाती है जिससे कभी-कभी भक्तों को संभालना मुश्किल हो जाता है। यह मंदिर अपनी खूबसूरत और अनोखी वास्तुकला के लिए जाना जाता है। यहां तीन पत्थर हैं जो देवी षष्ठी, शीतला और मंगल चंडी का प्रतिनिधित्व करते हैं। यहां सभी पुजारी महिलाएं हैं। माना जाता है कि मंदिर में एक तालाब में गंगा का पानी है जिसे बहुत पवित्र माना जाता है। इस स्थान को 'काकू-कुंड' के नाम से जाना जाता है।

**-कुमार कृष्णन**

# एनडीए के सम्मेलन में संग्राम

## ■नीतीश और चिराग की पार्टी के कार्यकर्ता भिड़े
## ■फायरिंग की सूचना, भगदड़

महानगर नेटवर्क

मुजफ्फरपुर

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के गायघाट विधानसभा क्षेत्र में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन उस समय जंग का मैदान बन गया जब टिकट के दो दावेदार उम्मीदवारों के समर्थक आपस में भिड़ गए। जदयू नेता और विधायक रहे महेश्वर यादव के बेटे प्रभात किरण और वैशाली से लोजपा-आरवी सांसद वीणा देवी की बेटी कोमल सिंह के समर्थकों ने गदर मचा दिया। मारपीट और तोड़फोड़ के बीच गोली चलने के अफवाह के कारण भगदड़ मच गई। बड़ी संख्या में कुर्सियां तोड़ दी गईं।

गायघाट के जारंग हाईस्कूल मे गुरुवार को आयोजित एनडीए के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में बाहरी और स्थानीय नेता के मुद्दा को लेकर हंगामा हो गया। कार्यक्रम के शुरुआत में ही युवा नेत्री कोमल सिंह(सांसद वीणा देवी और एमएलसी दिनेश सिंह की बेटी) के मंच के पास पहुंचते ही कुछ स्थानीय





नेताओं ने बाहरी भगाओ गायघाट बचाओ का नारा लगा दिया। प्रभात किरण के समर्थक कोमल सिंह का विरोध कर रहे थे। मंच के पास खड़े दोनों पक्ष के कुछ कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। कुर्सियां फेंकी गई। मंच की ओर झंडा भी फेंका गया। हलांकि इस हंगामा मे किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। हंगामे के बाद गोली चलने की अफवाह भी उड़ी। जिसके बाद भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

मंच पर भी प्रभात किरण और कोमल सिंह के बीच तीखी नोकझोंक हुई। टेबल भी पलट दिया गया और कुर्सियां तोड़ दी गईं। मंच पर अफरातफरी मची रही। हालात को संभालने में पुलिस और सुरक्षा कर्मियों के पसीने छूट गए। लोग कार्यक्रम स्थल से निकल कर भागने लगे। इसबीच कार्यक्रम स्थल पर फूल ले जा रहे जेसीबी को भीड़ के कुछ लोगों ने रोक कर फूल फेंक दिया।

# राजद विधायक रीतलाल यादव को हाईकोर्ट से झटका

## सत्यनारायण मर्डर में बरी करने का आदेश निरस्त

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के विधायक रीतलाल यादव को पटना उच्च न्यायालय से झटका लगा है। चर्चित सत्यनारायण सिन्हा हत्याकांड में पटना उच्च न्यायालय ने रीतलाल यादव को बरी किए जाने के आदेश को निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने इस मर्डर केस में फिर से सुनवाई करने का आदेश दिया है। आपको बता दें कि साल 2023 में राजद विधायक को पटना सिविल कोर्ट की एमपी-एमएलए की विशेष अदालत ने इसी हत्याकांड में बरी कर दिया था। पटना हाईकोर्ट के आदेश पर इस बहुचर्चित हत्याकांड की स्पीडी ट्रायल के तहत सुनवाई हुई थी। इस केस में रीतलाल यादव समेत कुछ अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया था। दानापुर की पूर्व बीजेपी विधायक आशा सिन्हा उर्फ आशा देवी के पति सत्यनारायण सिन्हा की हत्या के मामले में निचली अदालत ने रीतलाल यादव समेत



अन्य आरोपियों को सबूतों के अभाव में बरी किया था। इसके बाद इस मामले में आशा सिन्हा ने पटना उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। इसी साल फरवरी के महीने में अदालत ने इस केस से जुड़े सभी आरोपियों को नोटिस भी जारी किया था। 30 अप्रैल 2003 राजद ने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में 'तेल पिलावन, लाठी घुमावन' रैली का आयोजन किया था। इसी दिन खगौल के जमालुद्दीन चक के पास सत्यनारायण सिन्हा की गोली मारकर हत्या की थी। इस मर्डर केस में रीतलाल यादव पर आरोप लगे थे।

# छह दिनों के अंदर पटना मेट्रो का उद्घाटन

## नीतीश के मंत्री ने कहा-सितंबर में ही चलेगी ट्रेन

महानगर नेटवर्क

पटना

पटना में अगले छह दिनों में पटना मेट्रो का उद्घाटन हो जाएगा और यात्रियों के लिए सेवा शुरू हो जाएगी। शुरुआत में कुछ स्टेशन के बीच ही मेट्रो रेल चलेगी लेकिन सरकार हर महीने इसके नेटवर्क में नए स्टेशनों को जोड़ते और चालू करती जाएगी। सितंबर महीने में अब 6 दिन ही बचे हैं, लेकिन नीतीश कुमार की सरकार में नगर विकास मंत्री और भाजपा के नेता जीवेश कुमार ने कहा है कि इसी महीने के अंत तक पटना मेट्रो का उद्घाटन हो जाएगा। जीवेश ने कहा नहीं है, लेकिन संभावना है कि इसी शनिवार या रविवार, नहीं तो 29 या 30 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका उद्घाटन करने फिर बिहार आ सकते हैं। 15 सितंबर को पीएम ने पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। नगर विकास



मंत्री जीवेश कुमार ने बुधवार को पत्रकारों से कहा- "पटना मेट्रो रेल का उद्घाटन इसी महीने के अंत तक हो जाएगा। प्रारंभ में कुछ स्टेशन पर परिचालन शुरू होगा। उसके बाद हर महीने स्टेशनों की संख्या बढ़ाई जायेगी।" 17 सितंबर और 7 सितंबर को मेट्रो ट्रेन का ट्रायल हुआ था, जब ट्रेन न्यू पाटलिपुत्र बस टर्मिनल (आईएसबीटी) से भूतनाथ स्टेशन तक गई थी। 17 सितंबर को ट्रेन को 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ाकर ट्रैक और दूसरे तकनीकी परीक्षण किए गए थे। 3 सितंबर को डिपो में ट्रायल हुआ था। जिस रूट पर सबसे पहले मेट्रो दौड़ेगी, वो पटना मेट्रो प्रोजेक्ट का सेकंड कॉरिडोर है। इसे ब्लू लाइन नाम दिया गया है। ब्लू लाइन रूट पर जब सारे 12 स्टेशन चालू हो जाएंगे तो मेट्रो पटना जंक्शन से आईएसबीटी तक चलेगी। ब्लू लाइन पर पटना जंक्शन, आकाशवाणी, गांधी मैदान, पीएमसीएच, साइंस कॉलेज, मोइनुल हक स्टेडियम, राजेंद्र नगर, मलाही पकड़ी, खेमनीचक, भूतनाथ, जीरो माइल (मील) और आईएसबीटी में स्टेशन होगा।

# बिहार चुनाव में महागठबंधन का कैंपेन लीड करेगी कांग्रेस

## तेजस्वी यादव को साफ संदेश?



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में महागठबंधन के प्रचार को कांग्रेस लीड करेगी। पार्टी अपने मुद्दों को महागठबंधन के चुनावी घोषणा पत्र में भी शामिल कराएगी। कांग्रेस महासचिव नासिर हुसैन ने गुरुवार को यह बात कही है। राजनीतिक गलियारों में कांग्रेस के इस बयान पर चर्चा शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि कांग्रेस ने तेजस्वी यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) को साफ संदेश दे दिया है कि बार गठबंधन में बड़े भाई की भूमिका में कौन रहेगा। तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने के सवाल को भी कांग्रेस के आला नेता अब तक टालते रहे हैं। कांग्रेस महासचिव नासिर हुसैन ने पटना स्थित पार्टी प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम में गुरुवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने मुद्दों को मैनिफेस्टो में शामिल कराएगी और सत्ता में आने पर अपने वादों को पूरा भी करेगी। उन्होंने नासिर हुसैन ने अति पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को बढ़ाने के कांग्रेस के संकल्प को दुहराया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने कांग्रेस शासित राज्यों कर्नाटक और तेलंगाना में इसे लागू करवाया है। बिहार में भी इसे लागू करवाया जाएगा। बिहार में अगले महीने में विधानसभा चुनाव की घोषणा संभव है। इससे पहले महागठबंधन में सीट शेयरिंग और सीएम फेस पर पेच फंसता हुआ नजर आ रहा है। कांग्रेस ने 76 सीटों की लिस्ट तेजस्वी यादव को सौंपी है। पार्टी ने यह तक कह दिया कि अगर सीट शेयरिंग में देरी हुई तो पार्टी 30 सीटों पर अपने कैंडिडेट को प्रचार की हरी झंडी दे देगी।

**तेजस्वी के सीएम फेस पर कांग्रेस का सस्पेंस**

आरजेडी और वीआईपी जहां तेजस्वी यादव को आगामी बिहार चुनाव में महागठबंधन के सीएम फेस के रूप में प्रोजेक्ट कर रही हैं। वहीं, कांग्रेस इस पर चुप्पी साधे हुए है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से लेकर बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु तक, सभी शीर्ष नेता तेजस्वी को सीएम फेस घोषित करने के सवाल को टालते आ रहे हैं।

# बिहार में NDA की सरकार बनी तो नीतीश नहीं बनेंगे CM

## ओवैसी ने बताया- कौन बनेगा मुख्यमंत्री

**पटना।** बिहार चुनाव में अपनी पार्टी की किस्मत आजमाने के लिए एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी भी कूद चुके हैं। कल उन्होंने सीमांचल में रैली का आगाज कर दिया। इस दौरान वह सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्षी दलों पर भी खूब बरसे। साथ ही उनके बीजेपी की बी टीम कहने पर भी पलटवार किया। ओवैसी ने एक इंटरव्यू के दौरान यह भी दावा किया है कि बिहार में अगर एनडीए गठबंधन की जीत होती है इसबार नीतीश कुमार की जगह भाजपा का कोई नेता मुख्यमंत्री बनेगा। ओवैसी ने कहा, 'बिहार में अगर एनडीए की सरकार बनी तो इसबार नीतीश कुमार नहीं, बल्कि भाजपा का सीएम होगा।' जब उनसे पूछा गया कि आप भाजपा की बी टीम बनने का आरोप लगता है। आप मुस्लिम वोट काटने के लिए बिहार आए हैं। उन्होंने कहा कि यह महज आरोप है। लालू यादव के घर के बाहर पार्टी कार्यकर्ताओं के पहुंचने पर उन्होंने



कहा कि दुश्मन भी आपके घर पर पहुंचता है तो उसे बिठाकर बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लालू यादव और तेजस्वी यादव को किस बात का डर है मुझे नहीं मालूम। मेरे दिल में कोई डर नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछली बार की तरह इस चुनाव में भी सीमांचल में जो भी दल रहेगा उनके हराएंगे।

आपको बता दें कि 2020 के विधानसभा चुनाव में ओवैसी की पार्टी ने सीमांचल में पांच सीटों पर जीत हासिल कर लोगों को चौंका दिया था। यह राजद के लिए बड़ा झटका साबित हुआ था। हालांकि, बाद में चार विधायक आरजेडी में शामिल हो गए थे। इससे पहले बिहार में भाजपा की मदद करने के आरोपों पर नाराजगी जताते हुए असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को कहा था कि आगामी विधानसभा चुनाव में अगर उनकी पार्टी को छह सीट दी जाती हैं तो वह विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' में शामिल हो जाएंगे। हैदराबाद से सांसद ओवैसी किशनगंज में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। किशनगंज उत्तर बिहार का एक ऐसा जिला है जहां की लगभग दो-तिहाई आबादी मुस्लिम है। यहीं से उन्होंने तीन दिवसीय 'सीमांचल न्याय यात्रा' की शुरुआत की।

# बिहार में सोना कारोबारी की गोली मारकर हत्या

## लूटपाट के इरादे से मर्डर

महानगर नेटवर्क

पटना

बिहार में अब सोना कारोबारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। लहेरियासराय में बहादुरपुर थाना क्षेत्र के पंडासराय-थलवाड़ा सड़क पर गैस गोदाम के पास बुधवार शाम करीब सात बजे बदमाशों ने स्वर्ण व्यवसायी राहुल कुमार (33) को गोली मारकर हत्या कर दी। राहुल लहेरियासराय थाना क्षेत्र के बाकरगंज दारूभट्ठी चौक के पास रहनेवाले बबलू साह का पुत्र था। जानकारी के अनुसार, राहुल की एपीएम थाना क्षेत्र के ब्रह्मोतरा चौक पर जेवरात की दुकान है। रोजाना की भांति दुकान बंद कर वह लौट रहे थे। थलवारा गुमती से आगे बढ़ने पर घात लगाए बदमाशों ने लूट के इरादे से उन्हें गोली मार दी। स्थानीय लोग उन्हें लेकर डीएमसीएच पहुंचे, जहां इलाज शुरू होते ही उनकी मौत हो गई। घटनास्थल से पुलिस को चार खोखे मिले हैं। सूचना पर परिजनों के साथ बड़ी संख्या में लोग डीएमसीएच पहुंच गए। वे लोग संतुष्टि के लिए राहुल को बेता स्थित एक नर्सिंग होम में ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आशंका जताई है कि लूटपाट के दौरान गोली मारी गई है। पुलिस व एफएसएल टीम जांच में जुट गई है। एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने बताया कि व्यवसायी की गोली मारकर हत्या की गई है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घटनास्थल की जांच की। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

# बिहार का एक और सरकारी इंजीनियर निकला काले धन का कुबेर

## 30 करोड़ की संपत्ति मिली



**पटना।** बिहार में भ्रष्ट इंजीनियर और अफसरों के खिलाफ एजेंसियों की कार्रवाई जारी है। अब बिजली विभाग का एक इंजीनियर काले धन का कुबेर निकला है। समस्तीपुर के विद्युत अधीक्षण अभियंता विवेकानंद के ठिकानों पर चल रही आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की जांच गुरुवार को पूरी हो गई। जांच में अब तक इंजीनियर के पास करीब 30 करोड़ रुपये की संपत्ति मिली है। जानकारी के अनुसार इंजीनियर विवेकानंद ने मार्च 2009 से अब तक करीब 8 से 10 करोड़ रुपये बाजार मूल्य की 21 परिसंपत्तियों की खरीद की। यह संपत्ति पटना के दानापुर, फुलवारी के अलावा सीवान आदि जगहों पर खरीदी गई। विवेकानंद ने अपनी पत्नी के नाम पर सीवान में साढ़े 3 बीघा का एक भूखंड भी खरीदा है। गौर करने वाली बात यह है कि उन्होंने अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को वैध बनाने के लिए प्रॉक्सी कंपनियां भी खोल रखी थीं और उनके माध्यम से वे रियल एस्टेट व्यवसाय से जुड़े थे। करीब 30 लाख रुपये के सोने के आभूषण भी एजेंसी को मिले हैं। उनकी कुल संपत्ति करीब 25 से 30 करोड़ रुपये की बताई जा रही है।

# BJP को गढ़ तो कांग्रेस को साख बचाने की चुनौती

## 2020 में 1113 वोटों से जीते थे अजीत शर्मा

महानगर नेटवर्क

भागलपुर

बिहार की वीआईपी विधानसभा सीटों में भागलपुर भी शामिल है। इस सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। लेकिन पिछले तीन चुनावों से भाजपा इस सीट पर हार रही है। तीनों चुनाव में पार्टी ने नया प्रत्याशी दिया। इसके बावजूद पार्टी अपने गढ़ को नहीं बचा सकी है। भाजपा आलाकमान की नजर भी इस सीट पर लगी हुई है। कांग्रेस के लिए भी यह सीट महत्वपूर्ण मानी जा रही है। भले ही कांग्रेस लगातार तीन चुनाव से जीत रही है, लेकिन जीत का अंतर लगातार कम होने से पार्टी चिंतित है। दोनों पार्टियों के लिए यह प्रतिष्ठा की सीट बन गई है। सीट को लेकर चिंता दोनों तरफ है। भाजपा को गढ़ तो



कांग्रेस को अपनी साख बचाने की चुनौती है। गठबंधन में किस पार्टी के कोटे में यह सीट जाएगी। अभी यह तय नहीं हुआ है। लेकिन इस बार भागलपुर विधानसभा सीट पर कांटे की टक्कर होने की संभावना है। बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी सभी दलों ने शुरू कर दी है। गठबंधनों के बीच सीट और विधानसभा क्षेत्र का बंटवारा भी अभी नहीं हुआ है। पूर्व के चुनावों को देखते हुए भागलपुर सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच टक्कर होने की संभावना जताई जा रही है। अब तक भाजपा या कांग्रेस की ही इस सीट पर जीत हुई है। एक बार 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर विजय कुमार मित्रा चुनाव जीते थे। उसके पहले तीन बार वह जनसंघ से और एक बार भाजपा से चुनाव जीते हैं। दूसरी तरफ वर्तमान में इस सीट पर कांग्रेस के विधायक हैं। तीन बार से कांग्रेस इस सीट पर जीत दर्ज कर रही है। कांग्रेस के सीटिंग विधायक होने के चलते बदलाव की संभावना कम दिख रही है। हालांकि कई कांग्रेस के नेता पटना और दिल्ली में दावेदारी पेश कर रहे हैं। वहीं भाजपा में टिकट के दावेदारों की लंबी कतार है। दावेदारों की संख्या का आकलन करना भी आसान नहीं है। 1952 से भागलपुर विधानसभा सीट पर चुनाव हो रहा है। अब तक हुए 18 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस आठ, भाजपा छह, जनसंघ तीन और जनता पार्टी एक बार चुनाव जीती है। इसमें 2014 में हुआ उपचुनाव भी शामिल है।

## व्यापार

# 'वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की मजबूती बरकरार'

## बोलीं वित्त मंत्री सीतारमण

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की मजबूती और लचीलापन उसके सशक्त मैक्रोइकोनॉमिक मूलभूत कारकों की वजह से है। पुणे में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 91वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में अंतरराष्ट्रीय माहौल में अस्थिरता और बढ़ गई है। इसका असर कई देशों पर साफ दिख रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि लेकिन इन सभी अनिश्चित वैश्विक स्थितियों के



बीच, भारत की लचीलापन सामने आता है और कई अनुकूल कारक, जैसे मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी बातें, युवा जनसांख्यिकी और घरेलू मांग पर अधिक निर्भरता, भारतीय अर्थव्यवस्था को मुख्य ताकत प्रदान करते हैं। सीतारमण ने कहा कि आर्थिक लचीलापन जारी रहा है, विशेष रूप से इस वर्ष अप्रैल-जून तिमाही में भी, जहां भारत की जीडीपी 7.8 प्रतिशत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल आकस्मिक नहीं है। यह पिछले दशक में सक्रिय राजकोषीय और मौद्रिक नीतियों, साहसिक संरचनात्मक सुधारों, बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के निर्माण (भौतिक और डिजिटल दोनों) और बेहतर शासन और बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धा को दर्शाता है। इस अवसर पर वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को एमएसएमई पर अपना ध्यान बढ़ाना चाहिए।

# अमेजन का जीएसटी बचत त्यौहार शुरू

**बेंगलुरु।** जैसे ही भारत में 22 सितंबर से ऐतिहासिक जीएसटी सुधार लागू हो रहे हैं, Amazon.in ने आज एक विशेष स्टोरफ्रंट – द ग्रेट सेविंग्स सेलिब्रेशन, #GSTBachatUtsav की घोषणा की। यह स्टोरफ्रंट होम अप्लायंसेज, इलेक्ट्रॉनिक्स, डेली एसेंशियल्स, हेल्थकेयर, फैशन और अन्य श्रेणियों में जीएसटी बचत वाले उत्पादों को प्रदर्शित करेगा – बिल्कुल समय पर अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल (एजीआईएफ) 2025 के लिए, जो 23 सितंबर से शुरू हो रहा है, जिसमें प्राइम सदस्यों को 22 सितंबर की मध्यरात्रि से 24 घंटे पहले विशेष एक्सेस मिलेगा। #GSTBachatUtsav के हिस्से के रूप में, स्टोरफ्रंट पर उत्पादों पर बैज लगे होंगे जो लागू जीएसटी बचत को दर्शाएंगे, जिससे ग्राहकों को इन ऑफर्स को पहचानना और खरीदारी करना आसान होगा।




# MSMEs को मज़बूत करने के लिए SIDBI ने शुरू किया 'DIA' मॉडल

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

SIDBI ने उद्योग क्लस्टरों के विकास के लिए एक सस्ता, नई और स्वयं-चालित योजना शुरू की है, जिसे DIA कहा गया है। इस राष्ट्रीय योजना के तहत National Conclave on DIA का उद्घाटन वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (DFS) के सचिव श्री एम. नागराजू ने 24 सितम्बर 2025 को नई दिल्ली में किया। इस कॉन्क्लेव में देशभर के लगभग 90 उद्योग संघों के 125 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इसमें पूर्वोत्तर के 4 राज्यों से भी 8 उद्योग संघ शामिल हुए। प्रतिनिधियों ने इंजीनियरिंग, प्लास्टिक, प्रिंटिंग, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, फर्नीचर, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व किया। मौके पर श्री मनोज मित्तल, CMD, SIDBI ने कहा – "मज़बूत क्लस्टर के लिए मज़बूत उद्योग संघ ज़रूरी हैं। SIDBI की रणनीति दो हिस्सों में होगी। मित्तल ने आगे कहा कि "आख़िरी लक्ष्य वित्तीय रूप से मज़बूत उद्योग संघ बनाना है, जिनके पास एक्शन प्लान हो और वे अपने सदस्यों को रणनीतिक सेवाएँ दे सकें। इससे सीखने के लिए FPOs (किसान उत्पादक संगठन) का उदाहरण है, जो 10+ साल में 44,000 इकाइयों तक पहुँच गए हैं और करोड़ों का कारोबार कर रहे हैं।" श्री एम. नागराजू ने उद्घाटन भाषण में कहा, भारत को केवल उत्पादन केंद्र नहीं बल्कि नवाचार के केन्द्र बनना होगा।

# लगातार पांचवें दिन फिसला बाजार

## सेंसेक्स 556 अंक टूटा, निफ्टी 24900 के नीचे

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार गुरुवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट के साथ बंद हुए। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और अमेरिकी एच-1बी वीजा पर शुल्क लगने की चिंता के बीच सेंसेक्स गुरुवार को 555.95 अंक टूट गया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 555.95 अंक या 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,159.68 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 622.74 अंक या 0.76 प्रतिशत गिरकर 81,092.89 अंक पर आ गया। दूसरी ओर, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 166.05 अंक या 0.66 प्रतिशत गिरकर 24,890.85 पर आ गया। विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक प्रतिस्पर्धियों में कमजोर रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से संभलकर डॉलर के मुकाबले 88.68 (अनंतिम) पर बंद हुआ। यह पिछले बंद भाव से 7 पैसे अधिक है।

# भारत में सबसे बड़ी एलएनजी ऑटोफ्यूल रिटेलर बनकर उभरी अल्ट्रा गैस एंड एनर्जी

**नई दिल्ली।** एस्सार समूह की कंपनी अल्ट्रा गैस एंड एनर्जी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी निजी एलएनजी ऑटोफ्यूल रिटेलर बनकर उभरी है। कंपनी के पास देश में सबसे अधिक एलएनजी रीफ्यूलिंग आउटलेट्स हैं। वर्तमान में इसके 6 स्टेशन प्रमुख मालवाहक कॉरिडोर पर चालू हैं। ये स्टेशन रणनीतिक रूप से भीलवाड़ा (राजस्थान), आनंद (गुजरात), चाकन-पुणे (महाराष्ट्र), जालना (महाराष्ट्र), तोरणगल्लु (कर्नाटक) और वल्लम (तमिलनाडु) में स्थित हैं। इससे औद्योगिक और लॉजिस्टिक्स हब्स तक स्वच्छ ईंधन की बेहतर पहुंच संभव हो रही है। नई पीढ़ी की एक क्लीन-टेक कंपनी के रूप में, अल्ट्रा गैस एंड एनर्जी लिमिटेड भारत का सबसे बड़ा एलएनजी ईंधन नेटवर्क तैयार कर रही है, जो कम उत्सर्जन और टिकाऊ परिवहन की दिशा में बदलाव को आगे बढ़ा रही है। कंपनी हरे-भरे मोबिलिटी समाधानों की दिशा में खुद को अग्रणी बना रही है, जहां व्यापक एलएनजी डिलीवरी इकोसिस्टम और कम-कार्बन, किफायती ईंधन उपलब्ध कराया जाएगा।

# द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड ने की 4 सक्रिय फंड एनएफओ के साथ शुरुआत



**मुंबई।** पैंटोमैथ ग्रुप की कंपनी द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड की निवेश प्रबंधक द वेल्थ कंपनी एसेट मैनेजमेंट होल्डिंग्स कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ने चार सक्रिय फंड न्यू फंड ऑफर के साथ शुरुआत कर भारत की पहली महिला-नेतृत्व वाली एसेट मैनेजमेंट कंपनी बनकर इतिहास रच दिया। एक और उपलब्धि जोड़ते हुए द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड देश में ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर अपने एनएफओ लॉन्च करने वाली पहली कंपनी बन गई है, जिससे म्यूचुअल फंड निवेश को सरल और लोकतांत्रिक बनाने का उसका मिशन आगे बढ़ा है। इसके साथ ही, द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड चार सक्रिय श्रेणी के फंडों के साथ शुरुआत करने वाला पहला म्यूचुअल फंड बन गया है, जिसमें सीईओ, सीआईओ-इक्विटी और मुख्य अनुपालन अधिकारी के रूप में महिला नेतृत्व का अनूठा संयोजन है। चार फंड - द वेल्थ कंपनी फ्लेक्सी कैप फंड, द वेल्थ कंपनी आर्बिट्रेज फंड, द वेल्थ कंपनी एथिकल फंड और द वेल्थ कंपनी लिक्विड फंड - विकास, स्थिरता, नैतिकता और तरलता से जुड़ी विविध निवेशक आवश्यकताओं को पूरा करनेके लिए डिजाइन किए गए हैं।

# पैसाबाजार ने FD और कॉर्पोरेट बॉन्ड किया लॉन्च, अब 13.25% तक का रिटर्न संभव

**गुरुग्राम।** भारत के प्रमुख डिजिटल कंज्यूमर क्रेडिट मार्केटप्लेस और फ्री क्रेडिट स्कोर प्लेटफॉर्म, पैसाबाजार पर उपभोक्ता अब फिक्स्ड इनकम इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश कर 13.25% तक का रिटर्न पा सकते हैं। हाल ही में पैसाबाजार ने अपने प्लेटफॉर्म पर फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) की शुरुआत की है। साथ ही, कंपनी ने SEBI-रेगुलेटेड संस्था के साथ साझेदारी कर कॉरपोरेट बॉन्ड्स में निवेश करने की सुविधा भी उपलब्ध कराई है। इस लॉन्च के साथ पैसाबाजार अपने निवेशकों को बिना किसी झंझट के हाई रिटर्न वाले फिक्स्ड इनकम विकल्पों तक पहुंचने का बेहतर डिजिटल अनुभव प्रदान करना चाहता है, वो भी एक ही प्लेटफॉर्म पर। पैसाबाजार की सीईओ, संतोष अग्रवाल ने कहा, पैसाबाजार में, हमारा विजन भारत के लिए एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाना है, जहां हम विभिन्न प्रोडक्ट्स के माध्यम से कंज्यूमर्स की विविध वित्तीय जरूरतों को पूरा कर सकें।

# चैटरबॉक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का IPO खुला

**मुंबई।** चैटरबॉक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड कंपनी 42.86 करोड़ जुटाने के उद्देश्य से 25 सितंबर को अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (IPO)खोलेगी। एंकर हिस्सा 24 सितंबर 2025 को खुलेगा और इश्यू 29 सितंबर 2025 को बंद होगा। कंपनी के शेयर BSE SME प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होंगे। इश्यू का आकार 37,27,200 इक्विटी शेयर हैं, जिनका अंकित मूल्य 0 प्रति शेयर है, और मूल्य बैंड 110 से 115 प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। चैटरबॉक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर राज मिश्रा ने कहा, यह आईपीओ चैटरबॉक्स की यात्रा में एक गर्व का मील का पत्थर है। एक बड़े आइडिया के साथ एक छोटी टीम के रूप में शुरू होकर, हम भारत की प्रमुख इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग और सोशल मीडिया कंपनियों में से एक बन गए हैं। चैटरबॉक्स हमेशा रचनात्मकता और समुदाय के संगम पर खड़ा रहा है और इस लिस्टिंग के बारे में जो मुझे सबसे ज्यादा उत्साहित करता है वह केवल पूंजी नहीं है जो हम जुटाते हैं, बल्कि वे संभावनाएं हैं जो यह खोलती है, नवाचार के लिए, हमारी पहुंच बढ़ाने के लिए, और भारत के ब्रांड्स और क्रिएटर्स को एक ऐसा प्लेटफॉर्म देने के लिए जो वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक हो।

महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं डांगट मीडिया प्रा.लि., 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

## उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो

# CM योगी ने 'ब्रांड यूपी' को बताया उत्सव




**नोयडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस 2025) के मंच पर अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की पावन जयंती पर उन्हें याद किया। बोले कि उन्होंने अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के बारे में 70 वर्ष पहले नया चिंतन दिया था। उन्होंने कहा कि यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो अंत्योदय को राष्ट्रोदय में बदलने का विशिष्ट अवसर है। यह अवसर केवल ट्रेड शो का नहीं, बल्कि वर्तमान आर्थिक चुनौतियों का सामना करने के साथ ही आत्मनिर्भर भारत के स्वदेशी मॉडल व मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के पीएम मोदी के विजन का स्वरूप भी है। यूपीआईटीएस के तीसरे संस्करण में 80 देशों के साढ़े पांच सौ से अधिक बायर्स भी हिस्सा ले रहे हैं। यूपी के सभी 75 जनपदों से 2250 से अधिक एग्जीबिटर्स सहभागी बने हैं। ब्रांड यूपी के उत्सव की चर्चा कर योगी ने कहा कि पिछले आठ-साढ़े आठ वर्ष में आई औद्योगिक क्रांति, परंपरागत उद्यम को फिर से दिया गया जीवनदान यूपी की समृद्ध-सांस्कृतिक विरासत तथा सामाजिक विविधता को ट्रेड शो प्रतिबिंबित कर रहा है। इसके जरिए यूपी को देश व दुनिया के सामने शोकेस करने का बेहतरीन प्लेटफॉर्म प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (तृतीय संस्करण) के उद्घाटन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने फिरोजाबाद के शिल्पियों द्वारा बनाई गई मां दुर्गा की प्रतिमा प्रधानमंत्री को भेंट की। सीएम ने पार्टनर कंट्री के रूप में रूस के साथ ही यूपीआईटीएस में आए 532 से अधिक फॉरेन बायर्स का भी स्वागत किया। सीएम ने कहा कि यह आयोजन नए भारत के नए यूपी व विकसित भारत के विकसित यूपी को बढ़ाने में कारगर साबित होगा।

■ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म लागू करने के उपरांत यूपी में प्रथम आगमन पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। गरीब, किसान, महिला, युवा, मध्यम, व्यापारी, लघु एवं कुटीर उद्योग सहित सभी वर्ग व समुदायों को दीपावली का बेहतरीन उपहार देने के लिए उन्होंने यूपी वासियों की तरफ से पीएम का आभार जताया। सीएम ने कहा कि अपैरल व टेक्सटाइल, लेदर उत्पाद, हस्तशिल्प व कॉरपेट्स में यूपी देश में शीर्ष पर है। बदलते वैश्विक आर्थिक परिवेश की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए प्रधानमंत्री जी ने जीएसटी रिफॉर्म्स के माध्यम से बहुत ही महत्वपूर्ण व क्रांतिकारी कदम उठाया है।

## इरफान सोलंकी और रिजवान को हाईकोर्ट से राहत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट से पूर्व विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने दोनों भाइयों की गैंगस्टर एक्ट में जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। यह फैसला न्यायमूर्ति समीर जैन की अदालत ने सुनाया। दो सितंबर को दोनों पक्ष की बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया था। कानपुर की सीसामऊ सीट से सपा के पूर्व विधायक इरफ़ान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी और इजरायल आटेवाला तीनों की जमानत अर्जी कोर्ट ने स्वीकार कर ली है। इरफान सोलंकी के अधिवक्ता इमरान उल्लाह के अनुसार इरफान सोलंकी पर जितने भी मुकदमे दर्ज थे सभी में उनको जमानत मिल गई है। ऐसे में वह अब जेल से बाहर आ जाएंगे। इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद इरफान सोलंकी की पत्नी और कानपुर की सीसामऊ सीट से सपा विधायक नसीम सोलंकी ने कहा कि आज बहुत बड़ी खुशी का दिन है। न्यायालय पर पूरा भरोसा था।

# अखिलेश यादव बोले- जाति हमारा इमोशनल कनेक्ट है

### हरिजन एक्ट तो जाति पर ही बना



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जाति हमारा इमोशनल कनेक्ट है। पिछड़ों को जाति के आधार पर आरक्षण दिया गया है। मंडल कमीशन की प्रस्तावना में ये बात आई कि हम जाति के आधार पर पिछड़े हैं तो हमें आरक्षण मिला है। उन्होंने कहा कि भाजपा पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) की एकता से घबरा गई है। जबसे हमने अलग-अलग विभागों में पीडीए की तैनाती के आंकड़े जारी किए हैं तब से भाजपा घबरा गई और लोगों को अपमानित कर रही है। अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को लखनऊ स्थित सपा कार्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे जिसमें उन्होंने योगी सरकार के आदेश कि एफआईआर, अरेस्ट वारंट या किसी भी दस्तावेज पर जाति नहीं लिखी जाएगी के आदेश पर जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि हरिजन एक्ट तो जाति पर ही बना है। जिन लोगों ने गंगाजल से मकान को धुलवाया उन पर कार्रवाई हुई क्या? मैं जिस मंदिर में गया था उसके पंडित के मना करने पर भी भाजपा के लोगों ने मंदिर को धुलवाया। उन्हें बताना चाहिए कि ऐसा क्यों किया? पीडीए को अब समाजवादी पार्टी पर भरोसा है।

**भ्रष्टाचार के तोड़े रिकॉर्ड**

अखिलेश ने कहा कि यूपी में भाजपा ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। विधायक मंच से बोल रहे हैं कि 10 प्रतिशत कमीशन है उस पर बोलेंगे नहीं और हमें क्रीम, पाउडर और शैंपू में उलझा रहे हैं। हम भी बाजार जाएंगे। कहा कि जो लोग ज्यादा मुनाफा कमा रहे हैं उन्हीं से बात की जा रही है। अखिलेश ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग षडयंत्र करते हैं।

## दुर्गा पूजा पंडाल में सफाई के दौरान करंट लगने से युवक की मौत



**कौशांबी।** मंझनपुर थाना क्षेत्र के समशाबाद चौकी अंतर्गत बुधवार को पूजा पंडाल में सफाई करने के दौरान युवक को करंट लगा सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से जिला अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। मंझनपुर थाना क्षेत्र के समशाबाद चौकी अंतर्गत बुधवार को डडैची गांव में दुर्गा पूजा पंडाल स्थापित है। रोज कि तरह डडूचा गांव का रहने वाल गुड्डू मौर्य पुत्र संगम लाल मौर्य बुधवार कि सुबह लगभग छह बजे पूजा पंडाल में सफाई करके पूजा करने गया था। जैसे ही उसने पंडाल में लगा पंखा सरकाया पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। सूचना पाकर पहुंचे परिजन उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई। मृत गुड्डू मौर्य मुंबई में रहकर एक प्राइवेट नौकरी करता था। सूचना पर पुलिस पहुंची है जांच पड़ताल कर रही है।

# बहराइच में आदमखोर भेड़िये का आतंक

### 15 दिन में 4 मासूमों की मौत और दर्जनों लोग घायल



**बहराइच।** जिले में आदमखोर भेड़िये का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा। महसी तहसील से शुरू हुआ यह आतंक अब पड़ोसी कैसरगंज तहसील तक फैल चुका है। मझारा तौकली क्षेत्र के गांवों में पिछले 15 दिनों से खतरा मंडरा रहा। खूंखार जंगली जानवर अब तक 4 मासूम बच्चों को अपना निवाला बना चुका है, जबकि डेढ़ दर्जन से अधिक ग्रामीण घायल हो चुके हैं।

गन्ने के खेतों की घनी छांव में छिपते हुए भेड़िये की वजह से ड्रोन तक काम नहीं कर पा रहे, जिससे ग्रामीण रात-रात भर लाठियां थामे जागते रहते हैं। डीएम अक्षय त्रिपाठी ने प्रभावित गांवों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और वन विभाग को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। जबकि ग्रामीणों का आक्रोश अब जबाब देता जा रहा है। यह सिलसिला 9 सितंबर को परगपुरवा गांव से शुरू हुआ, जब एक 4 वर्षीय मासूम बच्ची ज्योति को भेड़िये ने निशाना बनाया। अगले दिन उसका शव बरामद हुआ। 11 सितंबर की भयावह रात बहोरवा गांव में एक मां की गोद से 3 माह की नवजात संध्या को छीन लिया गया। 13 सितंबर को एक अधेड़ महिला पर हमला हुआ, जबकि 20 सितंबर को दिनदहाड़े तीन ग्रामीणों पर भेड़िये ने धावा बोला। बहन के पास बैठे भाई को उठा ले गया, जिसका शव आज तक नहीं मिला। सबसे ताजा घटना 24 सितंबर की है, जब कैसरगंज तहसील के बाबूलाल पुरवा गांव में 3 वर्षीय बच्ची को घर में खेलते हुए भेड़िये ने निवाला बनाया। यह चौथी मौत है, जिससे इलाके में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने वन विभाग की गाड़ी तक तोड़फोड़ कर दी। बहराइच का यह क्षेत्र गन्ने की प्रमुख पैदावार वाला है, जहां चारों ओर घने गन्ने के खेत ही नजर आते हैं।

डीएम अक्षय त्रिपाठी ने मझारा तौकली और प्रभावित गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से बात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि विशेषज्ञ टीमें अन्य राज्यों से बुलाई गई हैं और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। डीएफओ राम सिंह यादव ने कहा कि हम थर्मल ड्रोन, कैमरा ट्रैप और नाइट विजन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## वाराणसी की 500 साल पुरानी रामलीला पर संकट के बादल



महानगर संवाददाता

वाराणसी

देश के अलग-अलग जगह पर रामलीला का आयोजन जारी है। वहीं सांस्कृतिक शहर काशी में भी इस वर्ष अलग-अलग जगह पर रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। यहां अनेक रामलीला आयोजन ऐसे भी हैं जो सैकड़ों वर्षों से परंपरागत तरीके से आयोजित किए जाते रहे हैं। मगर, इस बार एक रामलीला आयोजन में फ्लाईओवर निर्माण बाधा बनता हुआ नजर आ रहा है। अब इसे लेकर आयोजकों और रामलीला के बाल कलाकारों ने भी नाराजगी जताई है।

वाराणसी के लाट भैरव रामलीला से जुड़े व्यास पं. दयाशंकर त्रिपाठी ने इस मामले पर नाराजगी जताते हुए बताया कि काशी नगरी में 500 साल से इस पुराने लाट भैरव रामलीला का आयोजन किया जाता रहा है लेकिन बुधवार के दिन लाटभैरव से सरैयां मार्ग पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर की वजह से रामलीला का मंचन बाधित हो गया। इसे स्थगित करना पड़ा। बैरकेडिंग की वज़ह से मंचन पूरा नहीं किया जा सका।

**मंचन पूरा नहीं होने से कलाकारों में अंसतोष**

इसके बाद न सिर्फ आयोजकों ने बल्कि श्री राम लक्ष्मण और मां सीता के रूप में रामलीला के बाल कलाकारों ने भी आयोजन पूरा न होने को लेकर असंतोष व्यक्त किया। उनका कहना है कि 25, 26, 27 सितंबर को अगर इसी तरह मार्ग प्रतिबंध होने की वजह से उन्हें मंचन से रोका गया तो रामलीला इस बार नहीं हो सकेगी। वहीं आयोजकों का यह भी कहना है कि पूर्व में भी अन्य धार्मिक आयोजन के लिए निर्धारित अवधि तक इस मार्ग को खोला गया था और इसलिए रामलीला आयोजन में भी किसी भी प्रकार की रुकावट नहीं होनी चाहिए।

**विभाग ने रामलीला आयोजकों को किया आश्वस्त**

जानकारी के अनुसार लाट भैरव के रामलीला आयोजकों और सेतु निगम के JE के बीच इस मामले को लेकर बातचीत हुई है और विभाग की तरफ से उन्हें आश्वस्त किया गया है कि निश्चित ही इसका समाधान निकाला जाएगा।


# अवैध मदरसे में SDM ने मारा छापा, संचालकों ने रोका रास्ता

### बाथरूम में छिपाई गई थीं 40 बच्चियां



**बहराइच।** यूपी के बहराइच में पयागपुर क्षेत्र के पटिहाट चौराहे पर संचालित अवैध मदरसे में बुधवार को उपजिलाधिकारी अश्वनी पांडेय ने छापा मारा। इस दौरान मदरसा संचालकों ने टीम को अंदर जाने से रोका। प्रशासनिक टीम की सख्ती के बाद संचालक पीछे हटे। छापेमारी में मौके से स्थानीय के साथ ही श्रावस्ती व गोंडा की भी बच्चियां मिलीं। छापेमारी के दौरान मदरसा संचालक ने बच्चियों को बाथरूम में छिपाने का प्रयास किया। टीम ने जांच रिपोर्ट अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को भेजी है। दरअसल, एसडीएम को मदरसे में अनियमितता की शिकायत मिली थी। इस पर एसडीएम टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान नौ से लेकर 14 वर्ष तक की 40 बच्चियां मिलीं। यह देख एसडीएम ने पुलिस को सूचना दी। महिला कांस्टेबल ने मौके पर पहुंचकर बच्चियों के नाम और पता नोट किए। एसडीएम अश्वनी पांडेय ने बताया कि जांच के दौरान मदरसा संचालक खलील पंजीकरण संबंधी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। जांच के बाद आसपास के लोग भी दंग हैं। उनका कहना है कि इसकी जानकारी नहीं थी कि इतनी बड़ी संख्या में बच्चियां यहां रहती हैं।

# सात साल के बालक का शव बोरे में भरकर गेट पर टांगा, बवाल



**आजमगढ़।** जिले के सिधारी थाना क्षेत्र में हाइडिल चौराहे के समीप एक दिन पूर्व लापता एक सात वर्षीय बालक का शव बगल के घर के गेट के पास तार पर बोरे में लटकता मिला। घटनास्थल पर भारी भीड़ जुट गई और लोग जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही भारी पुलिस फोर्स और पीएसी भी पहुंच गई। परिजनों को समझा कर मामले को शांत कराया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

**क्या है पूरा मामला**

जानकारी मुताबिक सिधारी थाना क्षेत्र के पठान टोला निवासी मुकर्रम अली का सात वर्षीय पुत्र शाजेब अली बुधवार की शाम घर से निकला और लापता हो गया। परिजनों ने इसकी सूचना रात करीब सात बजे सिधारी थाने पर सूचना दी। पुलिस बालक की तलाश में जुटी थी। बृहस्पतिवार को दिन में करीब 11 बजे शाजेब अली का शव उसके घर के बगल में लगे गेट के ऊपर तार में बोरे में लटकता मिला। बताया जा रहा है कि परिजन लगातार उसकी तलाश में जुटे थे और पुलिस भी खोजबीन कर रही थी।

इसी बीच चौराहे के पास भीड़-भाड़ वाले इलाके में शव बरामद हुआ तो मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। दुकानों के खुलने के समय अधिक भीड़ होने से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। एक वर्ग की ओर से सड़क को पूरी तरीके से जाम कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एडिशनल एसपी चिराग जैन मौके पर पहुंच गए। भीड़ को नियंत्रण करने के लिए पांच थानों की पुलिस व पीएसी मौके पर पहुंच गई। घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करने के लिए फोरेंसिक टीम, डॉग स्क्वायड टीम व सर्विसलांस टीम मौके पर पहुंची। वहीं, परिजनों को कार्रवाई करने का आश्वासन देकर भीड़ को शांत कराया।

# भूमि अधिग्रहण का मुआवजा अनुकंपा नहीं, किसानों का अधिकार है: हाईकोर्ट



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि भूमि अधिग्रहण का मुआवजा किसानों का अधिकार है, अनुकंपा नहीं। इसके भुगतान में चार दशक तक सरकारी आनाकानी चिंता का विषय है। लिहाजा, अदालत तकनीकी आपत्तियों को किसानों के मौलिक अधिकारों पर हावी नहीं होने देगी। इस टिप्पणी संग न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की खंडपीठ ने करीब चार दशक से मुआवजे की कानूनी लड़ाई लड़ रहे मुरादाबाद के किसानों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने वेद प्रकाश सैनी समेत नौ अन्य याचिकाओं पर कृषि उत्पादन मंडी समिति को नई दर पर मुआवजे की रकम किसानों को छह हफ्ते में अदा करने का आदेश दिया है। साथ ही स्पष्ट किया है कि भुगतान में दोबारा देरी पर वास्तविक भुगतान की तारीख तक 12 फीसदी अतिरिक्त ब्याज अदा करना होगा। मामला उस जमीन से जुड़ा है जिसे 1977 में बाजार निर्माण के लिए अधिग्रहित किया गया था। उस समय मुआवजा बहुत कम दर पर तय किया गया था। किसान असंतुष्ट थे और उन्होंने वर्षों तक न्याय की लड़ाई लड़ी। 2016 और 2017 में विशेष अदालत ने कुछ किसानों को 108 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से मुआवजा देने का आदेश दिया था। इसके बावजूद किसानों ने आपत्तियों के साथ सुप्रीम कोर्ट तक का दरवाजा खटखटाया। अंततः 21 नवंबर 2024 को सुप्रीम आदेश से सभी मामले हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए भेज दिए गए।

## अनुप्रिया पटेल ने कहा, धैर्य रखें, सरकार उद्यमियों के हितों की हर कीमत पर रक्षा करेगी

**वाराणसी।** केंद्र सरकार उद्यमियों के हितों की हर कीमत पर रक्षा करेगी। इसके लिए सरकार कई स्तर पर प्रयास कर रही है। भारत किसी भी कीमत पर राष्ट्रीय हितों के साथ समझौता नहीं करेगा। ये बातें केंद्रीय परिवार कल्याण व राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने अमेरिकी टैरिफ पर उद्यमियों के बीच कहीं। वह बुधवार को जलालपुर स्थित ग्रीन व्यू पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थीं। पटेल ने कहा कि जब हम विकसित भारत की बात करते हैं, तब एमएसएमई का नाम सबसे ऊपर आता है। इसी दम पर देश सबसे बड़ी चौथी अर्थव्यवस्था बन चुका है। आप सभी को भरोसा दिलाते हैं, 2027 तक हम विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेंगे।

# काशी के मठों और मंदिरों पर भी आई लव महादेव के लगे पोस्टर




**वाराणसी।** यूपी-उत्तराखंड समेत कई राज्यों में 'आई लव मोहम्मद' लिखे के पोस्टर-बैनर के साथ जुलूस निकालने के बाद बुधवार को वाराणसी में भी इसे दोहराया गया। इसका जवाब काशी के साधु संतों ने 'आई लव महादेव' के पोस्टर से दिया। काशी के प्रमुख मठों और मंदिरों पर भी आई लव महादेव के पोस्टर लगाए गए। इससे ठीक पहले वाराणसी के मदनपुरा में आई लव मोहम्मद के बैनर के साथ बुधवार को जुलूस निकाला गया। कई मदरसों और घरों पर भी आई लव मोहम्मद के पोस्टर चिपके मिले तो उन्हें उतरवाया गया। जुलूस को लेकर पुलिस ने चार नामजद एवं 50 अज्ञात पर केस दर्ज किया है।

आई लव मोहम्मद को पोस्टर के साथ जुलूस के जवाब में ही काशी के संतों ने आई लव महादेव का पोस्टर लेकर हुंकार भरी। जगद्गुरु शंकराचार्य नरेंद्रानंद सरस्वती के नेतृत्व में संतों और अनुयायियों ने आई लव महादेव के पोस्टर लहराया साथ ही आई लव मोहम्मद का जुलूस निकालने वालों का विरोध किया। उनका कहना है कि आई लव मोहम्मद जैसे संदेशों के माध्यम से धार्मिक उन्माद फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। यह भारत जैसे बहु-धार्मिक देश के लिए खतरनाक संकेत है। संतों का कहना है कि इस साजिश के पीछे कुछ विदेशी ताकतें और देश विरोधी संगठन शामिल हो सकते हैं।

■ संत समाज ने सनातन सेना के ज़रिए इसका जवाब देने की बात भी कही है। कहा कि इसका उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा करना और सामाजिक एकता को बनाए रखना है। जगद्गुरु शंकराचार्य नरेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि 100 करोड़ सनातनी झुकने वाले नहीं हैं। जिस तरह देशभक्तों ने कुर्बानी दी थी, उसी तरह साधु-संत भी देश की अखंडता के लिए तैयार हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि भारत में अशांति फैलाने की कोई कोशिश सफल नहीं होने देंगे। वहीं, पातालपुरी मठ के पीठाधीश्वर जगतगुरु बालकदेवाचार्य ने वाराणसी पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा कि आई लव मोहम्मद का जुलूस निकालने वालों पर के खिलाफ अज्ञात में मुकदमा क्यों दर्ज किया गया है, जबकि जुलूस में शामिल लोग साफ दिख रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में नामजद मुकदमा होना चाहिए और आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार करना चाहिए ताकि शहर का माहौल न बिगड़े। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि काशी की पहचान भगवान शिव की नगरी के रूप में है, न कि किसी और धर्म से। बालकदेवाचार्य ने विदेशी फंडिंग का भी आरोप लगाया और कहा कि कुछ अधिकारी सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए प्रशासन को ऐसे आयोजनों पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए।

## पशु तस्करी पर नकेल: जिस गाड़ी में लदे होंगे गोवंश, अब मालिक भी मानें जाएंगे पशु तस्कर

**गोरखपुर।** जिले में पशु तस्करी पर नकेल कसने के लिए पुलिस ने नई रणनीति अपनाई है। अब यदि कोई पिकअप पशु तस्करी में पकड़ी जाती है तो चालक के साथ-साथ वाहन स्वामी को भी आरोपी माना जाएगा। पिकअप वाहनों के स्वामियों से भी पूछताछ की जाएगी। उन्हें भी आरोपी बनाया जाएगा। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गोरखपुर जिले में कुल 872 पिकअप पंजीकृत हैं। इसमें कोतवाली क्षेत्र में 74, कैंट में 141, गोरखनाथ में 101, कैंपियरगंज में 133, गीडा में 63, चौरीचौरा में 57, बांसगांव में 91, गोला में 114 और खजनी सर्किल क्षेत्र में 98 पिकअप शामिल हैं। इनकी थानेवार सूची तैयार कर बीट पुलिस अधिकारियों को सौंप दी गई है। बीट प्रभारियों द्वारा पिकअप स्वामियों को बुलाकर एक विस्तृत प्रोफार्मा भरवाया जाएगा। इस प्रोफार्मा में वाहन स्वामी का नाम, पता और मोबाइल नंबर के साथ पिकअप का उपयोग किन-किन कार्यों में किया जाता है, इसका ब्योरा देना अनिवार्य किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि कई मामलों में वाहन स्वामी यह तर्क देकर बच निकलते थे कि उन्हें चालक की गतिविधियों की जानकारी नहीं थीं। लेकिन अब इस नियम के लागू होने के बाद मालिक को भी कानूनी रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएगा। थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जिन वाहनों से पशु तस्करी में संलिप्तता पाए जाने की आशंका हो, उनके स्वामियों से पूछताछ की जाए और यदि दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें भी आरोपी बनाकर केस दर्ज किया जाए। इससे तस्करों के लिए वाहन जुटाना आसान नहीं रहेगा और पशु तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने में मदद मिलेगी।

### मिशन शक्ति के तहत प्रदेश के 25 धार्मिक स्थलों पर होंगे कार्यक्रम

# यूपी में कलाकारों को मिलेगा 50 हजार मानदेय



महानगर संवाददाता

**लखनऊ**

मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रमों के आयोजन के लिए राज्य के 25 प्रमुख धार्मिक स्थलों को चिह्नित किया गया है। इन धार्मिक स्थलों पर कार्यक्रम के आयोजन के लिए शासन ने 1.45 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। दस दिन तक होने वाले कार्यक्रमों के लिए कलाकारों की मंडली को प्रति कार्यक्रम 50 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम में सहयोग करने वालों को एक हजार रुपये प्रति कार्यक्रम, अभिलेखीकरण के लिए पांच लाख और व्यवस्थागत खर्च के लिए प्रति कार्यक्रम 50 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। संस्कृति निदेशालय ने पिछले दिनों मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के आयोजन के लिए सभी जिलाधिकारियों को जिले के प्रमुख मंदिरों में कार्यक्रमों के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी थी। इसके लिए जिलाधिकारी के स्तर पर समिति का गठन कर मंदिरों या धार्मिक स्थलों और कलाकारों के चयन किए जाने के निर्देश दिए गए थे। अब संस्कृति निदेशालय ने नया शासनादेश जारी कर मिशन शक्ति अभियान के तहत चिह्नित किए गए राज्य के 25 मंदिरों व धार्मिक स्थलों की जानकारी दी है। इन्हीं मंदिरों व धार्मिक स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। चिह्नित स्थलों में मीरजापुर में स्थित मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर, सोनभद्र में स्थित ज्वाला देवी मंदिर, भदोही में स्थित सीता समाहित स्थल, प्रयागराज का अलोपी देवी व ललिता देवी, कौशांबी में कदवासिनी, बलरामपुर में पाटेश्वरी देवी (देवीपाटन), सीतापुर में ललितादेवी, सहारनपुर में शाकंभरी देवी, मथुरा में कात्यायनी देवी, जौनपुर में मां शीतला चौकिया धाम, प्रतापगढ़ में बेल्हा देवी, वाराणसी में विशालाक्षी देवी, उन्नाव में चंडिका देवी, औरैया में देवकाली मंदिर, गोरखपुर में मां तर्कुलहा देवी धाम, मऊ में मां शीतला माता स्थल, चित्रकूट में शिवानी देवी, हमीरपुर में गायत्री शक्ति पीठ, जालौन में बैरागढ़ माता कोंच, कानपुर देहात में कुष्मांडा देवी घाटमपुर, मैनपुरी में शीतला माता मंदिर, फिरोजाबाद में चामुंडा माता मंदिर, लखनऊ में चंद्रिका देवी व संकटा देवी मंदिर शामिल हैं। इन स्थलों पर मिशन शक्ति के तहत कार्यक्रमों का आयोजन कर राज्य की महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा।

## पूर्वांचल के बाहुबली नेता बृजेश सिंह का सुरियावा में भव्य सम्मान



**भदोही।** पूर्वांचल के बाहुबली नेता तथा पूर्व विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह का रविवार को सुरियांवा थाना परिसर में स्थित शिव मंदिर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विनय चौरसिया द्वारा 51 किलो के फूलों की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया तथा वहीं उनको गदा भेट किया गया। इस दौरान पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह सुरियावां थाना क्षेत्र परिसर में पहुंचे जहां थाना परिसर में बने शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विधि विधान के साथ दर्शन पूजन किया। इस दौरान बृजेश सिंह ने कहा कि जनता की सेवा के लिए जो भी मुझे जिम्मेवारी मिलेगी, मैं करता रहूंगा। उनके साथ आए वर्तमान विधान परिषद सदस्य अन्नपूर्णा सिंह के प्रतिनिधि संजय ने नगर के वार्ड संख्या 5 में 800 मीटर लंबी सीसी रोड निर्माण कराए जाने की घोषणा की। अध्यक्ष विनय चौरसिया ने इसके लिए एमएलसी व पूर्व एमएलसी के साथ ही वर्तमान एमएलसी प्रतिनिधि का भी आभार जताया। इस मौके पर रमाकांत जायसवाल, मनु सिंह, पंजाबी मोदनवाल, जलालुद्दीन सिद्दीकी, गिरजा शंकर, अभिषेक कुमार, टोनी सिंह, रितेश सिंह, गोपाल विक्की सिंह, विजय वर्मा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# राजस्थान में पीएम मोदी ने किया कई परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

### तीन वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी




महानगर नेटवर्क
बांसवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 सितंबर को राजस्थान के बांसवाड़ा में केंद्र एवं राज्य सरकार की 1,22,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने बांसवाड़ा के नापला में आयोजित कार्यक्रम में रिमोट का बटन दबाकर इन परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इनमें माही बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना भी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी को सस्ती, विश्वसनीय और टिकाऊ बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिजली क्षेत्र को बदलने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप 'प्रधानमंत्री अणुशक्ति विद्युत निगम लिमिटेड' की माही बांसवाड़ा राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना की आधारशिला रखी। इसकी लागत लगभग 42,000 करोड़ रुपये है। आधिकारिक बयान के मुताबिक यह परियोजना देश के सबसे बड़े परमाणु संयंत्रों में से एक होगी जो विकसित परमाणु ऊर्जा परिदृश्य में भारत की स्थिति को मजबूत करेगी। इस परियोजना में एनपीसीआईएल द्वारा डिजाइन और विकसित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं के साथ 700 मेगावाट के चार स्वदेशी भारी जल रिएक्टर शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राजस्थान में लगभग 19,210 करोड़ रुपये की हरित ऊर्जा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। उन्होंने फलोदी, जैसलमेर, जालौर, सीकर आदि स्थानों पर सौर परियोजनाओं का उद्घाटन किया। बीकानेर में भी एक सौर परियोजना की आधारशिला रखी। उन्होंने आंध्र प्रदेश के रामागिरी में एक सौर पार्क की आधारशिला भी रखी।

### देश में आया आमूल-चूल परिवर्तन

रेल संपर्क को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने तीन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इसमें बीकानेर और दिल्ली कैंट के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन, जोधपुर और दिल्ली कैंट के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन और उदयपुर सिटी-चंडीगढ़ एक्सप्रेस शामिल हैं। इन ट्रेनों की शुरुआत से राजस्थान और अन्य उत्तरी राज्यों के बीच संपर्क बेहतर होगा। इससे पहले केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में आमूल-चूल परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़ी राहत दी गई है। उन्होंने कहा, "इसका उद्देश्य गरीबों की सेवा करना है।"

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने क्या कहा?

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान सौर ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी है और प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तीनों घटकों में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। सरकारी भवनों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरित होकर राजस्थान सरकार ने पांच साल में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है और दो साल में राज्य भर में 19 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य में निवेश के कारण निजी क्षेत्र में नौकरियां पैदा हो रही हैं।

# चुनावी चंदा मामले में फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति को 5 साल की जेल

महानगर नेटवर्क
पेरिस

पेरिस की अदालत ने पूर्व फ्रांसीसी राष्ट्रपति निकोलस सारकोजी को पांच वर्ष की कारावास की सजा सुनाई है। खास बात यह है कि अपील करने पर भी उन्हें जेल में ही रहना पड़ेगा। गुरुवार को लीबिया से कथित रूप से अवैध चुनावी फंडिंग के मामले में उन्हें दोषी ठहराया गया। अदालत ने उनकी कैद की तिथि बाद में निर्धारित करने का फैसला किया है। कोर्ट ने सारकोजी को 2005 से 2007 के बीच लीबिया से राजनयिक सहयोग के एवज में अपने चुनावी अभियान के लिए फंड इकट्ठा करने की साजिश में अपराधी होने का दोषी करार दिया। हालांकि, अदालत ने उन्हें तीन अन्य आरोपों से बरी कर दिया, जिनमें निष्क्रिय भ्रष्टाचार, अवैध चुनावी फंडिंग और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग को छिपाना शामिल थे। इसके अलावा सारकोजी के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान उनके दो करीबी सहयोगी (पूर्व मंत्री क्लॉड गुएंट और ब्राइस होर्टेफ्यूक्स) को भी दोषी ठहराया गया। इन दोनों ने सारकोजी के 2007 के चुनावी अभियान के लिए लीबिया से धन प्राप्त करने की साजिश रची थी।

### लीबिया के गद्दाफी से जुड़ा है मामला



दरअसल, पूरा मामला 2007 के राष्ट्रपति चुनाव से जुड़ा है, जब सारकोजी पर लीबिया के तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी की सरकार से करोड़ों यूरो की गुप्त राशि हासिल करने का आरोप लगा। 2011 में लीबिया की एक न्यूज एजेंसी और खुद गद्दाफी ने दावा किया था कि लीबिया ने सारकोजी की चुनावी मुहिम को चुपके से फाइनेंस किया। वकीलों के मुताबिक, 2005 में सारकोजी और उनके साथियों ने गद्दाफी शासन के साथ एक 'भ्रष्ट सौदा' किया था, जिसमें चुनावी फंडिंग के बदले लीबिया को कूटनीतिक, कानूनी और व्यापारिक मदद का वादा था। इसके अलावा, सारकोजी ने गद्दाफी की वैश्विक इमेज चमकाने का भरोसा दिलाया था। गद्दाफी का 41 साल का क्रूर राज मानवाधिकार हनन और 1988 के लॉकरबी बम धमाके जैसे आतंकी हमलों से जुड़ा था, जिसकी वजह से वे अंतरराष्ट्रीय बहिष्कार का शिकार थे। वकीलों ने आरोप लगाया कि 2005 में जब सारकोजी फ्रांस के गृहमंत्री थे, तो उनके दल के सदस्यों ने लीबिया में गद्दाफी के अधिकारियों से गुप्त बातचीत की।

# 'आई लव मुहम्मद' को लेकर गुजरात में बवाल

### सोशल मीडिया पोस्ट के बाद दुकानों में तोड़फोड़ और पथराव ■ 60 लोग हिरासत में




**गांधीनगर।** गुजरात के गांधीनगर जिले के एक गांव में अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों ने कई दुकानों तथा वाहनों में तोड़फोड़ की और पथराव किया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने बुधवार देर रात हुई झड़प और दंगे के लिए देहगाम तालुका के बहियाल गांव से लगभग 60 लोगों को हिरासत में लिया है। उन्होंने बताया कि हमले में चार दुकानें और पांच से छह वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। दरअसल ये पूरा मामला सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट के बाद शुरू हुआ। गांधीनगर के पुलिस अधीक्षक रवि तेजा वासमसेट्टी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, ''सोशल मीडिया पर चल रहे अभियान 'आई लव मुहम्मद' पर एक हिंदू व्यक्ति द्वारा किए गए एक पोस्ट ने अल्पसंख्यक समुदाय को नाराज कर दिया, जिसके कारण हमला हुआ।'' उन्होंने बताया कि बुधवार रात करीब 11 बजे एक बड़े समूह ने व्हाट्सएप पर स्टेट्स लगाने वाले एक व्यक्ति की दुकान का शटर तोड़ा और उसकी दुकान का सामान निकालकर जला दिया। अल्पसंख्यक समुदाय के लोग व्हाट्सएप पर यह स्टेट्स लगाने से नाराज हो गए थे। अधिकारी ने बताया, 'बाद में समूह ने हिंदू इलाकों पर पथराव किया। जवाबी कार्रवाई में हिंदू इलाकों से समूह पर पथराव किया गया।' उन्होंने बताया कि भारी पुलिस बल तैनात किया गया और स्थिति नियंत्रित कर ली गई। सहायक पुलिस अधीक्षक आयुष जैन ने मीडिया को बताया, 'चार दुकानें और पांच से छह वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।' जैन ने कहा, 'हमने 60 लोगों को हिरासत में लिया है और हिंसा में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है।' पुलिस अधिकारी ने यह नहीं बताया कि झड़प में कोई घायल हुआ या नहीं। उन्होंने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है।

# राष्ट्रपति के स्वागत में देशी-विदेशी फूलों से सजाया गया बांके बिहारी मंदिर

- गुलाब के इत्र का हुआ छिड़काव
- बंदरों को दूर रखने के लिए की गई यह व्यवस्था

**मथुरा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु गुरुवार को वृन्दावन के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचीं और विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन किया। राष्ट्रपति ने अपने दौरे के दौरान ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शन किये और निधिवन पहुंच राधारानी की प्राकट्य स्थली निहारी एवं स्वामी हरिदास की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। उन्होंने सुदामा कुटी में संस्थापक स्वामी सुदामा दास महाराज की जन्मशती पर उनकी भजन स्थली का लोकार्पण किया। इस दौरान राष्ट्रपति के साथ आयीं उनकी पुत्री इतिश्री मुर्मु, दामाद और दोनों नाती भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति

### 18 डिब्बों वाली विशेष ट्रेन से पहुंचीं वृंदावन रोड

राष्ट्रपति बृहस्पतिवार को अपनी एक दिवसीय यात्रा पर महाराजा एक्सप्रेस ट्रेन से नयी दिल्ली से मथुरा स्थित वृंदावन पहुंचीं। राष्ट्रपति पूर्वाह्न 10 बजे 18 डिब्बों वाली आलीशान विशेष ट्रेन में सवार होकर वृंदावन रोड स्टेशन पहुंचीं। इस ट्रेन में महाराजा एक्सप्रेस के 12 डिब्बे शामिल थे जिनमें राष्ट्रपति और उनके कर्मचारियों के लिए एक प्रेसिडेंशियल सुइट, डीलक्स सुइट, रेस्टोरेंट और लाउंज शामिल थे।





विशेष ट्रेन से अपराह्न 10 बजे मथुरा के वृन्दावन रोड स्टेशन पहुंचीं। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण की अगुवाई में एक दल ने उनका स्वागत किया।

### देश-विदेश के फूलों से सजाया गया मंदिर

राष्ट्रपति सबसे पहले ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर पहुंचीं, जहां मंदिर की समिति की ओर से अध्यक्ष अशोक कुमार एवं सदस्य दिनेश गोस्वामी ने उनका स्वागत किया। यहां राजभोग सेवाधिकारी शैलेंद्र गोस्वामी, गौरव गोस्वामी एवं फ्रैकी गोस्वामी ने उन्हें देहरी पूजन एवं अष्टक पूजन कराया। राष्ट्रपति ने मंदिर में भेंट स्वरूप एक लिफाफा चढ़ाया। इस मौके पर मंदिर को देश-विदेश से मंगाए गए विशेष फूलों से सजाया गया था और प्रांगण में कन्नौज से मंगाए गए गुलाब के इत्र का छिड़काव किया गया था, जिसकी खुशबू से सम्पूर्ण मंदिर परिसर महक उठा था। इस बीच पिछले अनुभवों को देखते हुए जिला प्रशासन ने राष्ट्रपति एवं उनके प्रियजनों को बंदरों की चपेट में आने से बचाने के लिए मंदिर एवं आसपास की छतों पर वन विभाग के लोगों को गुलेल तथा 'एयरगन' देकर तैनात किया था, जिससे कोई भी अप्रिय घटना नहीं हुई। राष्ट्रपति इसके बाद निधिवन पहुंचीं। निधिवन में ही राधारानी की सुंदर प्रतिमा उनके भक्त स्वामी हरिदास जी को प्राप्त हुई थी। इसी वन में उनकी समाधि भी स्थित है। राष्ट्रपति ने दोनों स्थलों के दर्शन किये और श्रृंगार सामग्री भेंट की। उन्होंने निधिवन में करीब 500 मीटर पैदल चलकर राधारानी की प्राकट्य स्थली की परिक्रमा भी की। बाद में राष्ट्रपति ने परिक्रमा मार्ग पर संत सुदामा दास महाराज की भजन कुटी का लोकार्पण किया। सुदामा कुटी से निकलने से पूर्व राष्ट्रपति ने अपनी स्वर्गीय माता की स्मृति में पौधारोपण भी किया। इसके बाद राष्ट्रपति वृन्दावन में ही एक होटल में दोपहर का भोजन एवं कुछ समय विश्राम करके मथुरा में तिलकद्वार के निकट आर्यनगर (अंतापाड़ा) स्थित श्रीकृष्ण-कृष्ण मंदिर के दर्शन करने गयीं। इस दौरान प्रोटोकॉल के तहत सरकार की ओर से गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण, आगरा मण्डल में जिले के सभी वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी राष्ट्रपति के साथ रहे।

# 'रूस से युद्ध खत्म होते ही दे दूंगा इस्तीफा...'

### यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की पद छोड़ने को तैयार

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने ऐलान किया है कि रूस के साथ युद्ध समाप्त होते ही वो अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। शांतिकाल की स्थिति में देश का नेतृत्व करने का उनका कोई इरादा नहीं है। जेलेंस्की ने यह भी वादा किया कि अगर युद्धविराम हो जाता है, तो वह यूक्रेन की संसद से चुनाव कराने का अनुरोध करेंगे। न्यूयॉर्क स्थित न्यूज वेबसाइट 'Axios' से बात करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि उनका लक्ष्य दोनों देशों के बीच युद्ध को समाप्त करना है। उनका लक्ष्य पद के लिए चुनाव लड़ते रहना बिल्कुल भी नहीं है। दरअसल युद्ध के कारण यूक्रेन में चुनाव अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिए गए हैं। यूएन की मीटिंग से कीव लौटने से ठीक पहले जेलेंस्की ने न्यूयॉर्क में एक इंटरव्यू के दौरान ये बात कही। जेलेंस्की ने बताया कि मंगलवार को जब वे अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मिले थे, तो ट्रंप ने उनसे कहा था कि अगर युद्धविराम होता है, तो ऐसे में यूक्रेन को समय का सही इस्तेमाल करना चाहिए। देश में शांति बहाल कराने के लिए चुनाव करवाया जा सकता है। जेलेंस्की ने कहा कि वह समझते हैं कि लोग एक नए जनादेश वाले नेता की चाहत रखते हैं जो दीर्घकालिक शांति स्थापित करने के लिए जरूरी और अहम फैसले ले सके। जेलेंस्की ने ये भी कहा कि देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोजित कराना मुश्किल होगा।

# दोस्त-दोस्त ना रहा, डोनाल्ड ट्रंप के एक्शंस को लेकर कांग्रेस का PM मोदी पर तंज

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हालिया टिप्पणियों और उनके कदमों को लेकर केंद्र सरकार और पीएम मोदी की कूटनीति पर सवाल उठाए हैं। गुरुवार को कांग्रेस ने राज कपूर की 1964 की फिल्म "संगम" के प्रसिद्ध गाने "दोस्त-दोस्त न रहा" का इस्तेमाल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। कांग्रेस महासचिव और मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी पर कटाक्ष किया। रमेश ने पोस्ट में डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के खिलाफ उठाए हुए कदमों की लिस्ट दिखाई। उन्होंने लिखा,

### CWC बैठक में प्रस्ताव



"मई 2025 से अब तक राष्ट्रपति ट्रंप ने जो कुछ किया है, उस पर एक नजर डालें, उन्होंने चार अलग-अलग देशों में, जिनमें संयुक्त राष्ट्र भी शामिल है, 45 बार दावा किया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम कराने का श्रेय उन्हें जाता है, जिसके चलते ऑपरेशन सिंदूर अचानक रोक दिया गया था। उन्होंने पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस में लंच पर बुलाया, वही व्यक्ति जिसके भड़काऊ और साम्प्रदायिक बयानों के बाद पहलगाम आतंकी हमला हुआ था। उन्होंने आगे दोनों देशों के बीच अमेरिका-पाकिस्तान आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने की बात, ट्रंप द्वारा सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते को हरी झंडी देने, हाल ही में भारत पर टैरिफ बढ़ाए जाने और H1B वीजा पर फीस बढ़ाने जैसे कदमों का भी जिक्र किया। जयराम रमेश ने कहा, "ट्रंप ने रूस के साथ भारत के आर्थिक संबंधों को लेकर भारत को निशाना बनाया और सजा दी।


## पनवेल महानगरपालिका
### शहर अभियंता विभाग
### ई-निविदा सुचना

निविदा सुचना क्र.पमपा/बांधकाम/४९२४/प्र.क्र. ०१/३६९०/२०२५ — दिनांक : २५/९/२०२५

आयुक्त, पनवेल महानगरपालिका खालील नमूद कामाकरीता सार्वजनिक बांधकाम विभाग, केंद्रीय सार्वजनिक बांधकाम विभाग, महाराष्ट्र जीवन प्राधिकरण, सिडको इत्यादी शासकीय / निम शासकीय (Centeral Government / State Government/ Government under taking) विभागात खालील कामासाठी पात्र अनुभवी ठेकेदाराकडून बी १ शतमान पद्धतीनुसार जाहिर ई-निविदा मागवित आहेत.


| अ. क्र. | निविदा क्र. | कामाचे नाव | निविदा रक्कम रु. (Without GST) |
|---|---|---|---|
| १. | PMC/CE/५३/२०२५-२०२६ | पनवेल महानगरपालिका हद्दीतील कळंबोली येथील सेक्टर- ५, भुखंड क्र. ११अ, क्षेत्र ११९५.५८ चौ.मी. या ठिकाणी मच्छी मार्केट उभारणे. | ₹ ५,७८,९१,७७६/- |

या कामाच्या ई- निविदे बाबतची माहिती शासनाच्या 'http://mahatenders.gov.in' या संकेतस्थळावर दि. २५/०९/२०२५ रोजी प्रसिध्द करण्यात आली आहे. संबंधित निविदा धारकांनी याची नोंद घ्यावी.

सही/-
अतिरिक्त आयुक्त-I
पनवेल महानगरपालिका


# लाचारी का बहाना मत बनाइए, SC ने CBI को लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हिरासत में एक युवक की मौत होने के मामले में फरार पुलिस अधिकारियों को गिरफ्तार नहीं करने पर मंगलवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) और मध्य प्रदेश सरकार को फटकार लगाई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान CBI को अवमानना कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ हिरासत में जिस 24 वर्षीय युवक की मौत हुई उसकी मां की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी। मृतक की मां की याचिका में आरोप लगाया गया है कि मामले की जांच का जिम्मा मध्य प्रदेश पुलिस से सीबीआई को सौंपने से जुड़े शीर्ष अदालत के 15 मई के आदेश का पालन नहीं हुआ है। इस पर पीठ ने CBI को एक महीने में दोनों आरोपी पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। साथ ही एजेंसी को आगाह किया जा कि अगर हिरासत में बंद मृतक के चाचा को कुछ भी हुआ तो CBI को बख्शा नहीं जाएगा। बता दें कि युवक के चाचा इस मामले में एकमात्र चश्मदीद गवाह हैं और फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। जस्टिस नागरत्ना ने CBI के वकील से कहा, "हम केवल यही कहेंगे कि आपकी लाचारी से लग रहा है आप आरोपियों को बचाना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद आप कार्रवाई करने में असमर्थ हैं। आप लाचारी का बहाना बना रहे हैं।



# इजरायल की राजधानी तेल अवीव में कार में बड़ा धमाका

### विस्फोट में कई घायल

**तेल अवीव।** इजरायल में बीते फरवरी महीने में कई बसों में धमाके के बाद अब कार में धमाके की खबर सामने आई है। इजरायल के चैनल 12 ने गुरुवार को एक रिपोर्ट में बताया कि इजरायल की राजधानी तेल अवीव में सड़क पर पार्क इस कार में विस्फोट के बाद कई लोग घायल हो गए। हालांकि विस्फोट का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। जानकारी के मुताबिक शहर के याद एलियाहू इलाके में ला गार्डिया स्ट्रीट पर हुए विस्फोट के बाद पुलिस और अग्निशमन कर्मी घटनास्थल पर मौजूद हैं। वहीं एक घायल शख्स को इलाज के लिए तेल अवीव के इचिलोव अस्पताल ले जाया जा रहा है। इजरायली पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और पुलिस ने एक आपराधिक घटना बताया है। फिलहाल ला गार्डिया स्ट्रीट के एक हिस्से को आम लोगों के लिए बंद कर दिया गया है।

# आयरलैंड में दिखी पहली भारतीय सांस्कृतिक समारोह की झलक!

### डबलिन में भारतीय दूतावास ने किया असम को समर्पित कार्यक्रम

महानगर नेटवर्क
डबलिन

भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विविधता में एकता और 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना से प्रेरित होकर डबलिन स्थित भारतीय दूतावास ने आयरलैंड में पहली बार असम राज्य को समर्पित एक विशेष सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। यह आयोजन दूतावास की राज्य-सांस्कृतिक-कार्यक्रम-श्रृंखला पहल का एक हिस्सा था। इस कार्यक्रम में असम की समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, पाककला और पर्यटन की विरासत पर एक मल्टीमीडिया प्रस्तुति के साथ-साथ कई पारंपरिक नृत्य, असमिया कविता पाठ और असम की आकर्षक वस्त्र एवं शिल्प परंपरा का प्रदर्शन




शामिल था। यह कार्यक्रम दिवंगत मालाकार की अध्यक्षता वाले असम एसोसिएशन ऑफ आयरलैंड के उत्साही समर्थन और भागीदारी के कारण संभव हो सका। इस अवसर पर आयरलैंड में भारत के राजदूत अखिलेश मिश्र ने राजदूतावास द्वारा असम पर पहली बार आयोजित विशेष प्रस्तुति की मेजबानी पर बहुत प्रसन्नता व्यक्त की। यह कार्यक्रम आयरलैंड में अपेक्षाकृत छोटे लेकिन अत्यंत जीवंत और सक्रिय असमिया समुदाय (जिनकी वर्तमान में अनुमानित संख्या लगभग 200 है) की वजह से ही सम्भव हुआ। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत के विभिन्न राज्यों की अपनी-अपनी विशिष्ट भाषायी, सांस्कृतिक और प्राकृतिक आकर्षण, कला और शिल्प की विरासत है। सभी भारतीयों को भारत के अन्य भागों में रहने वाले अपने भाइयों और बहनों की सांस्कृतिक समृद्धि और रचनात्मक कौशल के बारे में जानने, पारस्परिक विकास के लिए एक-दूसरे से सीखने और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक-दूसरे की प्रगति और प्रसार में सहयोग करने की आवश्यकता है।


### सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं मछिंद्रनाथ शंकर पाटिल, जो जी2 जय महाराष्ट्र चॉल नंबर 1, गांवदेवी रोड, पोइसर, कांदिवली पूर्व, मुंबई 400 101 में रहता हूं, मैंने निम्नलिखित दस्तावेज खो दिए हैं और मुझसे कहीं गुम हो गए हैं : एम.एस.डी. में कांदिवली पूर्व, मुंबई, ग्राम – पोईसर, तालुका – बोरीवली में सीटीएस क्र. 581 से सम्बद्ध सर्वे क्र. 65 हिस्सा क्र. 3 स्थित संपत्ति के संबंध में (1) शंकर रामचंद्र पाटिल और मछिंद्रनाथ शंकर पाटिल के बीच निष्पादित गिफ्ट डीड दिनांक 22-11-2007 और (2) धोंडाबाई दगडू सूर्यवंशी और शंकर रामचंद्र पाटिल के बीच निष्पादित बिक्री विलेख दिनांक 3 अप्रैल 1986 (3) श्रीमती एलोई मोनिका मैरी रिबेलो और धोंडाबाई दगडू सूर्यवंशी के बीच निष्पादित बिक्री विलेख दिनांक 22 सितंबर 1969.

यदि किसी व्यक्ति को उक्त पेपर मिला है या दस्तावेज प्राप्त हुए हैं, तो कृपया मुझसे संपर्क करके अधोहस्ताक्षरी को वापस कर दें. यह भी ध्यान दें कि गुमशुदगी की शिकायत पहले से ही संबंधित पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी रिपोर्ट संख्या: 126778-2025 के तहत समता नगर पुलिस स्टेशन में दिनांक 25.09.2025 को दर्ज है और यदि उक्त दस्तावेज वापस नहीं किए जाते हैं, तो उसके धारक को चोरी की संपत्ति का स्वामी माना जा सकता है.

यदि किसी व्यक्ति के पास उपरोक्त दस्तावेजों के आधार पर कोई दावा है, तो वह तुरंत ऐसा कोई भी दावा कर सकता है, अन्यथा मैं किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त मूल दस्तावेजों के आधार पर ऐसे किसी भी दावे पर विचार नहीं करूंगा.

हस्ता./-
मछिंद्रनाथ शंकर पाटिल
मोबाइल: 73042 52944
स्थान: मुंबई दिनांक: 26-09-2025



## Ulhasnagar Municipal Corporation

Medical Health Department, Ground Floor, Ulhasnagar-03

"SUPPLY OF HEALTH FACILITY FURNITURE FOR URBAN HEALTH WELLNESS CENTER & AAPLA DAWAKHANA".

Tender Notice No.: UMC/HEALTHDEPARTMENT/NUHM/03/2025-2026

| | |
|---|---|
| Price of Blank Tender form | :- Rs.7,080/- (Rs.6,000+ Rs.1,080/-GST 18%) (Non-Refundable) |
| Publishing Date | :-25/09/2025 at 18.00 PM |
| Documents Download/ Sale Start Date | :-06/10/2025 at 18.00 P.M. |
| Bid Submission Start Date | :-25/09/2025 at 18.00 P.M. |
| Pre Bid Meeting Date | :-29/09/2025 at 12.30 P.M |
| Bid Submission Closing Date | :- 04/10/2025 at 18.00 P.M. |
| Bid Opening Date | :-06/10/2025 at 16.00 P:M. |

This is to certify that this tender document consist serially page no.1 to 20

जा.क्र.उमपा/पिआरओ/३१०/२०२५
दिनांक :- २५/०९/२०२५

Sd/-
Deputy commissioner of Health
Ulhasnagar Municipal Corporation

# शारदीय नवरात्रि के पांचवें दिन मां स्कंदमाता की पूजा

नवरात्रि के पांचवें दिन मां के पंचम स्वरूप माता स्कंदमाता की पूजा- अर्चना की जाती है। मां अपने भक्तों पर पुत्र के समान स्नेह लुटाती हैं। मां की उपासना से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है। मां का स्मरण करने से ही असंभव कार्य संभव हो जाते हैं। भगवती के स्कंदमाता स्वरूप की उपासना नवरात्र की पंचमी तिथि पर विशेष रूप से की जाती है। देवी के इस स्वरूप की आराधना से व्यक्ति की सभी कामनाएं पूर्ण होती हैं वहीं उसके मोक्ष का मार्ग भी सुलभ हो जाता है। कार्तिकेय की माता होने के कारण ही देवी के इस स्वरूप को स्कंदमाता नाम मिला। काशी खंड, देवी पुराण और स्कंद पुराण में देवी का विराट वर्णन है। मां की उपासना से परम शांति और सुख का अनुभव होता है।

पूजा में पीले रंग के वस्त्र पहनना शुभ होता है। भक्त मां को जल, चंदन, कुमकुम, फूल, फल और केले का भोग लगाकर उनकी आरती करते हैं और स्कंदमाता के मंत्रों का जाप करते हैं। इस पूजा से संतान सुख, बुद्धि-विवेक में वृद्धि होती है और माता की कृपा से अलौकिक तेज की प्राप्ति होती है।



**पूजा की विधिः**

**स्नान और वस्त्र:** ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें और पीले रंग के स्वच्छ वस्त्र धारण करें।

**पूजा सामग्री:** चौकी पर पीला वस्त्र बिछाकर मां स्कंदमाता की तस्वीर या मूर्ति स्थापित करें। उन्हें फूल, फल, मिठाई, लौंग, इलाइची और केले का भोग लगाएं।

**दीप जलाएं और आरती करें:** धूप और घी का दीपक जलाकर मां स्कंदमाता की आरती करें।

**मंत्र जाप और पाठ:** स्कंदमाता के मंत्रों का जप करें और स्कंदमाता चालीसा का पाठ भी करें।

**प्रसाद वितरण:** प्रसाद के रूप में केला ग्रहण करें, इससे स्वास्थ्य और संतान संबंधी बाधाएं दूर होती हैं।

**रंग** – मां स्कंदमाता को श्वेत रंग प्रिय है। मां की उपासना में श्वेत रंग के वस्त्रों का प्रयोग करें। मां की पूजा के समय पीले रंग के वस्त्र धारण करें।

**पूजा का महत्वः**

**संतान प्राप्ति**

यह माता का रूप ममतामयी माना जाता है। जो लोग संतान की इच्छा रखते हैं, उन्हें स्कंदमाता की विशेष रूप से आराधना करनी चाहिए।

**बुद्धि और विवेकः**

इस पूजा से बुद्धि और विवेक में वृद्धि होती है। स्कंदमाता की आराधना से मोक्ष की प्राप्ति होती है और भक्त भवसागर पार करने में सफल होता है।

**तेज और कांतिमय स्वरूपः**

सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण, इनकी उपासना से व्यक्ति को अलौकिक तेज और कांतिमय स्वरूप प्राप्त होता है।

**स्कंदमाता के मंत्र**

मां स्कंदमाता का वाहन सिंह है। इस मंत्र के उच्चारण के साथ मां की आराधना की जाती है।

**सिंहासनगता नित्यं**
**पद्माश्रितकरद्वया।**
**शुभदास्तु सदा देवी**
**स्कंदमाता यशस्विनी॥**

# कपड़ों पर लगे इंक के दाग हटाने के टिप्स



अगर आपको भी अपने बच्चे से यह शिकायत रहती है कि वो रोजाना अपनी स्कूल ड्रेस में इंक के दाग लगाकर लाता है। जिसे आसानी से साफ करना आपके लिए नामुमकिन काम हो जाता है। तो ये खबर खास आपके लिए ही है। इंक लगी स्कूल की ड्रेस को साफ करना ना सिर्फ समय खराब करता है बल्कि आपके हाथों के लिए भी कई बार सजा की तरह बना जाता है। अगर आप भी अपने बच्चे की इंक लगी गंदी स्कूल ड्रेस धोने से डरते हैं तो ये घरेलू नुस्खे आपकी मदद कर सकते हैं। आइए जानते हैं कैसे।

**विनेगर और डिश सोप**


कपड़े से इंक के दाग हटाने के लिए आप विनेगर और डिश सोप का इस्तेमाल कर सकते हैं। सिरके के इस उपाय को आजमाने से इंक के दाग तक आसानी से निकलने के साथ कपड़े की चमक भी पहले की तरह बनी रहती है। इस उपाय को करने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में विनेगर लेकर इसमें डिश सोप मिला लें। इसके बाद इस लिक्विड को इंक लगे दाग पर लगाकर हल्के हाथों से रब करके करीब 30 मिनट तक कपड़े पर लगा रहने दें। आधे घंटे बाद कपड़े को पानी से साफ कर लें।

**कॉर्नस्टार्च और दूध का उपाय**

कपड़ों पर लगे इंक के दाग आप कॉर्नस्टार्च और दूध की मदद से भी साफ कर सकते हैं। इस उपाय को करने के लिए आपको सबसे पहले एक कटोरी में कॉर्नस्टार्च और दूध डालकर दोनों चीजों को अच्छे से मिलाना है। अब इस मिश्रण को इंक के दाग पर डालकर अच्छी तरह रब करके आधे घंटे के लिए कपड़े पर ही लगा रहने दें। इसके बाद कपड़े को पानी डालकर साफ कर लें।

# खुद को एक्टिव रखने के लिए करें प्राणायाम

बारिश की वजह से मौसम एक बार फिर से बदल गया है। अब हल्की ठंडक होने लगी है। जब भी बारिश का मौसम होता है तो ज्यादातर लोगों का मूड बदलने लगता है और आलस आना शुरू हो जाता है। इस दौरान लोगों की एक्टिविटी कम हो जाती है। इस दौरान ज्यादातर लोगों को बिस्तर पर दुबके रहने अच्छा लगता है, लेकिन एक्टिव न रहने से हम अधिक संक्रमणों के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं और शारीरिक गतिविधि की कमी के कारण हेल्थ को भी नुकसान पहुंचता है। इस मौसम में एक्टिव रहने के लिए खुद को मोटिवेट करना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में कुछ सरल योगासन आपको एक्टिव रहने में मदद कर सकते हैं। जानिए 2 ऐसे योगासन जिनकी मदद से आप एक्टिव रह सकते हैं।



**कपालभाति प्राणायाम**

ये प्राणायाम शरीर को डिटॉक्सिफाई करने का एक बेहतरीन तरीका है। इस तकनीक से श्वसन तंत्र को साफ करने और शरीर को एनर्जेटिक बनाने में मदद मिलती है। यह प्राणायाम फेफड़ों से बासी हवा को बाहर निकालने और खून को शुद्ध करने में भी मदद करता है। इसे करने के लिए क्रॉस-लेग्ड स्थिति में आराम से बैठें। फिर अपने हाथों को अपने घुटनों पर अपनी पसंद की मुद्रा में रखें। अब गहरी सांस लें और अपनी नाभि को रीढ़ की ओर खींचते हुए अपनी नाक से जोर से सांस छोड़ें। इसे कम से कम 20-30 बार दोहराएं।

**नाड़ी शोधन प्राणायाम**

ये प्राणायाम मानसिक स्पष्टता को बढ़ावा देता है, तनाव को कम करता है और तंत्रिका तंत्र को शांत करता है। इसे करने के लिए अपनी रीढ़ सीधी और कंधों को आराम देकर आरामदायक स्थिति में बैठें। अब अपने दाहिने अंगूठे से अपनी दाहिनी नासिका बंद करें और बायीं नासिका से गहरी सांस लें। फिर अब, अपनी दाहिनी अनामिका से अपनी बाईं नासिका को बंद करें, दाहिनी नासिका को छोड़ें और पूरी तरह से सांस छोड़ें। दाहिनी नासिका से गहरी सांस लें। दायीं नासिका को फिर से बंद करें, बायीं नासिका से सांस छोड़ें। 4 से 5 मिनट को लिए इस प्राणायाम को करें, ध्यान रखें बीच में गैप भी रखें।



# गुलाब के पौधों की देखभाल के तरीके

अगर आपको पौधे लगाने का शौक है और आप अपना स्पेशल गार्डन बना रहे हैं तो हो सकता है कि आपने अपने बगीचे या बालकनी में गुलाब का फूल भी लगाया हो,लेकिन यह एक ऐसा पौधा है जिसे खास देखभाल की जरूरत पड़ती है और हर कुछ दिनों में इसके मिट्टी को न्यूट्रिशनल चीजों से भरना पड़ता है। अगर इनकी मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी हुई तो ये बड़ी आसानी से सूख जाते हैं या इनमें फूल नहीं आता है। यहां हम बता रहे हैं कि आप गुलाब की जड़ों में किन चीजों को डालकर इन पौधों को हेल्दी फूलों से भरपूर बना सकते हैं।



**केले का छिलका**

अगर आप केले के छिलकों को कूड़ा में फेंक देते हैं तो ऐसा ना करें। आप एक जग पानी में इन केले के छिलकों को छोटा छोटा काटकर डालें और दो दिन ढंककर रख दें। फिर इस पानी को गुलाब की जड़ों में डालें। कुछ ही दिनों में गुलाब में फूल आने लगेंगे।



**अंडे का छिलका**

पौधों को भी कैल्शियम की जरूरत होती है। ऐसे में आप अंडे के इस्तेमाल के बाद इसके छिलकों को धोकर पाउडर बना लें। फिर गुलाब की जड़ पर पड़ी मिट्टी को हटाएं और अंदर इस पाउडर को डाल दें। अब इस पर मिट्टी रख दें। पौधों में कुछ दिनों में फूल आने लगेंगे।

**गाय का गोबर**

गाय का गोबर बेहतरीन खाद होता है। आप सुबह के समय गुलाब के जड़ से मिट्टी निकालकर कुछ देर धूप लगने दें। फिर इस खाली गड्ढे में मुट्ठीभर गोबर डालें और मिट्टी भर दें। रोज पानी डालें। इस तरह पौधों को भरपूर पोषण मिलेगा और फूल आने लगेंगे।

**फिटकरी**

आप एक जग लें और इसमें एक चम्मच फिटकरी मिला लें। अब इसे रात भर पानी में छोड़ दें। सुबह इस पानी को गुलाब की जड़ों में डाल लें। इस तरह गुलाब के पौधो में कुछ ही दिनों में कली आने लगेगी और भर भर कर फूल भी खिलेंगे।

**गंधक डालें**

आप एक गिलास में पानी लें और इसमें 1 से 2 ग्राम गंधक मिलाएं। गंधक यानी पोटाश मिट्टी में जैसे ही मिलता है गुलाब की जड़ों में जान आने लगती है। इस तरह कुछ ही दिनों में गुलाब में फूल आने लगेंगे।

**कॉफी बीन्स**

गुलाब की जड़ों के लिए कॉफी बीन्स भी काफी फायदेमंद होता है। आप इसकी जड़ों में अगर कॉफी बीन्स को पीसकर डालें तो ये बेहतरीन खाद की तरह काम करता है और जड़ों से पौधे को न्यूट्रिशन भेजता है।

# आंखों की जांच और उपचार

समाजसेवा के उद्देश्य से मुलुंड (प.) स्थित देवकुंज आई हॉस्पिटल चॅरिटेबल ट्रस्ट की ओर से नवरात्रि के अवसर पर विशेष नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, जिसमें महिलाएं और वरिष्ठ नागरिक मात्र 100 रुपये में आँखों की जांच और उपचार की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। शिविर में आधुनिक उपकरणों और अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। संस्था के मैनेजिंग ट्रस्टी सुनील रामनाथ सानप के मार्गदर्शन में यह उपक्रम आयोजित किया जा रहा है। डॉ. मृदुला भावे, डॉ. मोहिनी मोडक, डॉ. गीतांजलि वारवारकर और डॉ. सारंग वर्तिकर सहित विशेषज्ञ डॉक्टरों ने इस पहल का स्वागत करते हुए नागरिकों से नेत्र स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देने का आवाहन किया। स्थानीय नागरिकों ने इस उपक्रम पर संतोष व्यक्त करते हुए संस्था का आभार माना। नवरात्रि के पावन अवसर पर देवकुंज आई हॉस्पिटल की यह पहल समाज के लिए वास्तव में एक "दृष्टिदान" सिद्ध हो रही है।



# दही में कौन सी चीज मिलाकर खाना फायदेमंद



बड़ी संख्या में लोग अपनी डेली डाइट में दही को जरूर शामिल करते हैं। दही प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर होता है। दही खाने में बेहद स्वादिष्ट होता है और कई व्यंजनों में इस्तेमाल किया जाता है। दही को नमक या चीनी डालकर खाना सामान्य बात है। अधिकतर लोग ऐसा करते हैं, लेकिन आयुर्वेद में दही के सेवन को लेकर कई चौंकाने वाली बातें बताई गई हैं। इसमें बताया गया है कि दही में कुछ चीजें नहीं मिलानी चाहिए। ऐसा करना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है। दही खाने को लेकर की गई लापरवाही लोगों को कम उम्र में ही कई तरह की परेशानियों का शिकार बना सकती है। ऐसे में जरूरी है कि सावधानी के साथ दही का सेवन किया जाए। आज आयुर्वेदिक एक्सपर्ट से जानेंगे कि दही में किन चीजों को मिलाकर खाना नुकसानदायक है और कौन सी चीजें फायदेमंद साबित हो सकती हैं।



इसके अलावा दही कब खाना चाहिए और कब नहीं।

अब आप सोच रहे होंगे कि दही को बिना कुछ मिलाए नहीं खाना चाहिए और इसमें नमक डालकर भी नहीं खाना चाहिए, फिर दही कैसे खाया जाए। इस सवाल पर आयुर्वेद एक्सपर्ट कहती हैं कि दही में आप चीनी और गुड़ मिलाकर खा सकते हैं। जब दही में चीनी मिलाई जाती है, तब इसकी तासीर ठंडी हो जाती है और हर मौसम में इसका सेवन किया जा सकता है। हालांकि दही में गुड़ मिलाकर खाना चीनी से भी ज्यादा फायदेमंद होता है। इससे आपके शरीर को कई बेहतरीन फायदे मिल सकते हैं। अगर आप शुगर के मरीज हैं, तो दही में कम मात्रा में शहद डालकर सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा दही में मूंग की दाल, अलसी के बीज, देसी घी और आंवला मिलाकर खाने से हेल्थ को कई बड़े फायदे मिलते हैं। इससे कोलेस्ट्रॉल, ब्लड प्रेशर और कब्ज की समस्या से राहत मिल सकती है।

# प्रोटीन से भरपूर बाजरा देगा शरीर को कई फायदे

**गेंहू-चावल की जगह आप बाजरे को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, इस को सूपर फूड भी कहा जाता है। जहां चावल में लगभग 82 % कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है वहीं गेंहू में 76% और बाजरे में 78% कार्बोहाइड्रेट मौजूद होता है। इसके अलावा बाजरे में कॉम्पलेक्स, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, प्रोटीन, एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन बी जैसे कई सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी माने जाते हैं। इसका सेवन करने से पेट लंबे समय तक भरा रहता है। इसके अलावा यह खून में चीनी की मात्रा बढ़ने से भी रोकता है। बाजरे का सेवन करने से डायबिटीज कंट्रोल और हार्ट हेल्दी रखने में मदद मिलती है। तो चलिए आपको बताते हैं इसे खाने से सेहत और क्या-क्या फायदे होते हैं।**

**नाश्ते में खाने से मिलेगा फायदा**

एक्सपर्ट्स की मानें तो यदि बाजरे का सेवन सही समय पर किया जाए तो शरीर को ज्यादा स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। ब्रेकफास्ट के तौर पर आप इसका सेवन कर सकते हैं। इससे आप सारा दिन एनर्जेटिक रहेंगे और आपका पेट भरा हुआ रहेगा। इसके अलावा दोपहर के भोजन में गेंहू या फिर चावल की जगह आप इसका सेवन कर सकते हैं। रात में बाजरे का सेवन करने से पाचन में मदद मिलती है। इसमें फाइबर काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है जिससे आपको रात में काफी अच्छी नींद आती है।

**अच्छी मात्रा में मौजूद होता है प्रोटीन**

बाजरे में लगभग 8-12 ग्राम प्रोटीन, फॉक्सटेल बाजरे में 10-12 ग्राम प्रोटीन और रागी में करीबन 7-10 ग्राम प्रोटीन मौजूद होता है। इसके अलावा बाजरे की अलग-अलग किस्म में भी प्रोटीन काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। गेंहू या चावल की जगह आप इसका सेवन कर सकते हैं।

**मिनरल्स और विटामिन्स युक्त**

बाजरा और रागी में बी1, बी2, बी3, बी5, बी6 और बी9 काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। यह विटामिन्स एनर्जी बढ़ाने, पाचन और रेड ब्लड सेल्स कोशिकाएं बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा रागी में विटामिन-के, ए, कैल्शियम, सेलेनियम और आयरन काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। इसके अलावा इसमें कुछ खास एंटीऑक्सीडेंट्स बी सामिल होते हैं जो सुपरऑक्साइज रेडिकल्स का असर कम करते हैं।



**हार्ट को रखता है स्वस्थ**

एक्सपर्ट्स की मानें तो बाजरे में मैग्नीशियम काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। यह हार्ट को स्वस्थ रखने के साथ-साथ उसे धड़कने में भी मदद करता है। इसमें पाया जाने वाला प्रोटीन, कार्डियोवेस्कुलर टिश्यू को बचाने में मदद करता है। इसके अलावा इसमें पाया जाने वाला विटामिन-बी3 हार्ट डिजीज का खतरा कम करके ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस कम करने में मदद करता है।

**फाइबर से युक्त**

बाजरे में कम 1.3 से 1.8 ग्राम डाइटरी फाइबर मौजूद होता है। वहीं फॉक्सटेल बाजरे में करीबन 3 से 3.5 ग्राम, रागी में लगभग 10-1.5 ग्राम, छोटे बाजरे में लगभग 7-8 ग्राम, कोदो बाजरे में लगभग 8-9 ग्राम, बेनयार्ड बाजरे में लगभग 10-10.5 ग्राम फाइबर पाया जाता है।

# नाखूनों पर चढ़ गया है मेहंदी का रंग, ऐसे करें रिमूव


तीज त्योहार पर महिलाएं अक्सर अपने हाथों में मेहंदी लगाना पसंद करती हैं। हालांकि हाथों पर मेहंदी लगाते समय कई बार मेहंदी नाखूनों पर भी चढ़ जाती है। जिससे आपके नाखून गंदे दिखने लगते हैं। वहीं मेहंदी लगे हुए नाखूनों पर नेल पॉलिश का रंग भी निखर कर सामने नहीं आता है। ऐसे में अगर आप चाहें तो कुछ आसान घरेलू नुस्खों की मदद से नाखूनों पर लगी मेहंदी को मिनटों में छुड़ा सकते हैं। नाखूनों पर लगे मेहंदी के रंग को रिमूव करने के लिए लोग अक्सर मेहंदी छूटने का इंतजार करते हैं। इसलिए हम आपको बताने जा रहे हैं कुछ असरदार नुस्खों के बारे में, जिसे ट्राई करके आप नाखूनों को साफ और चमकदार बना सकते हैं। तो आइए जानते हैं नाखूनों से मेहंदी का कलर रिमूव करने के टिप्स।

**नारियल के तेल का इस्तेमाल करें**

नारियल के तेल की मदद से आप नाखूनों पर लगी मेहंदी को चुटकियों में छुड़ा सकते हैं। इसके लिए पैन में पानी गर्म करें। ध्यान रहे कि पानी ज्यादा गर्म ना हो। अब अपने नाखूनों पर नारियल का तेल लगाएं और फिर हाथों को पैन में रखे गुनगुने पानी में डाल दें। इसके बाद नाखूनों और उंगलियों को आपस में रब करें। कुछ ही देर में आप देखेंगे कि नाखूनों पर लगा मेहंदी का कलर गायब हो जाएगा और आपके हाथ भी पहले से ज्यादा सॉफ्ट और निखरे नजर आएंगे। ये तरीका आप नाखूनों पर लगी हेयर डाई या कलर छुड़ाने के लिए भी फॉलो कर सकते हैं।

**चीनी और नींबू की मदद लें**

चीनी और नींबू का इस्तेमाल करके भी आप नाखूनों को आसानी से साफ कर सकते हैं। इसके लिए छोटी कटोरी में चीनी ले लें। अब इसमें नींबू का रस डालकर घोल बनाएं। फिर इस मिक्सचर को नाखूनों पर लगाकर स्क्रब करें। ध्यान रहे कि नाखूनों को हल्के हाथों से ही रब करें। ज्यादा जोर से रगड़ने पर आपने नाखूनों में स्क्रैच आ सकते हैं। कुछ देर तक स्क्रब करने के बाद हाथों को साफ पानी से धो लें। इससे नाखूनों पर लगा मेहंदी का दाग साफ हो जाएगा।



# वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम की घोषणा

## शुभमन गिल कप्तान तो रवींद्र जडेजा को बनाया गया उप-कप्तान



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए पंद्रह सदस्यीय टीम की घोषणा की, जो 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि शुभमन गिल को भारत के एशिया कप टी20आई अभियान में शामिल होने के कारण आराम दिया जा सकता है, लेकिन चयनकर्ताओं ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अभियान के लिए जसप्रीत बुमराह सहित एक पूरी ताकतवर टीम चुनी है।

गिल के अलावा, टीम में यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, एन जगदीशन, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप यादव शामिल हैं। भारत वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैच खेलेगा। भारतीय टीम में करुण नायर नहीं हैं। रवींद्र जडेजा को उप-कप्तान घोषित किया गया है।

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रसिद्ध कृष्णा को बुधवार को लखनऊ में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारत ए के दूसरे मैच के दौरान सिर में चोट लगने के बावजूद टीम में शामिल किया गया है, जिसके कारण उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। ऋषभ पंत पैर की चोट से उबरने के कारण टीम से बाहर हैं। भारतीय टीम रविवार 28 सितंबर को एशिया कप फाइनल खेलेगी, जिससे गिल और कुछ अन्य खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में शामिल होने से कुछ ही दिन पहले का समय मिल जाएगा। चयनकर्ताओं का एक मजबूत टीम चुनने का फैसला भारत के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अभियान को मज़बूत बनाए रखने के इरादे को दर्शाता है।

### वेस्टइंडीज के खिलाफ भारतीय टीम :

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जड़ेजा, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रित बुमरा, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, एन जगदीसन, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कुलदीप यादव।

# अय्यर को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मिली वनडे टीम की कप्तानी

## लाल गेंद के क्रिकेट से छह महीने रहेंगे दूर

**नई दिल्ली।** श्रेयस अय्यर को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ कानपुर में 30 सितंबर से होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिये भारत ए का कप्तान बनाया गया है लेकिन कमर की तकलीफ के कारण वह अगले छह महीने लाल गेंद के क्रिकेट से दूर रहेंगे। 30 वर्ष के अय्यर ने हाल ही में BCCI चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर को बताया है कि वह कमर की तकलीफ के कारण लाल गेंद का क्रिकेट नहीं खेल सकते। भारत ए टीम में स्पिनर रवि बिश्नोई, विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह, हरफनमौला रियान पराग और आयुष बडोनी शामिल हैं। एशिया कप सुपर 4 में पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ अर्धशतक बनाने वाले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा, तेज गेंदबाज हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह दूसरे (तीन अक्टूबर) और तीसरे मैच (पांच अक्टूर) के लिये भारत ए टीम से जुड़ेंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के लिये भारतीय टीम का ऐलान करते हुए अगरकर ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे टीम के कप्तान को लेकर कोई बातचीत नहीं हुई लेकिन भारत ए श्रृंखला से अय्यर को अपनी नेतृत्व क्षमता दिखाने का मौका मिलेगा। अगरकर ने कहा, 'हम चाहते हैं कि श्रेयस अय्यर खेलें और अच्छा खेलें। ऐसा नहीं है कि वह पहले भारत ए के कप्तान नहीं रहे हैं। उन्होंने अपनी फ्रेंचाइजी की भी शानदार कप्तानी की है और भारत ए की कप्तानी से हमें आंकने का मौका मिलेगा। हमने आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे कप्तानी (अक्टूबर में) पर कोई बात नहीं की है।' अय्यर ने लाल गेंद से क्रिकेट से अलग होने के अपने फैसले से BCCI को अवगत करा दिया है। BCCI सचिव देवाजीत सैकिया ने एक बयान में कहा, 'श्रेयस अय्यर ने BCCI को लाल गेंद वाले क्रिकेट से छह महीने का ब्रेक लेने के अपने फैसले की जानकारी दी है। ब्रिटेन में पीठ की सर्जरी कराने और अच्छी तरह से ठीक होने के बाद हाल ही में लंबे प्रारूप में खेलते समय उन्हें बार-बार पीठ में ऐंठन और जकड़न का अनुभव हुआ है।' उन्होंने कहा, 'वह इस समय का उपयोग अपनी सहनशक्ति, शरीर की लचीलापन और अपनी फिटनेस पर काम करने के लिए करना चाहते हैं। उनके इस निर्णय के कारण, ईरानी कप के लिए उनके चयन पर विचार नहीं किया गया।' अय्यर ने दलीप ट्रॉफी में पश्चिम क्षेत्र के लिये लाल गेंद का क्रिकेट खेलते हुए 41 से ऊपर की औसत से रन बनाए थे। चयनकर्ताओं ने रजत पाटीदार को विदर्भ के खिलाफ एक अक्टूबर से शुरू होने वाले ईरानी कप मैच में शेष भारत का कप्तान बनाया गया है।



### पहले वनडे के लिए भारत ए टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रभसिमरन सिंह, रियान पराग, आयुष बडोनी, सूर्यांश शेडगे, विपराज निगम, निशांत सिंधू, गुरजपनीत सिंह, युधवीर सिंह, रवि बिश्नोई, अभिषेक पोरेल, प्रियांश आर्य, सिमरजीत सिंह

### दूसरे और तीसरे वनडे के लिए भारत ए टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरन सिंह, रियान पराग, आयुष बडोनी, सूर्यांश शेडगे, विपराज निगम, निशांत सिंधू, गुरजपनीत सिंह, युधवीर सिंह, रवि बिश्नोई, अभिषेक पोरेल, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह

**शेष भारत टीम (ईरानी कप) :** रजत पाटीदार (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, आर्यन जुयाल, रूतुराज गायकवाड़, यश ढुल, शेख रशीद, ईशान किशन, तनुष कोटियान, मानव सुतार, गुरनूर बरार, खलील अहमद, आकाश दीप, अंशुल कम्बोज, सारांश जैन

# महिला निशानेबाजों ने 50 मीटर राइफल प्रोन में किया क्लीन स्वीप



**नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर महिला निशानेबाजों ने बृहस्पतिवार को यहां 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया तो वहीं पुरुषों ने इसी स्पर्धा में एक रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया जिससे देश ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में मजबूत शुरूआत की। कजाखस्तान में एशियाई चैंपियनशिप में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस का जूनियर स्वर्ण पदक जीतने वाली युवा अनुष्का ठोकुर ने डा. कर्णी सिंह रेंज में 621.6 अंक से पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस गैर ओलंपिक स्पर्धा में 18 साल की अंशिका ने 619.2 अंक से रजत पदक और 20 साल की आध्या अग्रवाल ने 615.9 अंक से कांस्य पदक जीता।

पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में दीपेंद्र सिंह शेखावत ने रजत पदक और रोहित कन्यान ने कांस्य पदक हासिल किया। दीपेंद्र ने 617.9 अंक जबकि रोहित ने 616.3 अंक बनाए। इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट कामिल नुरियाखमेतोव ने 618.9 अंक बनाकर जीता।

# जीतने वाली टीम को मिलेगा फाइनल की टिकट

**अबू धाबी।** भारत ने सुपर-4 चरण में बांग्लादेश पर 41 रनों की शानदार जीत के साथ एक मैच शेष रहते एशिया कप 2025 के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने अभिषेक शर्मा के शानदार 75 रनों की बदौलत 168/6 का स्कोर बनाया और बांग्लादेश को 127 रनों पर समेट दिया। बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 18 रन देकर 3 विकेट चटकाए और टूर्नामेंट में भारत का अपराजेय अभियान जारी रखा।श्रीलंका के खिलाफ भारत का सुपर-4 का आखिरी मुकाबला अब एक बेमेल मुकाबला है। दो मैचों में दो जीत के साथ नतीजा चाहे जो भी हो भारत फाइनल में पहुंच गया है। पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगातार हार के बाद श्रीलंका आधिकारिक तौर पर बाहर हो गया है। सबकी नजरें पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश मुकाबले पर टिकी हैं, जो असल में एक वर्चुअल सेमीफाइनल में बदल गया है। समीकरण सीधा है: जीतने वाली टीम भारत के खिलाफ एशिया कप 2025 के फाइनल में जगह पक्की कर लेगी, जबकि हारने वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। यह बेहद अहम मुकाबला आज रात होना है और दोनों टीमों पर अच्छा प्रदर्शन करने का भारी दबाव होगा। पाकिस्तान इस मैच में श्रीलंका पर मनोबल बढ़ाने वाली पांच विकेट की जीत के बाद उतरेगा, जबकि बांग्लादेश का आत्मविश्वास प्रतियोगिता में पहले भारत और पाकिस्तान से लगातार हार के बाद कम हुआ होगा।

पाकिस्तान के लिए एक जीत भारत बनाम पाकिस्तान के बीच एक ऐतिहासिक फाइनल की नींव रखेगी। एशिया कप के इतिहास में दोनों चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच पहला फाइनल मुकाबला। बांग्लादेश के लिए, एक जीत का मतलब होगा कि वह चौथी बार फाइनल में पहुंचेगा।




### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग 11

**पाकिस्तान:** सैमअयूब, साहबजादा फरहान, फखर जमां,सलमान आगा(C), हुसैन तलत, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, फहीम अशर, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ़, अबरार अहमद

**बांग्लादेश:** सैफ हसन, तंज़ीद हसन तमीम, परवेज़ हुसैन इमोन, तौहीद हृदयोय, शमीम हुसैन, जेकर अली (C एवं विकेटकीपर), मोहम्मद सैफुद्दीन, रिशद हुसैन, तन्ज़ीम हसन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान।

# अहम मुकाबले से पहले बांग्लादेश की पाकिस्तान को चेतावनी

**अबू धाबी।** एशिया कप 2025 में सभी की निगाहें बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच होने वाले सुपर-4 के अहम मुकाबले पर टिकी हैं। फाइनल में जगह बनाने के लिए बांग्लादेश के कार्यवाहक कप्तान जैकर अली ने आत्मविश्वास से भरपूर अंदाज में कहा कि उनकी टीम किसी भी प्रतिद्वंद्वी को कम नहीं आंकती और अपनी मजबूतियों पर ध्यान केंद्रित करती है। जैकर अली ने इस रोमांचक मुकाबले से पहले कहा, 'हम किसी को भी हल्के में नहीं लेते। बल्कि अपनी ताकत और क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं। दो बार पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के बाद ये अनुभव आगे चलकर निश्चित रूप से काम आएंगे।' पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश का टी20 रिकॉर्ड चुनौतीपूर्ण रहा है, जहां उसने 25 मैचों में केवल 5 जीत हासिल की। तन्जिद हसन, शमीम हुसैन और तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान जैसे खिलाड़ी बांग्लादेश के लिए जीत का रास्ता बदलने में अहम भूमिका निभाएंगे। अनुभव और युवा जोश के मिश्रण के साथ जैकर अली की टीम पाकिस्तान की मजबूत लाइनअप को चुनौती देने के लिए तैयार होगी। अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में सुपर-4 के अहम मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ पांच विकेट से जीत के बाद पाकिस्तान इस मुकाबले में लय के साथ उतरेगा। शाहीन अफरीदी, फखर जमान और हारिस रऊफ जैसे अनुभवी खिलाड़ियों से टीम का आत्मविश्वास और बढ़ेगा, जिन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।



# बांग्लादेश पर भारत की जीत, अब कैसे फाइनल में पहुंचेगा पाकिस्तान




**अबू धाबी।** दुबई में खेले गए सुपर-4 मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को 41 रनों से हराकर एशिया कप 2025 के फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली। इस जीत के साथ भारत टूर्नामेंट का फाइनल खेलने वाली पहली टीम बन गई, वहीं श्रीलंका का सफर यहीं समाप्त हो गया। अब गुरुवार को पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच होने वाला मैच तय करेगा कि दूसरी फाइनलिस्ट टीम कौन होगी। भारत की जीत में युवा ओपनर अभिषेक शर्मा ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 37 गेंदों पर 75 रनों की विस्फोटक पारी खेली और टीम को 20 ओवर में 6 विकेट पर 168 तक पहुंचाया। जवाब में, भारतीय गेंदबाजों ने बांग्लादेश की बल्लेबाजी लाइन-अप को बिखेर दिया। कुलदीप यादव ने 3 विकेट झटके, जबकि जसप्रीत बुमराह और वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिए। बांग्लादेश की टीम 127 रनों पर ऑलआउट हो गई।

### पाकिस्तान और बांग्लादेश की किस्मत दांव पर

भारत की जीत के बाद पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच सुपर-4 मुकाबला 'नॉकआउट' जैसा बन गया है। सलमान अली आगा की कप्तानी वाली पाकिस्तान टीम जीत दर्ज करती है तो उनके 4 अंक हो जाएंगे और वे फाइनल में पहुंच जाएंगे। बांग्लादेश के पास भी बराबर का मौका है, पाकिस्तान पर जीत उन्हें भी सीधे फाइनल में पहुंचा देगी।

### कप्तान जाकिर अली का बयान

बांग्लादेश के कार्यवाहक कप्तान जाकिर अली ने मैच के बाद कहा, 'यह काफी आश्चर्यजनक है, लेकिन मैं खिलाड़ियों की तैयारी की सराहना करता हूं। दस ओवर के बाद हमने तालमेल बैठाया और इस मैच से बहुत कुछ सीखा। कल पाकिस्तान के खिलाफ हमारा अहम मुकाबला है। हम जानते हैं कि जीत मिले तो फाइनल खेल सकते हैं। हमारा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा।'

# BCCI ने अय्यर के कप्तानी छोड़ने के फैसले पर तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक बयान जारी कर पुष्टि की कि श्रेयस अय्यर ने पीठ की समस्या के कारण लाल गेंद वाले क्रिकेट से छह महीने का ब्रेक मांगा है। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, 'श्रेयस अय्यर ने बीसीसीआई को लाल गेंद वाले क्रिकेट से छह महीने का ब्रेक लेने के अपने फैसले की सूचना दे दी है। ब्रिटेन में पीठ की सर्जरी कराने और अच्छी तरह से ठीक होने के बाद हाल ही में लंबे प्रारूप में खेलते समय उन्हें बार-बार पीठ में ऐंठन और अकड़न का अनुभव हुआ है। वह इस समय का उपयोग सहनशक्ति, शरीर की लचीलापन बढ़ाने और अपनी फिटनेस पर काम करने के लिए करना चाहते हैं। उनके इस फैसले को देखते हुए, ईरानी कप के लिए उनके चयन पर विचार नहीं किया गया।'

इस बीच ईरानी कप के लिए अय्यर पर विचार नहीं किया गया और रजत पाटीदार को शेष भारत टीम का कप्तान बनाया गया। टेस्ट टीम में वापसी के लिए भी उनके नाम पर विचार नहीं किया जाएगा और वे वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में भी नहीं खेलेंगे। श्रेयस ने पाटीदार और तिलक वर्मा की जगह वनडे सीरीज के लिए भारत ए टीम की कप्तानी संभाली। इससे पहले, पाटीदार पहले मैच के लिए कप्तान थे और वर्मा दूसरे और तीसरे मैच में कप्तानी करने वाले थे।



# मुंबई इंडियंस ने अगले सीजन से पहले बदला हेड कोच



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस की टीम में कई बड़े बदलाव होने शुरू हो गए हैं. टीम ने नए हेड कोच का चयन कर लिया है. हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में WPL में खेलने वाली मुंबई इंडियंस का नया हेड कोच लिजा केटली (Lisa Keightley) को बनाया गया है. लिजा वीमेंस प्रीमियर लीग 2026 के लिए मुंबई इंडियंस के साथ जुड़ रही हैं. लिजा से पहले चार्लोट एडवर्ड्स मुंबई इंडियंस की हेड कोच थीं. मुंबई इंडियंस टीम की मालकिन नीता अंबानी ने नए हेड कोच के ऐलान पर कहा कि 'मुंबई इंडियंस फैमिली में लिजा केटली को शामिल करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है. लिजा ने अपने पैशन और खेल के प्रति जुनून से कई लोगों को इंस्पायर किया है. इनके आने से मुंबई इंडियंस में एक नए अध्याय की शुरुआत होगी और हम इनके साथ खेल को और बेहतर बनाएंगे'. लिजा केटली ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के लिए कई सालों तक खेल चुकी हैं. इस खिलाड़ी के पास कई दशकों का अनुभव है. लिजा ऑस्ट्रेलिया की दो बार वर्ल्ड कप विनिंग टीम का हिस्सा रह चुकी हैं. वीमेंस वर्ल्ड कप 1997 और 2005 इन दोनों में लिजा ऑस्ट्रेलिया स्क्वाड में शामिल थीं, जब टीम ने टाइटल जीता. ये ऐसी पहली महिला क्रिकेटर हैं, जिन्हें इंग्लैंड की वीमेंस नेशनल टीम का फुल टाइम कोच बनाया गया.

# BBL में शामिल होने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने अश्विन

## पाकिस्तानी खिलाड़ी के साथ इस टीम से खेलेंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय स्पिन दिग्गज रविचंद्रन अश्विन ने BBL 15 के लिए सिडनी थंडर के साथ करार करके इतिहास रच दिया है। यह लीग की शुरुआत के बाद से सबसे बड़ा विदेशी करार है। 39 वर्षीय ऑफ स्पिनर BBL में खेलने वाले पहले भारतीय राष्ट्रीय पुरुष क्रिकेटर बने। हालांकि वह इस दौरान पाकिस्तानी क्रिकेटर शादाब खान के साथ एक ही टीम में हैं। यह सवाल इसलिए भी बड़ा है क्योंकि पहलवाग हमले के बाद से ही भारत का पाकिस्तान को लेकर रूख कड़ा रहा है चाहे वह खेल का मैदान ही क्यों न हो जिसका एक उदाहरण एशिया कप 2025 में भी देखने को मिला है। थंडर अपने BBL 15 अभियान की शुरुआत 16 दिसंबर को होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ ग्रैंड फाइनल रीमैच के साथ करेगा और उसके बाद 20 दिसंबर को ENGIE स्टेडियम में सिडनी स्मैश की मेजबानी करेगा। भारतीय महिला खिलाड़ी लंबे समय से WBBL सहित दुनिया भर की घरेलू लीगों में खेलती रही हैं, लेकिन BCCI ने भारत के अंतरराष्ट्रीय और घरेलू अनुबंधित पुरुष क्रिकेटरों को विदेशों में टी20 प्रतियोगिताओं में खेलने से प्रतिबंधित कर दिया है। केवल सेवानिवृत्त भारतीय पुरुष खिलाड़ियों को ही विदेशी टी20 लीग में खेलने की अनुमति है।

अश्विन ने एक बयान में कहा, 'थंडर इस बारे में बिल्कुल स्पष्ट थे कि वे मेरा उपयोग कैसे करेंगे और मैं इसका समर्थन करने के लिए पर्याप्त साहसी भी था। नेतृत्व के साथ मेरी बातचीत बहुत अच्छी रही और हम अपनी भूमिका को लेकर पूरी तरह से एकमत हैं। मुझे डेविड वार्नर का खेल बहुत पसंद है और जब आपका नेतृत्व आपकी मानसिकता से मेल खाता है तो यह हमेशा बेहतर होता है। मैं थंडर नेशन के लिए प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हूं।' यह 39 वर्षीय ऑफ स्पिनर जनवरी की शुरुआत में थंडर के साथ जुड़ेगा। अश्विन जिन मैचों के लिए उपलब्ध हैं उनमें 10 जनवरी को ब्रिस्बेन हीट का सामना करने के लिए थंडर का गाबा दौरा, एंजी स्टेडियम में मेलबर्न रेनेगेड्स के साथ उनका मुकाबला (12 जनवरी) और एससीजी में सिडनी स्मैश (16 जनवरी) शामिल हैं।



### अश्विन का रिकॉर्ड

भारत के लिए 287 मैचों में अश्विन ने 765 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए, जिसमें टेस्ट स्तर पर 537 विकेट शामिल हैं, और इस प्रारूप में सर्वकालिक गेंदबाजों में आठवें स्थान पर हैं। वह भारत के साथ क्रिकेट विश्व कप (2011) और चैंपियंस ट्रॉफी (2013) विजेता हैं, आईसीसी के 2016 के क्रिकेटर और टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर और 2011-20 के दशक की पुरुष टेस्ट टीम के सदस्य हैं। अश्विन ने 16 IPL सीजन में 5 फ्रैंचाइजियों के लिए 221 मैच खेले हैं, जिससे वह टूर्नामेंट के सातवें सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। वह 2010 और 2011 में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ दो बार IPL चैंपियन रह चुके हैं और टूर्नामेंट में 187 विकेट लेकर सर्वकालिक पांचवें स्थान पर हैं।

# बेशर्मी की हद पार! पाक समर्थकों ने सस्पेंड करवाया क्रिकेटर अभिषेक शर्मा का X प्रोफाइल!

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 में भारतीय टीम से हारने के बाद पाकिस्तान पूरी तरह से बौखला गया है। मैच में मिली हार के बाद पाकिस्तानी समर्थकों ने सोशल मीडिया पर अभिषेक शर्मा के खिलाफ एक असामान्य और विवादित कदम उठाया है। एक्स यूजर्स ने क्रिकेटर अभिषेक शर्मा की प्रोफाइल को लगातार रिपोर्ट करना शुरू कर दिया। इसी के चलते शर्मा का ऑफिशियल अकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है।

एशिया कप के सुपर-4 मुकाबले में भारत और पाकिस्तान का आमना-सामना हुआ था। इस हाई-वोल्टेज मैच में अभिषेक शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तानी गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। उनकी तूफानी पारी की बदौलत भारत ने पाकिस्तान को आसानी से हरा दिया, जिससे पाकिस्तानी फैंस काफी नाराज़ थे। इस मैच में मैदान पर भी काफी तनाव देखने को मिला था। टॉस के बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तानी कप्तान से हाथ नहीं मिलाया था और मैच के दौरान भी दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच तीखी बहस हुई थी। अभिषेक शर्मा ने मैच के बाद कहा था कि उन्होंने पाकिस्तानी गेंदबाजों को अपने बल्ले से जवाब दिया है। उनकी यह बात और उनकी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी पाकिस्तानियों को इतनी नागवार गुजरी कि उन्होंने उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर हमला बोल दिया।




### सोशल मीडिया पर हमला

पाकिस्तान की हार के बाद, उनके फैंस ने अभिषेक शर्मा के 'एक्स' अकाउंट को बड़े पैमाने पर रिपोर्ट करना शुरू कर दिया। लगातार रिपोर्ट्स के कारण 'एक्स' ने अभिषेक शर्मा का प्रोफाइल सस्पेंड कर दिया है। यह घटना सोशल मीडिया पर खिलाड़ियों को मिल रहे नफरत और उत्पीड़न को दिखाती है।

### रामायण वाले नितेश तिवारी की इस फिल्म ने जीता था नेशनल अवॉर्ड

# लीड में थे सुशांत सिंह



साल 2019 में रिलीज हुई उस फिल्म के बारे में हम आपको बता रहे हैं जिसे रामायण बना रहे नितेश तिवारी ने डायरेक्ट किया था। नितेश तिवारी की इस फिल्म को नेशनल अवॉर्ड मिला था। फिल्म में लीड रोल में दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत लीड रोल में नजर आए थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। फिल्म डायरेक्ट करने के साथ-साथ नितेश तिवारी इस फिल्म के लेखक भी थे। क्या आप पहचान पाए फिल्म का नाम?

इस फिल्म का नाम है छिछोरे। फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत के साथ श्रद्धा कपूर लीड रोल में थीं। सुशांत और श्रद्धा के अलावा फिल्म में वरुण शर्मा, प्रतीक बब्बर, ताहिर राज भसीन, नवीन पोलीशेट्टी, तुषार पांडे और सहर्ष शुक्ला जैसे कलाकार नजर आए थे। boxofficeindia.com की मानें तो सुशांत सिंह राजपूत की इस फिल्म का बजट 53 करोड़ था। वहीं, इस फिल्म ने भारत में 172.64 करोड़ की कमाई की थी। इस फिल्म को बेस्ट फीचर फिल्म का नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.3 है। नितेश तिवारी की बात करें तो वो इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म रामायण को लेकर चर्चा में हैं। नितेश तिवारी की रामायण में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में नजर आएंगे। वहीं, साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभाएंगी। फिल्म में रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका निभाएंगे।

# 'बैंक अकाउंट से सारा पैसा गायब'

## करिश्मा कपूर के बच्चों ने किया दावा



बिजनेसमैन संजय कपूर की मौत के बाद से उनकी कथित 30,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को लेकर शुरू हुआ विवाद अभी चल ही रहा है। गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने संजय कपूर की पत्नी प्रिया सचदेव की उस मांग पर सवाल उठाए जिसमें उन्होंने पति की संपत्ति का खुलासा नहीं करने की मांग की थी। वहीं दूसरी तरफ संजय की एक्स वाइफ करिश्मा कपूर के वकील का ये दावा है कि दिवंगत बिजनेसमैन ने वसीयत में जिन पैसों का जिक्र किया था वो बैंक अकाउंट से गायब हो गए हैं।जस्टिस ज्योति सिंह ने प्रिया से पूछा, 'हम इसे सील बंद लिफाफे में कब तक रखें, कोर्ट की प्रक्रिया की भी एक सीमा होती है। मैं ये आदेश कैसे पारित कर दूं? मुझे ऐसे जजमेंट दिखाइए जिसमें कहा गया हो कि इसे गोपनीय रखा जा सकता है।' इसपर प्रिया ने कोर्ट को बताया कि वो कुछ भी छिपाना नहीं चाहती हैं, लेकिन वो करिश्मा कपूर से नॉन डिस्क्लोजर एग्रीमेंट (NDA) पर साइन चाहती हैं। दरअसल, बता दें कि दिवंगत संजय कपूर की तीसरी पत्नी प्रिया सचदेव कपूर ने दिल्ली हाई कोर्ट ने एक आवेदन दायर कर अपने दिवंगत पति की निजी संपत्ति का खुलासा न करने की मांग की है। इसी डिमांड के साथ उन्होंने इस संबंध में एक नॉन- डिस्क्लोजर अग्रीमेंट की भी मांग की है।



# नॉन वेज के शौकीन धर्मेंद्र


## हेमा मालिनी के लिए बन जाते हैं वेजिटेरियन

### ईशा देओल बोलीं- मां को नहीं...

ईशा देओल मल्टी कल्चर फैमिली से हैं। उनके पापा धर्मेंद्र पंजाबी और मां साउथ इंडियन हैं। जब बात उनके खाने की आती है तो वह मां की साइड ज्यादा हैं। ईशा का कहना है कि उन्हें साउथ इंडियन खाना पसंद है और उनकी दोनों बेटी को भी यह अच्छा लगता है। अब हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान ईशा ने बताया कि उनके पापा जो मीट खाना पसंद करते हैं, वह जब हेमा के साथ रहते हैं तो वेजिटेरियन बन जाते हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए ईशा ने कहा, 'मेरे पापा मेरी मां के च्वाइस की काफी रिस्पेक्ट करते हैं। जब भी वह उनके साथ होते हैं, वह वेजिटेरियन बन जाते हैं। वहीं अगर जब वह नॉन वेज खाना खाते हैं तो फिर वह दूसरे कमरे में जाते हैं क्योंकि उनकी मां नॉन वेज के खाने की स्मेल बर्दाश्त नहीं कर पाती हैं।' ईशा ने आगे बताया कि उनकी मां हेमा ने भी अपने खाने की हैबिट्स में कुछ बदलान किए हैं। उन्होंने कहा कि आज कल खाने और डायलट्स को लेकर दुनिया में काफी अवेयरनेस है। अब हेमा ग्लुटन फ्री खाना खाते हैं। ईशा की प्रोफेशनल लाइफ की बात करें तो वह लास्ट वेब सीरीज रुद्र द एज ऑफ डार्कनेस में नजर आई थीं जिसमें उनके साथ अजय देवगन थे और इसके अलावा वह हंटर टूटेगा नहीं में भी नजर आई थीं सुनील शेट्टी के साथ। ईशा अब अपना कमबैक करने वाली हैं जिसे विक्रम भट्ट डायरेक्ट करेंगे। फिल्म में इश्वक सिंह भी होंगे।

# आलिया भट्ट के पिता महेश भट्ट का खुलासा

## सेट पर बेटी राहा के लिए होती है अलग वैनिटी वैन





बॉलीवुड में बढ़ती सेलिब्रिटी डिमांड्स के बीच आलिया भट्ट की बेटी राहा भी चर्चा में है। दरअसल, फिल्ममेकर महेश भट्ट ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि आलिया जब शूटिंग करती हैं, तो सेट पर राहा के लिए एक अलग वैनिटी वैन मौजूद रहती है। महेश भट्ट ने इस वैनिटी वैन को 'मंदिर' जैसा पवित्र स्पेस बताया। ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे को दिए इंटरव्यू में महेश भट्ट ने याद किया कि जब उन्होंने आलिया और अमिताभ बच्चन के साथ एक ऐड शूट की थी, तब उन्होंने राहा की अलग वैनिटी देखी थी। आलिया बोली, 'पापा, आप राहा की वैनिटी वैन में क्यों नहीं बैठते?' मैं उस वैनिटी वैन को गंदा नहीं करना चाहता था। वो वैनिटी वैन किसी नर्सरी स्कूल जैसी लग रही थी। वहां जाकर ऐसा लग रहा था जैसे मंदिर में आ गए हो। मैंने कहा, 'नहीं, नहीं, नहीं, इस बूढ़े के लिए वहां कोई जगह नहीं है।'महेश भट्ट के मुताबिक, आज की एक्ट्रेसेस शादी और बच्चों के बाद भी काम और परिवार के बीच बेहतरीन संतुलन बना रही हैं। आलिया इसका एक बड़ा उदाहरण हैं वो बेटी राहा को लेकर गुच्ची जैसे इंटरनेशनल इवेंट्स में भी जाती हैं और साथ ही अपनी शूटिंग शेड्यूल भी संभाल लेती हैं। इन दिनों फिल्म इंडस्ट्री में वैनिटी वैन और स्टार्स के स्टाफ को लेकर खूब चर्चा है। प्रोड्यूर्स इस बात से परेशान हैं कि कई बड़े सितारे शूटिंग के लिए छह-छह वैनिटी वैन और 30 लोगों तक का स्टाफ मांगते हैं। वहीं इस बेहस के बीच अब यह ट्रेंड स्टारकिड्स तक पहुंच चुका है, जहां एक्ट्रेसेस के बच्चों के लिए सिक्योरिटी, प्राइवेट स्पेस और हर सुविधा से लैस वैनिटी वैन की डिमांड बढ़ने लगी है।

# सलमान हमारे तलवे...

## अभिनव कश्यप ने फिर साधा निशाना

सलमान खान पर 'दबंग' के डायरेक्टर अभिनव कश्यप ने हाल ही कई संगीन आरोप लगाए थे और अब एक बार फिर उन्होंने एक्टर पर निशाना साधा है। सलमान ने अभिनव के भाई और डायरेक्टर अनुराग कश्यप की फिल्म 'निशानची' को सपोर्ट किया, तो वह बोल पड़े। अभिनव ने कहा कि यह सब सलमान का दिखावा है ताकि उन्हें चुप कराया जा सके। अभिनव कश्यप ने कुछ समय पहले 'स्क्रीन' को दिए इंटरव्यू में सलमान खान को 'गुंडा' तक कह दिया था। साथ ही आरोप लगाया था कि सलमान ने उनका करियरर बर्बाद कर दिया। इसके बावजूद सलमान हाल ही अभिनव के भाई अनुराग की उनकी फिल्म 'निशानची' के लिए दी, पर इसमें भी 'दबंग' के डायरेक्टर को कुछ 'काला' ही नजर आ रहा है।





अभिनव कश्यप ने 'बॉलीवुड ठिकाना' से कहा, 'सलमान की तकदीर पर लिखा है, अब ये हमारे ही तलवे चाटेगा। मैंने एक इंटरव्यू दिया था। उसको गुंडा बुलाया था, तो अब ये दिखा रहा है कि ये बड़ा प्रशंसक है हमारा। वही अनुराग कश्यप, जिसको 'तेरे नाम' में परेशान किया था। अनुराग ने वो फिल्म छोड़ी थी, इन्होंने निकाला नहीं था। अब उसकी तारीफ करते नजर आ रहे हैं, वो तो करेंगे। अब ये घुटनो पे आएंगे, भीख भी मांगेंगे।' अभिनव कश्यप ने दावा किया कि सलमान खान ने उनका मुंह बंद करवाने के लिए रिश्वत भी दी। वह बोले, 'मुझे एक वॉट्सऐप पर एक विज्ञापन आया कि बुर्ज खलीफा में 50वीं मंजिल पर एक फ्लैट है और उसके ऊपर क्लब हाउस, कीमत जानने के लिए संपर्क करें। तो ये ढूंढ रहे हैं ऐसे लोगों को कि अभिनव को चुप करा दें। और अनुराग की फिल्म की तारीफ भी इसलिए की कि भाई तो वो समझ देगा। इसलिए उनकी चमचागीरी कर रहे हैं, चापलूसी कर रहे हैं।'

# सलमान के साले आयुष को किया था नजरअंदाज?

## फराह खान बोलीं- बकवास लिखना बंद करो



फराह खान और करण जौहर का एक वीडियो वायरल हुआ था। इस वायरल वीडियो के साथ दावा किया जा रहा था कि फराह खान और करण जौहर ने वहीं खड़े सलमान खान के साले आयुष शर्मा को नजरअंदाज किया है। लोग कयास लगा रहे थे कि फराह खान और करण जौहर ने जानबूझकर ऐसा किया है।

अब फराह खान ने खुद इस दावे की सच्चाई बताई है। साथ ही, फराह खान उन लोगों पर भड़की हैं जो कह रहे हैं कि करण और फराह ने जानकर ऐसा किया था। दरअसल, नीरज घायवान की फिल्म होमबाउंड के प्रीमियर पर फराह खान और करण जौहर रेड कार्पेट पर पैप्स के सामने पोज कर रहे होते हैं। इसके बाद वो वहां से आगे बढ़ते हैं। सलमान खान के साले आयुष भी रेड कार्पेट पर खड़े होते हैं, लेकिन फराह और करण उनसे बिना मिले, उनकी तरफ बिना देखे आगे बढ़ जाते हैं। इसी वीडियो पर कमेंट करते हुए फराह खान ने अपनी बात सामने रखी है। उन्होंने लिखा- प्लीज बकवास लिखना बंद कर दीजिएमैं कभी किसी को नजरअंदाज नहीं कर सकती हूं खासकर आयुष को तो बिल्कुल नहीं। मैंने अभी उनके और अर्पिता के साथ व्लॉग शूट किया है। हमने उसे जल्दीबाजी में देखा नहीं। वीडियो को स्लो मोशन में पोस्ट किया ताकि ये बुरा दिखे? बता दें, अपने कुकिंग व्लॉग को शूट करने के लिए कुछ महीने पहले फराह खान अर्पिता और आयुष के घर पहुंची थीं। आयुष ने फराह खान और उनके कुक दिलीप के साथ हिमाचली मटन भी बनाया था।



# भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर दिलजीत दोसांझ ने उठाए सवाल

### बोले- मेरी फिल्म तो पहलगाम हमले से...

पहलगाम हमले के बाद दिलजीत दोसांझ की फिल्म सरदार जी 3 को भारत में बैन कर दिया था क्योंकि उसमें पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर थीं। दिलजीत ने उस समय काफी सफाई दी थी। हालांकि अब भारत-पाकिस्तान मैच के बाद दिलजीत ने इस मामले पर फिर अपनी बात रखी है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पास कई जवाब हैं देने को, लेकिन वह चुप हैं। एक क्लिप वायरल हो रहा है जिसमें दिलजीत, तिरंगे को सैल्यूट करते हैं और कहते हैं, वो मेरे देश का झंडा है। हमेशा उसकी रिस्पेक्ट करता हूं। इसके बाद वह दर्शकों से परमिशन मांगते हैं कुछ बोलने के लिए। वह पंजाबी में बोलते हैं कि जब मेरी फिल्म सरदार जी 3 रिलीज हुई थी तब फरवरी थी, लेकिन मैच खेले जा रहे हैं। दिलजीत ने फिर कहा, 'उस हमले के बाद और आज भी हम यही प्रार्थना करते हैं कि आतंकवादियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए। डिफ्रेंस ये है कि मेरी फिल्म हमले से पहले शूट हुई थी और मैच हमले के बाद हुआ है।' दिलजीत ने फिर मीडिया को निशाना साधा और कहा, 'नेशनल मीडिया ने मुझे एंटी नेशनल बताया, लेकिन सिख और पंजाबी कम्यूनिटी कभी देश के खिलाफ नहीं जा सकती।' बता दें कि 14 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच मैच खेला गया। भारत मैच जीत गई थी, लेकिन उन्होंने पाकिस्तान की टीम को ग्रीट नहीं किया।

# पैप्स को देखकर भड़कीं आमिर खान की गर्लफ्रेंड गौरी

### बोलीं- अकेला छोड़ दो मुझे

आमिर खान की लव लाइफ अक्सर सोशल मीडिया में चर्चा का विषय बन जाती है। कुछ वक्त पहले आमिर खान ने दुनिया को अपनी गर्लफ्रेंज गौरी स्प्रैट से मिलवाया था। गौरी स्प्रैट को कई मौकों पर आमिर खान के साथ देखा गया है। अब गौरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो में गौरी अकेले नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं वो पैप्स पर भड़कती भी नजर आ रही हैं। गौरी का जो वीडियो वायरल हो रहा है वो मुंबई का है। गौरी टी-शर्ट और ट्रैकिंग पैंट्स पहने नजर आ रही हैं। उन्होंने कानों में इयरफोन लगाया है। पैप्स उन्हें कवर कर रहे हैं। वो गुस्से में पैप्स से कहती हैं - अकेला छोड़ दो मुझे, मैं सिर्फ वॉक के लिए जा रही हूं। गौरी के इस वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स का भी रिएक्शन आया है। एक यूजर ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा- ये है कौन जो इतना भाव खा रही है।

जाने-माने असमिया गायक ज़ुबीन गर्ग का 52 साल की उम्र में निधन हो गया। सिंगापुर में लाजरस द्वीप पर तैराकी करते समय उनकी मौत हुई। उनकी पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग ने इसकी पुष्टि की। शुरुआती रिपोर्टों में कहा गया था कि गायक की मृत्यु स्कूबा डाइविंग दुर्घटना में हुई। मगर, बाद में कहा गया कि उनकी मौत दौरा पड़ने से हुआ। अब जुबीन की मौत की परिस्थितियों की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) गठित कर दी गई। इसके तहत आपराधिक साजिश और गैर इरादतन हत्या जैसे आरोप शामिल हैं। कुछ ऐसी ही रहस्यमय परिस्थितियों में जानी-मानी एक्ट्रेस श्रीदेवी का भी दुबई में असाधारण परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मगर, उनकी मौत का भी राज आज तक राज ही रह गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि दोनों की मौत तब हुई, जब वो देश से बाहर थे और दोनों की ही मौत पानी में डूबने से बताई गई। मगर, कुछ अनसुलझे सवालों को समझते हैं। इस मामले में पूरे असम में 55 एफआईआर दर्ज कराई गई है। वहीं, 4 लोगों को आरोपी बनाया गया है। जुबीन का शव सिंगापुर से भारत आने पर दूसरा पोस्टमार्टम कराया गया, जिससे उनकी मौत का रहस्य और गहरा गया है। असम सीआईडी ने भी व्यापक जांच शुरू की दी है। जिन लोगों पर आरोप हैं, उनमें नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आयोजक श्यामकानु महंत, ज़ुबीन के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा, ड्रमर शेखर ज्योति गोस्वामी और व्यवसायी संजीव नारायण शामिल हैं। इनके खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज की गईं हैं। शिकायतों में गायिका की मौत की संभावित साजिश में उनकी संलिप्तता का आरोप लगाया गया है।

# श्रीदेवी की तरह जुबीन की जान भी सांसत में थी...



# 'दोस्ताना 2' पर काम शुरू

## फिल्म में कार्तिक आर्यन की जगह इस एक्टर को किया गया है कास्ट

करण जौहर की चर्चित फिल्म 'दोस्ताना 2' को लेकर बड़ी खबर सामने आई। पहले इस प्रोजेक्ट में कार्तिक आर्यन, जाह्नवी कपूर और लक्ष्य लालवानी को कास्ट किया गया था, लेकिन विवादों के बाद कार्तिक को फिल्म से बाहर कर दिया गया। अब उनकी जगह दूसरे एक्टर को लिया गया है। कौन? आइए बताते हैं। नेशनल अवॉर्ड विनर विक्रांत मैसी ने कार्तिक आर्यन को रिप्लेस किया है। विक्रांत ने खुद इस बात की पुष्टि की है। दिलचस्प बात यह होगी कि यह उनकी पहली धर्मा प्रोडक्शन फिल्म होगी। विक्रांत के साथ लक्ष्य भी फिल्म में अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म की लीड एक्ट्रेस कौन होंगी, इसका खुलासा अभी नहीं हुआ है। विक्रांत का कहना है कि इस राज से करण जौहर खुद पर्दा उठाएंगे।

सूत्रों के मुताबिक, 'दोस्ताना 2' की शूटिंग यूरोप में होगी और इसमें विक्रांत का बिल्कुल नया अंदाज देखने को मिलेगा। वह डिजाइनर कपड़ों और स्टाइलिश चश्मों में नजर आएंगे। कहा तो ये भी जा रहा है कि करण जौहर जल्द ही फिल्म की बाकी कास्ट और रिलीज डेट का ऐलान करेंगे। साल 2008 में रिलीज हुई करण जौहर प्रोडक्शन की फिल्म 'दोस्ताना' सुपरहिट साबित हुई थी। अभिषेक बच्चन, जॉन अब्राहम और प्रियंका चोपड़ा की इस फिल्म ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर सफलता हासिल की, बल्कि इसके गाने और फैशन ट्रेंड्स भी पॉप कल्चर का हिस्सा बन गए। फिल्म की कहानी दोस्ती और रिश्तों के नए मायनों को लेकर थी, जिसे दर्शकों ने खुले दिल से अपनाया। इसी वजह से 'दोस्ताना 2' को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह है।

